भोपाल
सोमवार, 14 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष-01
वर्ष : 12, अंक : 13
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **



मौसम
अधि. 37
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

डॉ. भीम राव आंबेडकर जयंती



### संविधान निर्माता की जन्मस्थली महू में एक लाख से ज्यादा आएंगे अनुयायी

# बाबा साहेब के नाम पर मोहन सरकार शुरु करेगी नई योजना



हरिभूमि न्यूज ⏭इंदौर

इंदौर के समीप महू में संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर की जन्मस्थली है। यहां हर साल 14 अप्रैल को उनके अनुयायी, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों से आते हैं। उनके आने का सिलसिला रविवार से शुरू हो गया। इंदौर में भी उनकी प्रतिमा को मेयर पुष्य मित्र भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने खुद साफ किया। आंबेडकर जयंती के मौके पर प्रदेश सरकार उनके नाम पर दुग्ध उत्पादन से जुड़ी एक योजना भी शुरू करेगी।

*प्रशासन ने की तैयारी, अनुयायियों के लिए भोजन की व्यवस्था के अलावा टेंट और पेयजल और पंखे, कूलर के इंतजाम भी किए गए*



#### मुख्यमंत्री भी जाएंगे महू

प्रशासन का अनुमान है कि 14 अप्रैल सोमवार को महू में आंबेडकर जयंती के लिए एक लाख से ज्यादा अनुयायी आएंगे। उसके हिसाब से तैयारियां कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रातः 11 बजे भीम जन्म भूमि पहुंचक डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा को नमन करेंगे। इसके बाद अस्थि कलश पर पुष्प वर्षा का बुद्ध वंदना में शामिल होंगे। साथ ही भंते धर्मशील की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर पुस्तक विमोचन कर भीम रत्न अवार्ड भी प्रदान करेंगे। स्मारक स्थल को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। इंदौर से महू तक बसों का संचालन भी किया जा रहा है।

सीएम ने वीसी के माध्यम से दिखाई हरी झंडी

### डॉ. आंबेडकर नगर कोटा-नई दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि डॉ. आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर प्रदेश को डॉ. आंबेडकर नगर-कोटा-नई दिल्ली 20155/56 एक्सप्रेस की सौगात प्राप्त हुई है, जिसके माध्यम से प्रदेश की राजधानी दिल्ली से कनेक्टिविटी बेहतर होगी, प्रदेश के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति मिलेगी तथा यात्रियों को सुगम, सुविधाजनक और किफायती यात्रा प्राप्त हो सकेगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने इस नई ट्रेन के लिए पीएम मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को धन्यवाद ज्ञापित दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैनवासियों को भी इस रेल सेवा से सुविधाजनक समय पर राजधानी दिल्ली से कनेक्टिविटी मिलेगी। उन्होंने बताया कि एक लाख 4 हजार करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाएं प्रदेश में चल रही हैं। इस वित्त वर्ष के केंद्रीय बजट में मध्य प्रदेश को 14 हजार 745 ⏩शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
लखनऊ चेन्नई
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### कानपुर में आरएसएस का 5 दिनी आयोजन



**कानपुर।** आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत 5 दिवसीय प्रवास पर रविवार शाम को वंदे भारत ट्रेन से कानपुर पहुंचे। संघ प्रमुख 14 अप्रैल को संघ दफ्तर नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। संघ के शताब्दी वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रांत और क्षेत्र टोली संग भविष्य की योजनाओं पर मंथन करेंगे।

### पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, 8 की मौत



**अनकापल्ली।** आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में रविवार को एक पटाखा निर्माण इकाई में आग लगने से आठ लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में मारने वाले श्रमिकों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। घटना में सात अन्य लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है।

### मायावती से मांगी माफी आकाश की होगी वापसी



**लखनऊ।** बसपा की मुखिया मायावती से उनके भतीजे आकाश आनंद ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। माफीनामे में उनको अपना गुरु बताया। आगे कहा कि रिश्तेदारों से राय नहीं लेंगे। इस पर मायावती ने ऐलान किया कि आकाश की पार्टी में वापसी होगी।

### केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री शाह ने कहा- अब सहकारिता को जीवंत करने का अवसर

# सहकारी समितियां टिकट बुकिंग, बिल जमा करेंगी, पेट्रोल पंप व गैस एजेंसी भी चलाएंगी



प्रदेश के किसानों के साथ चट्टान की तरह खड़ी है मोदी सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि मप्र में कृषि, पशुपालन और सहकारिता तीनों क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। हमें इन तीनों का शत प्रतिशत दोहन करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना के साथ काम करने की जरूरत है। अब सहकारिता को जीवंत करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां अब टिकट बुकिंग, बिल जमा करने, पेट्रोल पंप व गैस एजेंसी चलाने जैसी गतिविधियां भी संचालित करेंगी। इस पर तेजी से काम शुरू हुआ है।

पहले छोटे-मोटे फाइनेंस के कार्य करने वाले पैक्स अब 20 से ज्यादा कार्य कर रहे हैं। पैक्स ⏩शेष पेज 6 पर

◆ शाह राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) एवं मप्र डेयरी फेडरेशन (एमपीसीडीएफ) तथा दुग्ध संघों के मध्य अनुबंध (एमओयू) में शामिल हुए



सहकारी गतिविधियों से होने वाली आय किसानों के खातों में आएगी, मुनाफा किसानों को मिलेगा सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार के मार्गदर्शन में सहकारी आंदोलन में आया क्रांतिकारी परिवर्तन



#### केंद्रीय सहकारिता मंत्री प्रबंधन में पारस की तरह : सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय मंत्री शाह के कुशल प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि वे पारस की तरह हैं। उनके पास जो विभाग आ जाए वह सोना हो जाता है। उनकी उपस्थिति में हो रहे अनुबंध से प्रदेश में नई संभावनाओं के द्वार खुल रहे हैं। राज्य सरकार ने दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा है।

#### बीते साढ़े तीन साल में सहकारिता में बड़े बदलाव

*शाह ने कहा कि राज्यों में पहले कृषि, पशुपालन और सहकारिता को बढ़ाने का कोई विजन नहीं था। किंतु देश के दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के 75 साल बाद पहली बार सहकारिता मंत्रालय बनाया। इसके पहले मंत्री होने के नाते हमने बीते साढ़े तीन साल में इस क्षेत्र में कई बड़े बदलाव किए। सहकारिता मंत्रालय ने अपना पहला काम कृषि समितियों के लिए आदर्श बायलॉज बनाकर इन्हें राज्यों को भेजने का किया। आज संपूर्ण भारत ने इस मॉडल बायलॉज को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि जब आपकी नीयत ठीक हो तो नतीजे भी अनुकूल आते हैं। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने बीज सहकारिता के तहत ढाई एकड़ वाले किसान को भी मान्यता दी है। मप्र में प्रति वर्ष साढ़े 5 करोड़ लीटर की दूध उत्पादन क्षमता है, जो देश का 9 प्रतिशत है। यहां के किसानों को सहकारी डेयरी के साथ जोड़ना है। खुले बाजार में दूध बेचने पर उन्हें सही कीमत नहीं मिल पाती।* ⏩पढ़ें पेज 05भी

पीएम मोदी ने सीएम डॉ. यादव की सराहना की

# भारतीय संस्कृति की पहचान विक्रम संवत



ऊर्जावान सीएम के मार्गदर्शन में विक्रमादित्य की गौरवगाथा और वैभव को जन-जन तक पहुंचाने का यह प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किए गए विक्रमोत्सव की चर्चा पूरे भारत में हो रही है। 12 से 14 अप्रैल तक दिल्ली के लाल किला के माधवदास पार्क में विक्रमादित्य महानाट्य का आयोजन जारी है। 12 अप्रैल को सीएम डॉ. मोहन यादव, दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल हुए. इस लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीएम डॉ. मोहन यादव की तारीफ की। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में कहा कि मुझे खुशी है कि मध्य प्रदेश के ऊर्जावान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में ⏩शेष पेज 6 पर

विधायक पुत्र द्वारा पुजारी से मारपीट का मामला

# दो वाहन चालकों पर एफआईआर पुलिस बोली- हम 'जांच' कर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭देवास

■ अभी भी एफआईआर में विधायक के बेटे का नाम नहीं



भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के बेटे रुद्राक्ष द्वारा वाहनों के काफिले के साथ माता टेकरी पहुंचने और पुजारी से मारपीट और उत्पात मचाने के मामले में पुलिस ने रविवार को एक और एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर में विधायक के बेटे का नाम नहीं है। इससे पहले शनिवार को एक वाहन चालक पर एफआईआर दर्ज हुई थी। पुलिस ने मारपीट, गाली गलौज के अलावा मोटर व्हीकल सहित बीएनएस की धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया है। पुलिस ने वाहनों चालकों द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने, वाहनों पर ⏩शेष पेज 6 पर

### कुल 9 आईएएस अफसरों के तबादले

# चार कलेक्टर बदले, जनसंपर्क संचालक गुप्ता विदिशा कलेक्टर

नीरज कुमार सिंह को उज्जैन व द्विवेदी को अशोकनगर से हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राज्य शासन ने अवकाश के दिन 4 जिलों के कलेक्टरों को हटा दिया। इसमें से दो को अन्यत्र जिलों में कलेक्टर बना दिया गया, जबकि बाकी दो को मंत्रालय में पदस्थ किया गया है। कुल 9 आईएएस अफसरों के तबादले किए गए। जबकि तीन आईएएस अफसरों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

जनसंपर्क संचालक अंशुल गुप्ता को विदिशा कलेक्टर बनाया है। जबकि विदिशा कलेक्टर रहे रोशनकुमार सिंह को उज्जैन की जिम्मेदारी दी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक) से जारी आदेश के अनुसार बसंत कुर्रे को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से मंत्रालय भेजा गया है। वे



अंशुल गुप्ता



बसंत कुर्रे



रोशन कुमार

काफी समय से वहां से निकलने के लिए प्रयासरत थे। जबकि उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह को भी हटा दिया गया। उन्हे संचालक परियोजना स्वास्थ्य विभाग बनाया गया है। सिंह को करीब एक पखवाड़े से हटाए जाने ⏩शेष पेज 6 पर

### ट्रक ने पिकअप को मारी टक्कर

# एक महिला की मौत, 14 बाराती घायल, इलाज जारी

**रीवा।** रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र में शादी समारोह से लौट रहे बारातियों की पिकअप को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, वहीं 14 लोग घायल हो गए।



■ वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे थे

घायलों को रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एडिशनल एसपी विवेक लाल ने बताया कि सेमरिया थाना क्षेत्र के सांव गांव के साकेत परिवार के लोग मऊगंज जिले के देवतालाब में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। इस दौरान कोस्टा में जिउला के पास तेज रफ्तार ट्रक से पिकअप की भिड़ंत हो गई, जिससे ट्रक पलट ⏩शेष पेज 6 पर

हनुमान जयंती पर पथराव का मामला

# नौ गिरफ्तार, वीडियो और सीसीटीवी फुटेज जांच कर पहचान में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

■ घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग



शहर में हनुमान जयंती के जुलूस के दौरान पथराव किए जाने के मामले में पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उधर, हिंदू संगठनों ने आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग को लेकर एसपी ऑफिस के सामने प्रदर्शन किया। हालांकि, दूसरे दिन रविवार को स्थिति सामान्य रही, बाजार भी खुले। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना कर्नलगंज इलाके में एक मस्जिद के पास शनिवार शाम करीब सात बजकर 45 मिनट ⏩शेष पेज 6 पर

गुर्जर समाज का बड़ा निर्णय

# 'सड़क' पर डांस नहीं कर पाएंगी महिलाएं, डीजे बजाया तो जुर्माना

11 हजार जुर्माना नहीं देने पर 6 माह के लिए समाज से बहिष्कृत होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

गुर्जर समाज की शादी, विवाह या खुशी के किसी भी अवसर पर अब डीजे नहीं बजाया जाएगा।

किसी ने डीजे बजाया तो उसे 11 हजार रुपए का जुर्माना देना होगा, जुर्माना नहीं देने पर 6 माह के लिए समाज से बहिष्कृत किया जाएगा। इसके अलावा अब समाज की महिलाएं सड़क पर डांस नहीं करेंगी। यह निर्णय रविवार को भुआणा प्रांतीय गुर्जर सभा की



बैठक में हरदा में लिया गया। हरदा के गुर्जर मंगल भवन में भुआणा प्रांतीय गुर्जर सभा की कार्यकारिणी की बैठक हरगोविंद मोकाती की अध्यक्षता में हुई। गुर्जर समाज द्वारा समाजहित ⏩शेष पेज 6 पर

## तीन दिन बाद गर्मी के तेवर और 'गर्म' होने की संभावना

भोपाल में एक डिग्री बढ़कर अभी पारा 40 डिग्री से कम

# 40 डिग्री तापमान के बीच दर्जनभर से ज्यादा जिलों में आंधी-बारिश,कुछ जगह ओले गिरे

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में रविवार को मौसम मिला-जुला रहा। प्रदेशभर में दिन का तापमान लगातार तीसरे दिन 40 डिग्री तक रहा। कहीं लू नहीं चली। अब सोमवार के बाद से गर्मी में बढ़त शुरू हो जाएगी।

दो से तीन दिन बाद फिर से तेज गर्मी का सिलसिला शुरू होने की उम्मीद है। रविवार शाम तक एक दर्जन से अधिक जिलों में आंधी-बारिश के साथ ओले गिरे तो कुछ में धूप का असर बढ़ने से पारे में कुछ बढ़ोतरी रही। भोपाल में पारा दशमलव ⏩शेष पेज 6 पर

रात में भी डेढ़ डिग्री की गिरावट के साथ पारा 22.8 डिग्री



सतना में बारिश के साथ ओले गिरे

#### आज यहां आंधी बारिश-ओले

मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार को सिंगरौली, सतना, उमरिया, कटनी, मैहर जिलों में आंधी, बारिश के साथ ओले गिरेंगे। बुरहानपुर, बड़वानी, ग्वालियर, दतिया, भिंड जिलों में भी आंधी, बारिश के साथ कुछ जगह ओले का अनुमान है। वहीं, नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा, खरगोन, शिवपुरी, ⏩शेष पेज 6 पर

#### कुछ जगहों पर मटर से बड़े आकार के ओले गिरे

बड़वानी, खरगोन बुरहानपुर के अलावा डिंडोरी, अनुपपुर, दमोह, जबलपुर, आगर, राजगढ़, खरगोन, खंडवा, ओंकारेश्वर, विदिशा और सागर में आंधी बारिश के साथ कुछ जगहों पर मटर से बड़े आकार के ओले गिरे। वहीं, गुना, अशोकनगर, रायसेन, पन्ना में बूंदाबांदी रही। नरसिंहपुर, उज्जैन, शाजापुर हल्की आंधी के साथ बादल छाए रहे। शाम के समय हरदा, कटनी, उमरिया, शहडोल, मंडला, सिंगरौली, छिंदवाड़ा, सिवनी और बालाघाट जिले में आंधी के साथ कुछ जगह बारिश हुई।



## भारत के संविधान निर्माता
## भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर
## की 135वीं जयंती पर सादर नमन

# उद्यमिता की शक्ति लाएगी समृद्धि



# डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना

## 25 दुधारू पशुओं की डेयरी इकाई लगाने के लिए
# ₹42 लाख तक ऋण सहायता

**पात्रता -** 3.50 एकड़ कृषि भूमि एवं डेयरी फार्मिंग में प्रशिक्षण | **सब्सिडी** 25% से 33% | **पहले आएं, पहले पाएं** पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें

- **मुख्यमंत्री उद्यमिता कार्यक्रम के अंतर्गत-** पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन, डेयरी किसानों की आय में वृद्धि और डेयरी क्षेत्र में रोज़गार के नए अवसरों का होगा निर्माण।
- **उन्नत नस्लों से बढ़ेगी आय -** भ्रूण प्रत्यारोपण कार्यक्रम और बांझ निवारण शिविरों के माध्यम से पशुओं की नस्ल सुधारने के कार्यक्रम।
- **मुख्यमंत्री डेयरी प्लस कार्यक्रम -** किसान आधुनिक डेयरी तकनीक और बाजार से जुड़ेंगे।
- **उत्कृष्टता को सम्मान -** प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ गौवंशीय और उन्नत नस्ल की दुधारू गायों के लिए पुरस्कार कार्यक्रम।
- एक हितग्राही को अधिकतम आठ इकाइयां लगाने की पात्रता होगी।

*प्रदेश में गौ-पालकों और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए "डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना" शुरू की जा रही है। गौ-माता की सेवा हमारी संस्कृति एवं संस्कारों का अहम हिस्सा है। हमने यह वर्ष गौ-माता की सेवा को समर्पित किया है।*

*प्रदेश में गौ-शालाओं के माध्यम से गौ-सेवा की नई इबारत लिखी जाएगी और नई दुग्ध क्रांति लाई जाएगी। स्वावलंबी गौ-शालाओं की स्थापना नीति-2025 के तहत पंजीकृत गौ-शालाओं के गौ-वंश हेतु अनुदान अब ₹20 से बढ़कर ₹40 प्रति गौवंश प्रति दिवस मिलेगा। हमारा प्रयास है कि दुग्ध उत्पादकों को दुग्ध के बेहतर दाम मिलें, इस दिशा में हम तेजी से प्रयास कर रहे हैं।*

-**डॉ. मोहन यादव**, मुख्यमंत्री

**डॉ. भीमराव अम्बेडकर अभ्यारण्य के रूप में सागर जिले में 258.64 वर्ग किमी क्षेत्र में प्रदेश का 25वां अभ्यारण्य घोषित।**

**वन्य जीवन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए अहम निर्णय।**



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

D-11011/25

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 14 अप्रैल 2025

5 मप्र के 50% गांवों तक सहकारिता-डेयरी...



10 वन्यजीवों की गर्मी से सुरक्षा, वन विहार में वन्यप्राणियों...





आरोप: मैनिट प्रबंधन से कई शिकायतों के बावजूद नहीं सुधरी मेस व्यवस्था

# मैनिट के 30 छात्र फूड प्वाइजनिंग के शिकार, अस्पताल किए रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में प्रशासन स्तर पर हो रही लापरवाही और अनदेखी में कोई कमी होती नहीं दिख रही है। इसका ताजा उदाहरण मैनिट होस्टल में रहने वाले डेढ़ दर्जन से अधिक छात्रों को दूषित भोजन और पानी से फूड प्वाइजनिंग की शिकायत होना है।

शुक्रवार शाम और शनिवार सुबह छात्रों को परोसे गए भोजन के बाद दर्जनों छात्रों की तबीयत बिगड़ गई। छात्रों को उल्टी, पेट दर्द और सिर दर्दके साथ ही घबराहट आदि जैसे लक्षण हुए, जिसके बाद कई को शारदा अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

प्रभावित छात्रों में अधिकांश प्रथम वर्ष के बताए जा रहे हैं। इस मामले में छात्र संगठनों का आरोप है कि हॉस्टल के भोजन की गुणवत्ता लंबे समय से खराब बनी हुई है। इस संबंध में मैनिट प्रशासन को कई बार शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### भोजन के साथ पानी भी मिलता है दूषित, कमरों की हालत खस्ता



*इधर, छात्र संगठनों ने मैनिट प्रशासन पर केवल भोजन में ही नहीं, कई अन्य अव्यवस्थाओं को लेकर भी आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि मेस में खाने की क्वालिटी लंबे समय से बेहद खराब है। यहां तक कि कई बार पानी भी दूषित ही मिलता है। कमरों में पंखे, कूलर से लेकर अन्य कई समस्याएं लंबे समय में बनी हुई हैं। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। बताया गया है कि शुक्रवार से शनिवार सुबह तक करीब 15 छात्रों ने स्वास्थ्य बिगड़ने की शिकायत की थी, जिन्हें डॉक्टरों ने उपचार दिया, जबकि कुछ को अस्पताल रेफर किया गया है। इधर, सूत्रों के अनुसार रविवार सुबह से शाम तक 20 से अधिक छात्र इलाज के लिए पहुंचे। डॉक्टरों का मानना है कि मामला फूड प्वाइजनिंग का हो सकता है। फिलहाल, रविवार शाम तक छात्रों की स्थिति स्थिर बनी रही है।*

### मैनिट पीआरओ ने कहा 150 नहीं, 15 बीमार

*इधर, मैनिट प्रशासन की ओर से पीआरओ डॉ. राहुल शर्मा ने एक व्हाट्सएप ग्रुप पर इस मामले में स्पष्टीकरण देते हुए बताया कि 150 छात्रों के बीमार होने की बातें कही जा रही हैं, लेकिन करीब 15 छात्रों के आसपास ही बीमार हैं, जिन्हें डाक्टरों द्वारा उपचार दिया जा रहा है।*

### जनसंपर्क अधिकारी नहीं उठा रहे फोन

इस मामले में मैनिट प्रशासन का कोई जिम्मेदार अधिकारी बोलने के लिए उपलब्ध नहीं हो सका है। यहां तक कि मैनिट के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. राहुल तिवारी ने भी कई बार फोन लगाने पर कॉल रिसीब नहीं किया।

## खाद्य विभाग ने मैनिट कैंटीन से लिए नमूने



*भोपाल। मैनिट में छात्रों के बीमार होने की जानकारी के बाद जिला खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अमले ने मैनिट कैंटीन का जायजा लिया और खाद्य पदार्थों के नमूने भी इकट्ठे किए। अमले ने पकाई गई खाद्य सामग्री के अलावा बिना पके अनाज के नमूने भी एकत्रित किए हैं और इन्हें जांच के लिए ईदगाह हिल्स स्थित राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा है। बता दें कि रविवार को मैनिट के हॉस्टल नंबर 4 के छात्र भोजन के बाद बीमार हो गए थे। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य अमले ने मैनिट पहुंचकर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए और स्टेट फूड लैब भेजे।*

### इन खाद्य पदार्थों के लिए गए नमूने

अमले ने पैकेटों में मौजूद बिना पके चावल, बेसन, तुअर दाल और आटे के नमूने एकत्रित किए। इसी के साथ रविवार को दोपहर के भोजन में बनाए गए चावल और पनीर की सब्जी के नमूने भी लिए गए हैं और इन्हें जांच के लिए भेजा गया है।

अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही हुई मौत

# हमीदिया से भागा रैबीज का मरीज, परहेज नहीं करने पर बिगड़ी तबीयत, हो गई मौत

*एक महीने पहले आवारा कुत्ते ने था काटा, डॉक्टर ने तेल घी से बना खाना खाने किया था मना*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया अस्पताल में भर्ती रैबीज से संक्रमित मरीज शनिवार दोपहर दो बजे अस्पताल से भाग निकला। अस्पताल से भागकर वह सीधा लालघाटी पहुंचा और एक धार्मिक आयोजन में खाना खा लिया। खाना खाने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ी और पत्नी उसे अस्पताल लेकर पहुंच रही थी, लेकिन इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। उसकी मौत के बाद पत्नी और दो बच्चे कई घंटे तक शव के पास बैठे रहे। आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। डॉक्टर का कहना है कि रैबीज से संक्रमित होने के कारण उसे अस्पताल में भर्ती किया गया था। उसे परहेज करते हुए इलाज कराना था, लेकिन वह डॉक्टर के डिस्चार्ज किए बिना ही चला गया।



ब्रिज के नीचे शव के पास विलाप करता परिवार।

### नहीं लगवाए थे एंटी रैबीज के इंजेक्शन

पुलिस के अनुसार मूलरूप से जिला सागर निवासी बबलू राणा (32) सिंगारचोली ब्रिज के नीचे झुग्गीबस्ती में रहता था। वह मजदूरी करता था। सुनीता नाम की महिला अपने दो बच्चों के साथ बबलू के साथ रहती है। सुनीता के पिता ने उसे छोड़ दिया है। बबलू ने उसे और बच्चों को अपने पास रख लिया था। सुनीता ने पुलिस को बताया कि करीब एक महीने पहले आवारा कुत्ते ने बबलू के हाथ व पैर में बुरी तरह से काट लिया था। कुत्ते के काटने को बबलू ने नजरअंदाज कर दिया और इलाज नहीं कराया। उसने इंजेक्शन तक नहीं लगवाए थे।

### मुंह से झाग के साथ निकालने लगा था तरह-तरह की आवाज

*इलाज नहीं होने से उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और मुंह से झाग निकलने लगा। वह तरह तरह की आवज निकालने लगा। 11 अप्रैल को सुनीता बबलू को हमीदिया लेकर पहुंची, वहां जांच में पता चला कि उसे रैबीज संक्रमण हो गया है। एक दिन भर्ती रहने के बाद 12 अप्रैल की बबलू निकल गया। यहां वहां घूमने के बाद लालघाटी पहुंचा और धार्मिक आयोजन में उसने खाना खा लिया। फिर झुग्गी में आया और सो गया। कुछ ही देर में उसे उल्टियां होने लगीं और शाम करीब चार बजे उसकी मौत हो गई।*

### आज सरकारी अस्पतालों में 3 घंटे की ओपीडी

**भोपाल**। सोमवार को राजधानी के सरकारी अस्पतालों की ओपीडी सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित होगी। दरअसल, लगातार शनिवार-रविवार दो दिन अवकाश होने के बाद सोमवार को भी अवकाश के दिन ओपीडी संचालित किए जाने के संबंध में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा निर्देश दिए गए हैं।

अवकाश होने के कारण मरीजों को उपचार लेने में असुविधा न हो, इसे देखते हुए सीएमएचओ कार्यालय द्वारा तीन घंटे की ओपीडी संचालित रखने के निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को भी उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

दलालों के चलते आम यात्रियों का टिकट प्राप्त करना हुआ मुश्किल

# रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर तत्काल टिकट में धांधली, यात्रियों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर तत्काल आरक्षण में बड़े पैमाने पर धांधली का मामला सामने आया है। दलालों की सक्रियता के चलते आम यात्रियों का तत्काल टिकट प्राप्त करना बेहद मुश्किल हो गया है। शनिवार को यात्रियों ने स्टेशन पर जोरदार हंगामा किया और आरपीएफ अधिकारियों पर मिली भगत के आरोप लगाए। घटना के अनुसार, अहमदाबाद, बरौनी जाने के लिए तत्काल टिकट बनवाने आए मिन्हाज आलम और अजमल का टोकन नंबर सबसे पहला था, बावजूद इसके उन्हें टिकट नहीं मिल सका। यात्रियों ने आरोप लगाया कि जिस आरक्षण काउंटर पर उनका नंबर था, वहां से दलाल ने आरक्षण बाबू को कहकर नंबर दूसरी खिड़की पर शिफ्ट करवा दिया, जहां किसी अन्य व्यक्ति का टिकट बना दिया गया।

### आरोपः टोकन सिस्टम दलालों के कब्जे में

यात्रियों का कहना है कि टोकन सिस्टम पूरी तरह दलालों के नियंत्रण में है और टिकट उसी का बनता है जो इनके इशारे पर चलता है। जब यात्रियों ने इसका विरोध किया और शिकायत पुस्तिका की मांग की, तो संबंधित अधिकारियों ने मामले को दबाने का प्रयास किया। यात्रियों के अनुसार, जब उन्होंने अपनी शिकायत दर्ज करवाने की कोशिश की तो आरपीएफ एसएचओ ने शिकायतकर्ता को धमकी दी कि ज्यादा होशियारी मत दिखाओ, नहीं तो हाथ-पैर तोड़ दूंगा, भाग जाओ यहां से। साथ ही शिकायत की रिसीविंग देने से भी इनकार कर दिया गया। यात्रियों के दबाव में अधिकारियों को शिकायत पुस्तिका देनी पड़ी, जिसमें लिखित रूप में शिकायत दर्ज की गई है। इस पूरे मामले ने रेलवे प्रशासन की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।




Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financer, subject to its respective T&Cs. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. Ex-showroom prices are applicable in Bhopal. #Cash bonus Offer valid on HF self and kick variants. *Terms & Conditions apply.

**अधिकृत डीलरः भोपाल:** वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, **बैतूल:** खण्डेलवाल हीरो9289922624, **सीहोर:** मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, **ब्यावरा:** आनंद हीरो 9289922871, **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **अशोक नगर:** आरव हीरो 9821743269, **होशंगाबाद:** पुण्यशिला हीरो 9289922360, **हरदा:** राहुल हीरो 9289922491, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **दमोह:** इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, **सागर:** सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, **टीकमगढ़:** आनंद हीरो 9289923112, **छतरपुर:** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **ग्वालियर:** तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), **भिण्ड:** शिवम हीरो 9289922787, **दतिया:** शिव हीरो 9289923172, **मुरैना:** गगन हीरो 9289922678, **श्योपुर:** आशीष हीरो 9289922832, **शिवपुरी:** रघुवंशी हीरो 9289922571, **अशोक नगर:** आरव हीरो 9821743269, **इंदौर:** पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, **बड़वानी:** शर्मा हीरो 9289922742, **बुरहानपुर:** श्रीजी हीरो 9289922372, **देवास:** खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), **धार:** साक्षी हीरो 9289922618, **हाट पिपलिया:** श्रीराम हीरो 9289923154, **झाबुआ:** नाकोड़ा हीरो 9289922679, **कुक्षी:** अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, **खण्डवा:** ठक्कर हीरो 9289923018, **खरगोन:** निमाड़ हीरो 9289922378, **महू:** लक्ष हीरो 9289923176, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **सनावद:** राजेश हीरो 9289922774, **एसोशिएट डीलर: आष्टा:** श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, **बगदोना:** आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, **बरेली:** श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, **भोपाल:** मानिक मोटर्स 8827379110, **बंडा:** श्रुति मोटर्स, 7879573737, **नसरुल्लागंज:** जीवन मोटर्स 9977926838, **गंजबासोदा:** ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, **इटारसी:** टेवा मोटर्स 9425630406, **जतारा:** शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, **करेरा:** आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, **पिपरिया:** राज मोटर्स 7576454997, **नरसिंहगढ़:** गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, **पचोर:** प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, **रायसेन:** युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, **बीना:** राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, **टीकमगढ़:** एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, **खरगापुर:** हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, **राघोगढ़:** बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, **श्यामपुर :** गोपी मोटर्स 9111009671, **लटेरी:** श्याम हीरो 7748890061, **जामनेर:** अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, **सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज**, 9425344557, **सियाराली: भयरे मोटर्स**, 9981247007, **टिमरनी :** गंगोत्री मोटर्स 9755101902, **अम्बाह-**उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, **डबरा:** दुर्गा एजेन्सी 9926746001, **करेरा:** आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, **पिछोर:** दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, **सबलगढ़:** शिवम मोटर्स 9893085461, **कोलारस:** भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, **बैराड़:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, **बदरवास:** बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, **गोहद:** ओम साई मोटर्स 8358994876, **लहार:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, **अलीराजपुर:** विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 **अंजड़:** न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, **बदनावर:** नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, **बेड़िया:** कृष्णा मोटर्स 7428494667, **बामनियां:** अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, **छनेरा:** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **बेटमा:** अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, **धामनोद:** अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, **इंदौर:** गीतांजलि मोटर्स 9630099725, क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, **मुंडी:** अभिषेक मोटर्स 7428390273, **पानसेमल:** हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, **पेटलावद:** भंडारी अभिकरन 9977287143, **धरमपुरी:** कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, **राऊ:** अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, **सेंधवा:** डीलक्स मोटर्स 7428295060, **निवाली :** श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, **पुंजापुरा: पटेल मोटर्स** 9755567226, **सतवास: शिवम मोटर्स** 9826088351, **नागदा:** कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, **सिंघोट:** आकाश मोटर्स 7428494665, **सोनकच्छ:** भारत मोटर्स 9826607753, **घाटाबिल्लौद:** लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, **खाचरोद:** जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, **मांगलिया:** श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **भिण्ड :** शिवम् मोटर्स 9289922787, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **छनेरा :** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **सारंगी:** श्री मोटर्स, 9340927342.

LOK | SAATCHI & SAATCHI

# राजधानी में धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया बैसाखी पर्व, गुरुद्वारों में सजे कीर्तन दरबार

## देश में सुख-समृद्धि और शांति के लिए गुरुद्वारों में की अरदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





खालसा पंथ सृजना दिवस बैसाखी पर्व रविवार को सिख समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान गुरुद्वारों में कीर्तन दरबार सजे हैं। टीटी नगर, साकेत नगर, आनंद नगर सहित सभी गुरुद्वारों में श्रद्धालुओं का तांता लगा है। देश में सुख-समृद्धि के लिए गुरुद्वारों में अरदास की गई। गुरुद्वारों में सुबह से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था, जोकि देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान लंगर का आयोजन किया गया। तो वहीं कई जगहों पर लोगों ने समाज सेवा के तहत लोगों को ठंडे पानी व शरबत आदि पिलाया गया। इसी के तहत बैसाखी का पावन पर्व रविवार को गुरुद्वारा टीटी नगर में श्रद्धा भक्ति एवं हर्ष उल्लास के साथ में मनाया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहब जी के चरणों में माथा टेका और अपने श्रद्धा के फूल श्री गुरु ग्रंथ साहब जी के चरणों में भेंट किए। लंबी-लंबी कतारों में सुबह से ही श्रद्धालु आना शुरू हो गए थे।

## विशेष प्रार्थनाएं कर भोपाल के गिरजाघरों में मनाया पाम संडे



**भोपाल।** ईसाई समाज ने पाम संडे (पाम संडे) मनाया। शहर के गिरजाघारों में देश-दुनिया में शांति के लिए विशेष प्रार्थनाएं हुईं। गिरजाघरों में सुबह आठ बजे श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ शुरू हुआ। खजूर की डालियों को पकड़ कर होसन्ना गाते हुए जुलूस की शक्ल में गिरजाघरों में लोगों ने प्रवेश किया। इस अवसर पर भेल गोविंदपुरा, संत हिरदाराम नगर, 11 नंबर, बड़झिरी, कोलार सहित अन्य गिरिजाघरों में आयोजन हुए। भेल गोविंदपुरा चर्च के फादर अनिल मार्टिन के नेतृत्व में प्रार्थना की गई। साथ ही शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

### बड़झिरी की संत माइकल चर्च पहुंचे आर्चबिशप

*संत हिरदाराम नगर की क्राइस्ट द किंग गिरिजाघर में सुबह आठ बजे विधि-विधान से धार्मिक अनुष्ठान हुए। शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग मौजूद रहे। तो वहीं बड़झिरी की संत माइकल चर्च में भोपाल धर्मप्रांत के आर्चबिशप एएएस दुरईराज शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोगों ने प्रभु का शांति और उम्मीद के प्रतीक के रूप में स्वागत किया। उसी तरह हमें भी अपने जीवन में शांति और सद्भाव को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि ईसा मसीह का जीवन हमें प्रेम, करुणा और सेवा का मार्ग दिखाता है। 19 अप्रैल को मसीही समाज द्वारा शांति और सद्भाव के लिए भारत माता चौक से पैदल यात्रा आयोजित की जाएगी।*



### भागवत कथा सुनाते हुए सुशील महाराज बोले

## जीवात्मा का परमात्मा से मिलन कराती है श्रीमद् भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मां शीतला माता मंदिर जनता नगर करोंद में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का रविवार को समापन हो गया। कथावाचक पंडित सुशील महाराज ने भागवत कथा के अंतिम दिन राजा परीक्षित प्रसंग का सुंदर वर्णन किया। पं सुशील महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा एक ऐसी दिव्य कथा है, जो जीवात्मा का परमात्मा से मिलन कराती है। भागवत कथा कलयुग में मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करने वाली है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य ही नहीं कोई भी प्राणी मात्र यदि सच्चे मन से भागवत कथा का श्रवण कर लेता है तो वह जन्म जन्मांतर के कष्टों से मुक्ति पा लेता है। रविवार को श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर भगवान श्री राधाकृष्ण की बड़ी सुंदर झांकी सजाई गई। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में भगवान के भजन कीर्तन से माहौल को भक्ति मय बना दिया।

### मंत्री सारंग ने की व्यास पीठ की पूजा

सहकारिता और खेल मंत्री विश्वास सारंग मां शीतला माता मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर सम्मिलित हुए। सारंग ने व्यास पूजन करते हुए व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। सारंग ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से सभी भय बंधन कट जाते हैं, हमें अपनी संस्कृति और सनातन परंपराओं का अनुसरण करते हुए प्रभु के नाम का श्रवण, चिंतन और मनन अवश्य करना चाहिए।

### झरनेश्वर मंदिर में भागवत कथा शुरू



**भोपाल।** झरनेश्वर मंदिर जवाहर चौक में श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। एन के रिछारिया ने बताया कि बैंडबाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जोकि मुख्य मार्गों से गुजरती हुई कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। कथा 13 से 20 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। इस मौके पर भागीरथ रिछारिया व विनोद रिछारिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## श्रीमद् भागवत कथा आज से होगी शुरू, कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु



**भोपाल।** अयोध्या नगर बायपास पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास वाले मैदान पर श्रीमद् भागवत कथा सोमवार से शुरू हो रही है। 20 अप्रैल तक चलने वाली कथा में वृंदावन से आए कथावाचक डॉ. संजयकृष्ण सलिल महाराज श्रद्धालुओं को भागवत कथा सुनाएंगे। शाम चार से शाम सात बजे तक शहरवासी कथा सुन सकते हैं। रविवार को कथा स्थल पर तैयारियां पूरी हो गईं। कथावाचक सलिल महाराज ने कहा कि सात दिनों तक इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएं। कथा सुनने का लाभ उठाएं। सलिल महाराज ने कहा कि देश में धार्मिक स्थलों का विकास व विस्तार जरूरी है। उज्जैन महाकाल लोक, काशी सहित जितने भी धार्मिक स्थलों का विस्तार व विकास चल रहा है। कथा के एक दिन पहले रविवार को कलश यात्रा निकाली गई। थावाचक सलिल महाराज रथ पर सवार हुए। पीली साड़ियों में महिलाएं सिर पर कलश लेकर चलीं। यात्रा विभिन्न मार्गों से वापस आयोजन स्थल पर पहुंची।

## अमरनाथ यात्रियों के लिए चिकित्सा प्रमाण पत्र बनाने की अलग से व्यवस्था की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



ओम शिव शक्ति सेवा मंडल ने अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले लोगों का चिकित्सा प्रमाण पत्र बनाने की व्यवस्था अलग से कराने की मांग श्राइन बोर्ड से की है। मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि तीन जुलाई से अमरनाथ यात्रा शुरू हो रही है, जो 9 अगस्त रक्षाबंधन तक चलेगी। इस बार कुल 38 दिनों की यात्रा रहेगी।

अभी चिकित्सा प्रामण-पत्र बनाने के लिए सात डॉक्टर अधिकृत किए गए हैं, लेकिन देखने में यह आ रहा है कि सात डॉक्टर होने के बावजूद भी अमरनाथ यात्री कंपलसरी चिकित्सा प्रमाण-पत्र बनाने के लिए परेशान हो रहे हैं। मंडल ने मप्र सरकार से भी मांग की है कि अमरनाथ यात्रियों को चिकित्सा प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अलग से व्यवस्था की जाए।

### आज धूमधाम से मनाई जाएगी बाबा साहेब की जयंती, शहर में कई स्थानों पर होंगे कार्यक्रम

# बाबा साहेब के जयकारे लगाते हुए पूर्व संध्या पर निकाली रैली, अनुयायियों के साथ मंत्री सारंग ने भी लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती सोमवार को श्रद्धा व उत्साह से मनेगी। शहर में कई स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे। केक काटकर बाबा साहब की जयंती मनाई जाएगी। इसे लेकर बाबा साहब के अनुयायियों के अलग-अलग संगठनों ने तैयारियां की हैं।

बोर्ड ऑफिस चौराहे पर बाबा साहब की प्रतिमा के आसपास साज-सज्जा की गई है। बाबा साहब की जयंती की पूर्व संध्या पर शनिवार को कई कार्यक्रम हुए। अनुयायियों ने रैली निकाली। तुलसी नगर स्थित आंबेडकर मैदान से रात्रि में मोमबत्ती रैली निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए रात 12 बजे बोर्ड ऑफिस चौराहा आंबेडकर जयंती प्रतिमा के समक्ष पहुंची।

*केक काटकर बाबा साहब की जयंती मनाई जाएगी*

*अलग-अलग संगठनों ने जन्म दिन मनाने की तैयारी की*

*बाबा साहब की प्रतिमा के आसपास साज-सज्जा की गई*

### शौर्य स्मारक से निकाली गई जय भीम पद यात्रा



बाबा साहब की जयंती की पूर्व संध्या पर शौर्य स्मारक से जय भीम पद यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, खिलाड़ी शामिल हुए। इस दौरान मंत्री विश्वास सारंग हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे थे। इस यात्रा में महापौर मालती राय भी शामिल हुई।

### देर रात आतिशबाजी की गई और केक काटा गया

बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री, चुनाभट्टी, कोलार रोड भोपाल में दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ, अहिरवार समाज संघ, दलित इंडियन चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की), जागड़ा महासभा, अखिल भारतीय मेहरा समाज महासंघ, राष्ट्रीय बौद्ध महासभा एवं सैकड़ों सामाजिक समाज सेवी संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. बाबा साहब आंबेडकर की 134वीं भीम जयंती संयुक्त महोत्सव मनाया जाएगा। विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं द्वारा शनिवार रात 10:30 बजे से महा समारोह, बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री, चुनाभट्टी कोलार रोड पर आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित किए।

### आंबेडकर जयंती पर लगाया जाएगा निःशुल्क चिकित्सा शिविर

सेंट्रल ग्रुप के हेल्थकेयर सेक्टर के अंतर्गत, प्रथम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर कोलार क्षेत्र में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। सेंट्रल ग्रुप के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नितिन वर्मा ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर में करीब 500 लोगों की जांच का लक्ष्य रखा गया है। सेंट्रल ग्रुप मानव एवं समाज सेवा में समर्पित कार्य कर रहा है। जोकि मप्र ही नहीं अन्य राज्यों में लोगों की निःशुल्क सेवा कर रहा है।



बोर्ड ऑफिस चौराहे पर मंत्री सारंग और महापौर ने आंबेडर की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



तुलसी नगर बुद्ध विहार में आंबेडकर जयंती की पूर्व संख्या पर कैंडल जलाई।

### विभिन्न स्थानों से निकलेंगी झांकियां

शहर के विभिन्न नगरों से पंचशील नगर, राहुल नगर, आंबेडकर नगर, ललिता नगर, गांधी नगर, प्रियदर्शिनी नगर, अशोका गार्डन, बागसेवनिया से बाबासाहेब आंबेडकर की जीवन प्रसंग पर बनी झांकियां निकाली जाएंगी।

## आज बदली रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर यातायात जोन 2 क्षेत्र बोर्ड ऑफिस चौराहा पर आम जन की सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए एवं सुरक्षित यातायात के चलते सोमवार को राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था डाइवर्ट रहेगी।

### यह रहेगा यातायात डायवर्सन प्लान

- होशंगाबाद से आईएसबीटी, पिपलानी की ओर जाने वाले वाहन आरआरएल तिराहा, बीएसएनएल तिराहा, शक्ति नगर चौराहा, डीआरएम ऑफिस, कस्तुरबा हॉस्पीटल होकर आईएसबीटी एवं पिपलानी की ओर जा सकेंगे।
- मानसरोवर कॉम्पलेक्स से कोर्ट जाने वाले वाहन- मनसरोवर से 6 नम्बर स्टाप, व्यापम चौराहा, शौर्य स्मारक होते हुए कोर्ट की ओर जा सकेंगे।
- न्यू मार्केट से ज्योति टॉकीज आईएसबीटी जाने वाले वाहन- व्यापम चौराहा, शोर्य स्मारक, बल्लभव भवन रोटरी, डीबी. माल रोटरी, होटल रेसीडेसी, होकर ज्योति टॉकीज से होते हुए आईएसबीटी जा सकेंगे।
- इसी प्रकार आईएसबीटी से न्यू मार्केट की ओर जाने वाले वाहन- चेतक ब्रिज, ज्योति टॉकीज से राईट टर्न लेकर होटल रेसीडेसी, डीबी. मॉल रोटरी, बल्लभव भवन रोटरी, शोर्य स्मारक होते हुए जा सकेंगे।

## आंबेडकर जयंती पर 134 फीट की रंगोली बनाई, 134 बच्चे हुए शामिल



*डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वी जन्म जयंती के अवसर पर ईदगाह हिल्स स्थित वाजपेयी नगर मल्टी में भाजपा गुरुनानक मंडल द्वारा मल्टी को रंग बिरंगी रोशनी से जगमग कर सजाया गया। इस अवसर पर 134 फीट की आंबेडकर के चित्र की रंगोली बना कर 134 दीपक जलाए गए एवं 134 अनुसूचित जाति के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया। जयंती के अवसर रैली निकाली गई एवं मिष्ठान वितरित की गई।*

## एम्सः नेत्र ओपीडी में शुरू हुई दो नई रिफ्रैक्शन यूनिट्स

### मरीजों की प्रतीक्षा घटने के साथ बढ़ेगा गुणवत्ता का दायरा भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



एम्स के नेत्र विभाग द्वारा नेत्र ओपीडी में दो नई रिफ्रैक्शन यूनिट्स की शुरुआत की गई। नई रिफ्रैक्शन यूनिट्स में दृष्टि परीक्षण और चश्मे या कॉन्टैक्ट लेंस की सलाह, कॉर्निया टोपोग्राफी और हेस स्क्रीनिंग जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। ये सेवाएं विशेष रूप से उन मरीजों के लिए उपयोगी होंगी जिन्हें नियमित नेत्र परीक्षण, विशेष नेत्र समस्याओं की जांच या विस्तृत परामर्श की आवश्यकता होती है।

इस अवसर एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने कहा कि हमारा निरंतर प्रयास है कि मरीजों को कम समय में सुलभ और उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं। ये नई रिफ्रैक्शन यूनिट्स न केवल मरीजों की प्रतीक्षा अवधि को घटाएंगी, बल्कि नेत्र जांच की गुणवत्ता और दायरे को भी बढ़ाएंगी। नेत्र विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. भावना शर्मा ने इन नई इकाइयों के शुभारंभ को नेत्र सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इन इकाइयों के माध्यम से मरीजों को समय पर जांच और परामर्श की सुविधा मिल सकेगी, जिससे उनके उपचार में मदद मिलेगी।


### 14 से 30 अप्रैल तक राजधानी में बड़ी संख्या में होंगी शादियां

# खरमास खत्म, आज से फिर गूंजेंगी शहनाइयांः शुरू होंगे वैवाहिक कार्यक्रम, राजधानी के अधिकांश मैरिज गार्डन और होटल बुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जो लोग अपने घर शादी या अन्य शुभ काम करने का सोच रहे हैं, उनके लिए अच्छी खबर है। दरअसल शनिवार यानी 13 अप्रैल को खरमास समाप्त हो गए। इसके चलते अब एक बार फिर से शहनाइयों की गूंज सुनाई देगी। शुभ कार्य मुहूर्त अनुसार होंगे। 14 से 30 अप्रैल तक जिले में करीब तीन हजार के आसपास शादियां होने की संभावना है। इसको लेकर अभी से होटल व मैरिज गार्डन एडवांस में बुक हो गए हैं। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि 13 अप्रैल को खरमास समाप्त हो गए हैं। इसके साथ ही मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाएगी। सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करते ही मीन महीना खत्म होगा। इसके बाद विवाह, सगाई जैसे शुभ कार्य शुरू हो जाएंगे।

### ग्रहों की स्थिति विवाह के अनुकूल



पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि अक्षय तृतीया, बसंत पंचमी और देव प्रबोधिनी एकादशी को अबूझ मुहूर्त माना जाता है। इन दिनों बिना पंचांग देखे भी विवाह किया जा सकता है। विवाह हिंदू धर्म के 16 संस्कारों में से एक है। इसके बिना कोई भी व्यक्ति गृहस्थ जीवन में प्रवेश नहीं कर सकता। इसलिए विवाह को सबसे महत्वपूर्ण और कल्याणकारी संस्कार माना गया है। ग्रहों की स्थिति भी विवाह के लिए अनुकूल रहेगी। गुरु वृषभ राशि में रहेंगे। सूर्य 12 फरवरी तक मकर राशि में रहेंगे। इन ग्रहों का नवम पंचम योग बनेगा, जो लाभकारी रहेगा।

### 6 जुलाई को देवशयनी एकादशी से चातुर्मास

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि मई में सबसे अधिक विवाह होंगे। अप्रैल में भी कई शुभ मुहूर्त बन रहे हैं। 6 जुलाई को देवशयनी एकादशी से चातुर्मास शुरू होगा। इसके बाद अक्टूबर तक कोई भी शुभ कार्य नहीं होंगे। इस दौरान भगवान विष्णु योग निद्रा में रहेंगे। देवउठनी एकादशी 1 नवंबर को होगी। इसके बाद विवाह के मुहूर्त फिर से शुरू होंगे।

### यह रहेंगे शुभ मुहूर्त

**अप्रैल** - 14, 16, 18, 19, 20, 21, 22, 25, 29 और 30 (10 दिन)
**मई** - 1 से 18 और फिर 22 से 28 मई तक कुल (20 दिन)
**जून** - 1, 2, 4, 5, 6, 7, 8 (7 दिन)
**जुलाई** - 6 जुलाई देवशयनी से 1 नवंबर देवउठनी एकादशी तक शादियां बंद रहेगी।
**नवंबर** - 21 से 26 और 30 (3 दिन)
**दिसंबर** - 1, 4, 5 और 6 (कुल 4 दिन) रहेंगे विवाह के मुहूर्त।

# मप्र के 50% गांवों तक सहकारिता-डेयरी गतिविधियों का विस्तार आवश्यक

## राजधानी आए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह, राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि राज्यों में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां (पैक्स) के कंप्यूटराइजेशन का कार्य चल रहा है। इसमें मप्र देश में प्रथम स्थान पर है। मप्र में शत-प्रतिशत उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने कहा कि मप्र में साढ़े 5 करोड़ लीटर दूध का उत्पादन होता है, जो देश के कुल उत्पादन का 9 प्रतिशत है। प्रदेश में सुशासन का दौर चल रहा है, यह सहकारिता को जीवंत करने का स्वर्णिम अवसर है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह रविवार को भोपाल के रविन्द्र भवन में राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और मध्यप्रदेश डेयरी फेडरेशन के मध्य अनुबंधों का आदान प्रदान हुआ। कार्यक्रम में मुख्य सचिव अनुराग जैन, केंद्रीय सहकारिता सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी, प्रमुख सचिव सहकारिता अशोक बर्णवाल और अपर मुख्य सचिव पशुपालन उमाकांत उमराव उपस्थित थे।



### प्रदेश के किसानों के साथ चट्टान की तरह खड़ी है केंद्र सरकार

शाह ने कहा कि प्रदेश के किसानों के साथ केन्द्र सरकार चट्टान की तरह खड़ी है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ मिलकर कम से कम 50 प्रतिशत गांवों तक सहकारिता और डेयरी गतिविधियों का विस्तार आवश्यक है। इसके लिए नीति निर्माण और प्लानिंग भी करना होगी। केन्द्र सरकार की ओर से वित्तीय सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन और उसकी प्रोसेसिंग से विभिन्न उत्पाद निर्मित कर किसानों की आय बढ़ाने की ओर एनडीडीवी और राज्य सरकार एक साथ अग्रसर होंगे। यह रास्ता अभी टू-लेन है, जिसे 6 लेन में विस्तारित करना होगा।

### देश में दूध की शहरी मांग 1 करोड़ 20 लाख लीटर प्रति दिन

प्रदेश के केवल 17 प्रतिशत गांवों में ही दूध कलेक्शन की व्यवस्था है। आज के अनुबंध के बाद प्रदेश के 83 प्रतिशत गांवों तक सहकारिता की पहुंच बढ़ेगी। पहले साल इसे 50 प्रतिशत पहुंचाने का लक्ष्य रखना चाहिए। अभी तो राज्य में सिर्फ 7 हजार दूध समितियां हैं। देश में दूध की शहरी मांग 1 करोड़ 20 लाख लीटर प्रति दिन है। मप्र सरकार को अपने लक्ष्य नए सिरे से तय करने चाहिए। गांवों की संख्या बढ़ानी चाहिए। एनबीडीडी के साथ मिलकर पहले वर्ष में कम से कम 50 प्रतिशत गांवों तक दूध डेयरी को विस्तारित करना चाहिए। यह रास्ता अभी टू लेन है, इसे 6 लेन बनाना है। कार्यक्रम में चिह्नित पैक्स के व्यवसाय वृद्धि के लिए स्वीकृत ऋण पत्र दिए गए।

### किसान क्रेडिट कार्ड का हुआ वितरण

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रतलाम ने पैक्स बांगरोद को धर्मकांटा स्थापना के लिए 15 लाख रुपए का प्रोजेक्ट ऋण वितरण और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मंडला में पैक्स मेंहदवानी को कोदो-कुटकी की ग्रेडिंग प्लांट स्थापना के लिए 60 लाख रुपए का प्रोजेक्ट ऋण दिया गया। इसी प्रकार राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम नक पैक्स गोगांवा जिला खरगौन को सुपर मार्केट के लिए 120 लाख रुपए का प्रोजेक्ट ऋण पत्र दिया गया।

### सीपीपीपी के अंतर्गत हुए अनुबंध

*केंद्रीय मंत्री शाह और मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में सीपीपीपी के तहत मेजेस्टिक ग्रुप मंडीदीप के प्रबंध संचालक विज्ञान लोढ़ा ने पैक्स घाट पिपरिया जिला रायसेन के समिति प्रबंधक भास्कर शर्मा के साथ पूसा बासमती धान के प्रोक्योरमेंट एवं कल्टीवेशन के लिए अनुबंध का निष्पादन हुआ। इसके साथ ही मैसर्स मशरूम वर्ल्ड अम्ब्रेला लिमिटेड के प्रबंध संचालक समीर सागर ने पैक्स सलामतपुर जिला रायसेन के समिति प्रबंधक कुंवर सिंह दांगी के साथ नेपियर घास के कल्टीवेशन के लिए अनुबंध किया। केंद्रीय मंत्री शाह ने कार्यक्रम में चिन्हित पैक्स के व्यवसाय वृद्धि के लिये स्वीकृत ऋण पत्र भी वितरित किए। इसमें जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रतलाम ने पैक्स बांगरोद को धर्मकांटा स्थापना के लिए 15 लाख रुपए का प्रोजेक्ट ऋण वितरण और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मंडला से पैक्स मेंहदवानी को कोदो-कुटकी की ग्रेडिंग प्लांट स्थापना के लिए 60 लाख रुपए का प्रोजेक्ट ऋण प्रदान किया गया। इसीप्रकार राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम ने पैक्स गोगांवा जिला खरगौन को सुपर मार्केट के लिए 120 लाख रुपए का प्रोजेक्ट ऋण प्रदान किया गया। दुग्ध सहकारी संस्था टीलाखेड़ी जिला भोपाल के सचिव महेश वर्मा को माइक्रो एटीएम और पैक्स सांकलखेड़ा खुर्द के कृषक यश रघुवंशी को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किया गया। पैक्स सुसनेर जिला आगर-मालवा के समिति प्रबंधक पुष्पेन्द्र सिंह पेट्रोल पंप आवंटन का एलओआई दिया गया। साथ ही जन औषधि केन्द्र पैक्स कुआं जिला कटनी के समिति प्रबंधक अजय कुमार नायक को ड्रग लाइसेंस प्रदान किया गया।*

---

## विक्रमोत्सव के दौरान सीएम ने किया एमपी टूरिज्म पेवेलियन और प्रदर्शनी का किया अवलोकन

# संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के साथ करेंगे प्रदेश का विकास

सीएम बोले- भगवान राम के बाद विक्रमादित्य का काल विनम्रता से शासन करना सिखाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विरासत के विकास के संकल्प को लेकर दिल्ली में विक्रमोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के साथ विकास की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सम्राट विक्रमादित्य ने शक और हूण जैसे आक्रांताओं को परास्त कर सुशासन स्थापित किया। भगवान राम के बाद सम्राट विक्रमादित्य का काल विनम्रता से शासन करना सिखाता है। सम्राट विक्रमादित्य जैसे महानायक इतिहास नहीं बनते, इतिहास बनाते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात दिल्ली के लाल किले में विक्रमोत्सव के दौरान चित्र प्रदर्शनी और एमपी पेवेलियन के अवलोकन के दौरान मीडिया से कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य के महानाट्य के मंचन के साथ सरकार की जनहितैषी और कल्याणकारी योजनाओं, संस्कृति और पर्यटन की जानकारी के साथ प्रदेश में निवेश के अवसरों को प्रदर्शित किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ल, संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी के साथ गणमान्य लोग मौजूद थे।



### सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का समापन 14 अप्रैल को

*विक्रमोत्सव के तहत सम्राट विक्रमादित्य पर दिल्ली में महानाट्य के महामंचन के समापन अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। सांस्कृतिक अभ्युदय से समृद्धि पथ पर अग्रसर मप्र के थीम पर गत 12 अप्रैल से विक्रम संवत के प्रवर्तक सम्राट विक्रमादित्य के महानाट्य आयोजित किया जा रहा है। 14 अप्रैल को भी महानाट्य का मंचन माधवदास पार्क लाल किला दिल्ली में शाम 7 बजे से 9 बजे तक होगा। इस अवसर पर आर्ष भारत, मध्यप्रदेश में पर्यटन तथा मप्र के व्यंजनों को भी प्रदर्शित किया गया है।*

### लोकव्यापी विस्तार के प्रयासों पर केंद्रित प्रदर्शनियों में पहुंचे सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रमादित्य कालीन पुरातात्विक मुद्रा मुद्रांक, बृहत्तरभारत के सांस्कृतिक वैभव, मप्र में पर्यटन की संभावनाओं, प्रदेश में निवेश तथा रोजगार सृजन के अवसरों में लोकव्यापी विस्तार के प्रयासों पर केंद्रित प्रदर्शनियो का अवलोकन किया। एमपी पेवेलियन के अवलोकन के दौरान डिंडोरी की गोंड पेंटिंग, स्थानीय कला बाग प्रिंट की साड़ियों, लड़की के खिलौनों, जरी जरदोजी कला, टेराकोटा कला के कलाकारों से परिचय लिया। उनके उत्पादों के बारे में जानने के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन भी किया। कलाकारों ने मुख्यमंत्री को सम्मानस्वरूप गोंड पेंटिंग, जरी जरदोजी फोटो फ्रेम भेंट किया। साथ ही प्रदेश के पर्यटन स्थलों के साथ स्थानीय संस्कृति और कला को प्रदर्शित करते एमपी टूरिज्म पेवेलियन की सराहना की।

### मुख्यमंत्री ने कलाकार संतोष से उत्पाद खरीद कर बढ़ाया हौसला



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अवलोकन के दौरान मंडला से खजूर शिल्प के उत्पादों का भी अवलोकन किया। कलाकार संतोष खड़से ने अपने उत्पादों के बारे में मुख्यमंत्री को बताया कि खजूर की पत्तियों से सजावट और घरेलू उपयोग के लगभग 200 डिजाइन और उत्पादों को बनाया जाता है। मुख्यमंत्री के प्रयासों से ही उसके उत्पादों का राजधानी दिल्ली में प्रदर्शित और बिक्री होना संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री ने कलाकार खड़से की कला की सराहना की और स्वयं एक पुष्प खरीदते हुए एक हजार रुपए उत्साहवर्धन स्वरूप दिए। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्रिमंडल और दिल्ली के मंत्रि-परिषद के सदस्यों का विक्रमोत्सव में भाग लेकर हौसला बढ़ाने के लिए आभार माना।

---

## सीएम ने श्वेतांबर जैन कांफ्रेंस के शपथ समारोह को किया वर्चुअली संबोधित



# भगवान महावीर का अहिंसा परमो धर्म का संदेश सदैव रहेगा प्रासंगिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान महावीर का अहिंसा परमो धर्म का संदेश सभ्यता के प्रारम्भ से ही प्रासंगिक रहा है और भविष्य में भी रहेगा। महावीर स्वामी की शिक्षाएं हमें शांति, सद्भाव और आपसी समझ की राह दिखाती हैं। हम /"जियो और जीने दो/" सिर्फ कहने के लिए नहीं कहते इसे आत्मसात कर जीवन में भी उतारते हैं। उन्होंने कहा कि जैन कल्याण बोर्ड की घोषणा राज्य सरकार की ओर से की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में आयोजित ऑल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कांफ्रेंस के शपथ विधि समारोह को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्र ने कहा है कि जैन समाज /"जियो और जीने दो/" के सिद्धांत का जिस प्रतिबद्धता से पालन करता है वह अनुकरणीय है। सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह जैसे जीवन के मूल सिद्धांतों के साथ जीवन जीने की प्रेरणा हमें महावीर स्वामी और शेष तीर्थंकरों के माध्यम से प्राप्त होती है। जीव मात्र पर दया के संकल्प का जैन समाज की ओर से अनुसरण सराहनीय है। जैन धर्म हमें अनुशासित रहकर सेवा करने की सीख देता है।

### सभी के कल्याण और प्रकृति के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करते हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में महावीर जयंती पर विश्व नवकार महामंत्र के माध्यम से समस्त संसार के कल्याण की प्रार्थना की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस अवसर पर दिए गए नए संकल्प वर्तमान परिस्थितियों में सभी के कल्याण और प्रकृति के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करते हैं। कार्यक्रम में कांफ्रेंस के अध्यक्ष हुलास बेताला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश राका, कोषाध्यक्ष राजेश झामा और प्रांतीय महामंत्री पीयूष जैन

### मुख्यमंत्री आज महू में आम्बेडकर जयंती उत्सव में होंगे शामिल

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के जयंती उत्सव पर 14 अप्रैल को डॉ. आंबेडकर नगर महू में उनकी जन्मस्थली स्मारक पर होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे भीम जन्म भूमि पधार कर सर्वप्रथम डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा को नमन करेंगे। इसके बाद अस्थि कलश पर पुष्प वर्षा का बुद्ध वंदना में शामिल होंगे। साथ ही भन्ते धर्मशील जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे।*

---




### मोहन सरकार नए रास्ते पर

शिवराज सरकार के फैसले एक-एक कर पलटे जा रहे हैं। सबसे पहले राजधानी परियोजना का लोक निर्माण विभाग में संविलयन का निर्णय बदला गया था। इसके बाद सीएम राइज स्कूलों का नाम बदल कर संदीपनी विद्यालय किया गया। अब सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 9 साल से बंद पदोन्नतियां शुरू की जाएंगी। सरकार जल्दी इसका रास्ता निकालेगी। मई से पदोन्नतियां प्रारंभ हो जाएंगी। ये पदोन्नतियां शिवराज सरकार के समय बंद हुई थीं और अब तक लाखों अधिकारी-कर्मचारी बिना पदोन्नति सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इस घोषणा से अधिकारी-कर्मचारी गदगद हैं। कुछ संगठन मुख्यमंत्री से मिलकर आभार भी व्यक्त कर आए हैं।

### मीनाक्षी के कारण कांग्रेस की फजीहत

कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री मीनाक्षी नटराजन ने पार्टी की फजीहत करा दी। मामला गौरव रघुवंशी को कांग्रेस के अहमदाबाद अधिवेशन के लिए एआईसीसी डेलीगेट नियुक्त करने से जुड़ा था। गौरव प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रशासन के प्रभारी हैं और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खास। इस नाते किसी अन्य नेता के स्थान पर उन्हें सिर्फ अधिवेशन के लिए डेलीगेट नियुक्ति करने का प्रस्ताव जीतू ने केंद्रीय नेतृत्व के पास भेजा था। अनुमोदन तो नहीं मिला लेकिन मौखिक तौर पर कह दिया गया कि आप गौरव सहित सूची में शामिल नेताओं को अधिवेशन में शामिल होने के लिए बोल दें। एक डेलीगेट इंदौर के भी थे। उनके पास मैसेज पहुंचा तो उन्होंने कहा कि मैं कैसे मान लूं कि मैं डेलीगेट नियुक्त हो गया। उनके कहने पर नेतृत्व को भेजे प्रस्ताव की प्रति उन्हें भेज दी गई। उन्होंने उसे फेसबुक में पोस्ट कर दिया। यह प्रति मीनाक्षी नटराजन तक पहुंचाई गई तो वे आगबबूला हो गईं। उन्होंने एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया में लिखा कि मुझे गौरव के नाम पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन उनका नाम नीमच से नहीं जाना चाहिए था। इसके लिए यहां के किसी नेता का चयन होना चाहिए था। मामला दिल्ली तक पहुंचा और मीनाक्षी से जवाब-तलब कर लिया गया।

### क्या राजनीतक 'अमानत' संभालेंगी शिवराज की बहू

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान की पत्नी अमानत सिंह चौहान परिवार की राजनीतिक 'अमानत' संभालेंगी, यह कहना अभी जल्दबाजी होगी। अमानत सीहोर जिले के बुधनी विधानसभा क्षेत्र के भैरूंदा में भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं। मंच पर आकर उन्होंने भावुक होकर कहा कि 'जिस प्रकार मेरे ससुर शिवराज सिंह ने प्रदेश और क्षेत्र की सेवा की है। मैं भी यहां की बेटी और बहू बन कर सेवा करूंगी।' कयास लगाए जाने लगे हैं कि भविष्य में चौहान परिवार की राजनीतिक विरासत को वे आगे बढ़ा सकती हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह पैदा होता है कि फिर कार्तिकेय क्या करेंगे?

### मंत्री प्रहलाद को गुस्सा क्यों आता है?

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल अपने गुस्से पर काबू क्यों नहीं कर पाते, यह समझ से परे है। उन्होंने एक कार्यक्रम में आवेदन देने वाले लोगों को भिखारियों की फौज कह दिया था। भाजपा का कोई नेता भी उनके समर्थन में सामने नहीं आया था, लेकिन उन्होंने माफी मांगने से इंकार कर दिया था। अब शिवपुरी के एक कार्यक्रम में वे अफसरों पर भड़क गए। कह दिया कि 'आप सब लोग नौटंकीबाज हो।' वे कार्यक्रम छोड़कर भी चले गए। पता चला कि वे गर्मी में पौधरोपण कार्यक्रम देखकर नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण का सही समय जून के बाद का है।

### सौरभ मामले में एक्सपोज हो गई लोकायुक्त पुलिस

सौरभ केस में लोकायुक्त पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप लग रहा है। कठघरे में दो पूर्व परिवहन मंत्री और विभाग के अफसर हैं। संभवतः इसीलिए पहले तो लोकायुक्त पुलिस सौरभ को गिरफ्तार नहीं कर सकी। उसने कोर्ट में जाकर खुद सरेंडर किया। सौरभ के सहयोगी के एक वाहन से 54 किग्रा सोना के साथ 11 करोड़ नगद मिले थे, लेकिन लोकायुक्त पुलिस इसका भी पता नहीं लगा सकी। इसे आयकर विभाग के अमले ने जब्त किया था। हद तो तब हो गई जब लोकायुक्त पुलिस समय पर चालान प्रस्तुत नहीं कर सकी। लिहाजा, सौरभ और सहयोगियों को कोर्ट से जमानत मिल गई। भला हो ईडी का, जो जांच में शरीक हुई और समय पर चालान प्रस्तुत कर दिया। इसकी वजह से सौरभ और उसके दोनों सहयोगी जेल से बाहर नहीं आ सके। अब ईडी की निष्पक्षता कसौटी पर है।

**दिनेश निगम 'त्यागी'**

---

## अप्रैल के जन्मदिन धारकों का उत्साह पूर्वक

# कॉम्यूटेशन प्रकरणों में कटौती रुकवाने हाईकोर्ट में लगाएंगे केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स कल्याण संघ की मासिक बैठक रानी कमलापति स्टेशन के पास एक निजी होटल में आयोजित की गई। बैठक में विगत कार्यों की जानकारी संगठन सचिव अवधेश कुमार दुबे ने दी तथा इसी तारतम्य में हाईकोर्ट जबलपुर में प्रकरण लगाने के लिए सदस्यों ने सहमति दी।
इसके साथ ही उपस्थित जन्मदिन धारकों को जन्मदिन की बधाइयां देते हुए महासचिव पीआर साहू ने



शाल श्रीफल से उनका स्वागत तथा सम्मान किया।
अल्पाहार के उपरांत दिवंगत साथियों की आत्मिक शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।।

## भाजपा कार्यालय में भगवत शरण माथुर को अर्पित किए श्रद्धासुमन



भोपाल। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के पूर्व प्रदेश सह सगंठन महामंत्री भगवत शरण माथुर को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव एवं जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति उपस्थित रहे।

## मप्र कर्मचारी संघ ने सरकार को दिया धन्यवाद

# कर्मचारी की मृत्यु होने पर मिलेगी एक लाख 25 हजार अनुग्रह राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर अनुग्रह राशि में 75 हजार रुपए की वृद्धि की है। अब मृत्यु होने पर एक लाख 25 हजार रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि राज्य सरकार पहले शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर मात्र 50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि का भुगतान करती थी, लेकिन अब राज्य सरकार ने शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर अनुग्रह राशि 50 हजार के स्थान पर 75 हजार रुपए की वृद्धि करते हुए एक लाख 25 हजार स्वीकृत की है, जो शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर तत्काल उसके परिवार को दाह संस्कार करने के लिए दी जाएगी।

मप्र कर्मचारी मंच ने सरकार के अनुग्रह राशि की वृद्धि करने के निर्णय पर सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया है साथ ही मांग करी है कि अनुग्रह राशि अनियमित कर्मचारियों की मृत्यु होने पर भी दाह संस्कार करने के लिए दी जाए।

---

## सीएम, प्रदेश प्रभारी जाएंगे महू, प्रदेश अध्यक्ष रहेंगे भोपाल में

# अंबेडकर जयंती पर आज प्रदेश भर में आयोजित होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती को प्रदेश भर में उत्साहपूर्वक मनाएगी। बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर मिष्ठान्न वितरण के साथ ही संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बाबा साहब की जन्मस्थली महू, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भोपाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह व प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय महू, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद देवास, प्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद पटेल गंजबासौदा में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसी तरह प्रदेश शासन के मंत्रीगण, पार्टी के सांसद, विधायक, पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

पार्टी कार्यकर्ता 14 अप्रैल को आंगनवाड़ी केन्द्रों और अनुसूचित जाति बस्तियों के स्कूलों में परिसर की सफाई, पेयजल व अन्य सामुदायिक सुविधाओं का रखरखाव करेंगे। 15 से 25 अप्रैल के बीच समाज के विभिन्न वर्गों के समाज प्रमुखों के साथ जिला स्तरीय संगोष्ठी आयोजित कर कांग्रेस द्वारा किए गए बाबा साहब के अपमान व भाजपा द्वारा उन्हें दिए जा रहे सम्मान और जिस तरह से कांग्रेस ने संविधान से खिलवाड़ किया तथा भाजपा ने संविधान के प्रति जो सम्मान प्रदर्शित किया है, उस पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की बाबा साहब की प्रतिमा की साफ-सफाई, किया दीप प्रज्ज्वलित





भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर बोर्ड ऑफिस चौराहे स्थित बाबा साहब की प्रतिमा की साफ-सफाई कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, महापौर मालती राय, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी उपस्थित रहे।



माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया

### भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री ने की अंबेडकर प्रतिमा की सफाई

*भोपाल। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार को भोपाल के मध्य विधानसभा के वार्ड क्र. 48 साईं बाबा नगर स्थित उनकी प्रतिमा की सफाई, माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया।*

## फिर विवादों में तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि

संविधान की धर्मनिरपेक्षता की भावना का उल्लंघन

# जय श्री राम का नारा लगवाने पर पद से हटाने की उठी मांग

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। इस बार उन पर एक कॉलेज कार्यक्रम के दौरान 'जय श्री राम' का नारा लगवाने का आरोप लगा है। इस घटना के बाद शिक्षा विशेषज्ञों के संगठन स्टेट प्लेटफॉर्म फॉर कॉमन स्कूल सिस्टम-तमिलनाडु (एसपीसीएसएस-टीएन) ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राज्यपाल को उनके पद से हटाने की मांग की है। राज्यपाल आरएन रवि 12 अप्रैल को मदुरै में मौजूद एक सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किए गए थे। वहां एक साहित्यिक प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देने के लिए राज्यपाल पहुंचे थे।



### क्यों हो रहा है राज्यपाल का विरोध?

एसपीसीएसएस-टीएन का कहना है कि राज्यपाल ने इस प्रकार का नारा लगवाकर संविधान की धर्मनिरपेक्षता की भावना का उल्लंघन किया है। संगठन के महासचिव पी.बी. प्रिंस गजेन्द्र बाबू ने कहा कि राज्यपाल का यह कृत्य भारतीय संविधान के अनुच्छेद 159 (राज्यपाल की शपथ) का उल्लंघन है। उन्होंने कहा, 'भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और शिक्षा भी एक धर्मनिरपेक्ष गतिविधि है। ऐसे में किसी विशेष धर्म के भगवान का नाम लेकर नारा लगवाना न सिर्फ गलत है, बल्कि यह राज्यपाल की संवैधानिक जिम्मेदारियों के खिलाफ भी है।'

### क्या कहता है संविधान?

संविधान के अनुसार, भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह संविधान का पालन करे, उसके आदर्शों और संस्थाओं का सम्मान करे, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे। साथ ही वैज्ञानिक सोच, मानवता, और सुधार की भावना को विकसित करे। राज्यपाल, जो संविधान की रक्षा, संरक्षण और समर्थन की शपथ लेते हैं, उनसे उम्मीद की जाती है कि वे धर्मनिरपेक्षता की भावना का पालन करें और सभी धर्मों के प्रति समान दृष्टिकोण रखें।

## दमोह कांडः आरोपी डॉक्टर को जमानत नहीं

# 17 अप्रैल तक बढ़ी पुलिस रिमांड, एसआईटी कर रही अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की जांच

**दमोह।** 7 मरीजों की मौत के मामले में आरोपी डॉ. नरेंद्र यादव उर्फ एन जॉन केम की पुलिस रिमांड 4 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। इसी के साथ पंचम व्यवहार न्यायाधीश रिया सिंह ने आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। आरोपी के वकील सचिन नायक ने बताया कि उन्होंने अपने पक्षकार की जमानत के लिए अर्जी लगाई थी। पुलिस रिमांड बढ़ाए जाने पर भी आपत्ति ली थी, लेकिन न्यायाधीश ने उनकी दलील नहीं मानी। अब एसआईटी पूछताछ के बाद 17 अप्रैल को फिर से आरोपी डॉक्टर को कोर्ट में पेश करेगी। शासन की ओर से पैरवी कर रहे एडीपीओ संजय रावत ने बताया कि उन्होंने कोर्ट से मांग की थी कि आरोपी की रिमांड बढ़ाई जाए, ताकि पुलिस और एसआईटी उससे और पूछताछ कर सकें। ये मामला राष्ट्रीय नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर से जुड़ा हुआ है। कई देशों में डॉक्टर के होने की बात सामने आई है, इसलिए सभी जगह से सबूत जुटाने हैं।



## कन्हेर गांव के आउटर में फेंका गया था चारा

# आधा दर्जन मवेशियों की जान चारा में यूरिया की गंध, हिंदू संगठनों ने जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उरला थाना क्षेत्र के कन्हेर गांव स्थित मेटल पार्क के पास खुले में पड़े चारा खाना से आधा दर्जन मवेशियों की मौत हो गई। मवेशियों की मौत होने की जानकारी पुलिस तथा पशु चिकित्सा विभाग की टीम को रविवार सुबह मिली। मामले को लेकर गांव में गुस्सा है।मवेशियों की जहां लाश मिली है, वह गांव का आउटर है। वहां मवेशी चारा चरने के लिए जाते हैं। स्थानीय रहवासियों के मुताबिक, दो दिन पूर्व चारा को लाकर फेंका गया है, जिसे खाने से गायों की मौत हुई है। जिन मवेशियों की मौत हुई है, उनके पालकों के बारे में अब तक जानकारी नहीं मिल पाई है।

आसपास से गुजर रहे लोगों ने मवेशियों को मृत हालत में देखा तो उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मवेशियों की मौत की जानकारी मिलने के बाद मौके पर हिंदू संगठन से जुड़े लोग भी पहुंचे थे।

### *40 से 50 मवेशियों के बीमार होने की आशंका*

*मवेशियों की मौत के बाद मौके पर बिरगांव नगर निगम की टीम चारा नष्ट करने के लिए पहुंची थी। चारा को नष्ट करने जेसीबी की मदद से एक बड़ा गड्ढा खोदा गया। उसी गड्ढे में चारा डालकर ऊपर से मिट्टी पाटी जा रही थी। निगम कर्मियों ने बताया कि जब वे चारा नष्ट करने पहुंचे तो वहां अन्य मवेशी उसी चारे को चर रहे थे। निगम कर्मियों ने चारा खाने से 40 से 50 मवेशियों के बीमार होने की आशंका व्यक्त की है।*

# घर में मिला महिला डॉक्टर का शव, सिर पर चोट के निशान

एजेंसी ▶▶| नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर शहर में 50 वर्षीय महिला चिकित्सक अपने घर में मृत पाई गईं। उनके सिर पर चोट के निशान थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला का शव शनिवार रात हुडकेश्वर पुलिस थाना क्षेत्र के लाडीकर लेआउट स्थित उनके घर में मिला। उन्होंने बताया कि महिला चिकित्सक डॉ. अर्चना अनिल राहुले सरकारमेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के 'फिजियोथेरेपी' विभाग में सहायक प्रोफेसर थीं।

### हत्या का मामला दर्ज

हुडकेश्वर पुलिस थाने में पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। पुलिस अधिकारी ने कहा, अभी कोई निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। हम यह जांच कर रहे हैं कि घर से कुछ गायब तो नहीं है। हम अर्चना के मोबाइल फोन रिकॉर्ड का भी विश्लेषण कर रहे हैं ताकि मामले को सुलझाने में अन्य कोई सुराग मिल सके।

# एक शव बरामद, दो मासूम सहित 4 लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

पड़ोसी जिले के सक्ती रेड़ा से लगभग 2 दर्जन लोग छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उरगा खरहरी आ रहे थे कि तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नहर में पलट गयी। हादसे के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। वाहन में सवार लगभग 19 लोग तैर कर नहर से सुरक्षित बाहर आ गए लेकिन 5 लोग लापता हो गए। आनन फानन में पुलिस की मदद से रेस्क्यू आपरेशन शुरू कर नहर में बहे महिला और बच्चों की तलाश गोताखोरों की मदद से की जा रही थी। देर शाम को एक महिला का शव पड़ोसी जिले से बरामद कर लिया गया है।

## पेज एक का शेष

### डॉ.आंबेडकर नगर ...

करोड़ रुपए का आवंटन प्राप्त हुआ है। अमृत स्टेशन योजना के माध्यम से प्रदेश के 80 स्टेशनों को 2700 करोड़ रुपए की लागत से विश्वस्तरीय बनाया जाएगा। प्रदेश को निकट भविष्य में चार सेमीहाई स्पीड ट्रेन भी प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी प्रदेश को इसी तरह से अधोसंरचनात्मक सौगातें मिलने का सिलसिला जारी रहेगा। सीएम ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से रविवार को डॉ अंबेडकर नगर कोटा नई दिल्ली 20155/56 एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव, केंद्रीय महिला और बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, इंदौर सांसद शंकर लालवानी और राज्यसभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार भी उपस्थित थीं। एक्सप्रेस क्रमांक 20156 नई दिल्ली से प्रतिदिन रात 23.25 बजे चलेगी और 848 किलोमीटर का सफर लगभग 13 घंटे में तय कर कोटा, नागदा, उज्जैन, देवास और इंदौर के रास्ते डॉ अंबेडकर नगर अगले दिन दोपहर 12.50 बजे पहुंचेगी। एक्सप्रेस क्रमांक 20155 प्रतिदिन डॉ अंबेडकर नगर से दोपहर 15.30 बजे चलकर सुबह 4.25 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

### सहकारी समितियां टिकट...

जल वितरण और सीएससी का कार्य भी करेंगे। 300 से ज्यादा योजनाएं पैक्स के माध्यम से संचालित हो रही हैं। यहां से रेलवे टिकट, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र तक मिल जाता है। पैक्स अब पेट्रोल पंप संचालन, दवाई की दुकान भी चलाएगा। मप्र ने पैक्स के कंप्यूटराइजेशन में पहला स्थान हासिल किया है। उन्होंने कहा कि पैक्स संचालन में पादर्शिता बरती जा रही है। किसानों की भाषा के अनुरूप पैक्स में विशेष सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है। किसानों के लिए तीन समितियां बनाई गई हैं। आर्गेनिक प्रोडक्ट्स के लिए अलग से प्लेटफॉर्म बनाया है। केंद्रीय मंत्री शाह अपने एक दिनी दौरे के तहत रविवार को भोपाल पहुंचें। उन्होंने रविंद्र भवन में राज्य स्तरीय सहकार सम्मेलन को संबोधित किया। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के मौके पर रखा गया था। केंद्रीय मंत्री शाह राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) एवं मप्र डेयरी फेडरेशन (एमपीसीडीएफ) तथा दुग्ध संघों के मध्य अनुबंध (एमओयू) में शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग समेत कई मंत्री, विधायक व बड़ी संख्या में सहकारिता से जुड़े लोग मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री शाह इस कार्यक्रम के तत्काल बाद भोपाल एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। शाह दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित नाट्य कार्यक्रम में भी शामिल हुए। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री सारंग ने कहा कि राज्य सरकार ने सहकारिता के साथ निजी व शासकीय भागीदारी को जोड़ते हुए सीपीपीपी के माध्यम से पहली बार देश में नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। पशुपालन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने अनुबंध की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि केंद्रीय सहकारिता मंत्री शाह ने अनुबंध के माध्यम से मप्र को नई सौगात दी है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के निदेशक डॉ. निमेश शाह ने कहा कि एनडीडीबी, मप्र सरकार और 6 दुग्ध संघ के बीच सहकार्य अनुबंध (एमओयू) हुआ। राज्य सरकार ने संगठित बोर्ड के माध्यम से दूध उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने के लिए अनुबंध की सहमति प्रदान की है। इस अनुबंध से किसानों को प्रशिक्षण देना, दूध उत्पादों की मार्केटिंग सहित अनेक कार्य किए जाएंगे।

### भारतीय संस्कृति...

आयोजित इस महोत्सव के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य की गौरवगाथा और वैभव को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में लिखा कि युगपुरुष सम्राट विक्रमादित्य का शासनकाल जनकल्याण, सुशासन और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए जाना जाता है। वह भारत की न्यायप्रिय और लोक कल्याणकारी नेतृत्व परंपरा के प्रतीक थे। उन्होंने साहित्य, कला और विज्ञान को जिस रूप में प्रोत्साहित किया, वह आज भी हमारे लिए आदर्श है। उनके काल की 'विक्रम संवत' परंपरा आज भी भारतीय संस्कृति की पहचान है। सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य और प्रदर्शनी का महत्व एक सांस्कृतिक आयोजन से कहीं अधिक है।

### दो वाहन चालकों...

व्यक्तियों को लटकाने को लेकर केस दर्ज किया गया है। पूरे मामले में एसपी पुनीत गेहलोत ने बताया कि घटना में जो आवेदन पुलिस को प्राप्त हुआ है, उसमें पुजारी पर मारपीट को लेकर एफआईआर की जा चुकी है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हुआ उस पर संज्ञान लेकर जांच की जा रही है। सभी सीसीटीवी कैमरों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। 6 वाहनों में से 3 वाहनों पर कार्रवाई भी की जा रही हैं उनके वाहन चालकों पर एफआईआर भी की गई हैं। मारपीट की एफआईआर के बाद अन्य एफआईआर वाहन चालकों पर की गई हैं। रुद्राक्ष शुक्ला के साथ अन्य 20 से 25 लोग थे उनकी भी जांच की जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने देवास की घटना के मामले में स्पष्ट कहा है कि मंदिर के पुजारी द्वारा एफआईआर कराई गई है। इसके आधार पर पुलिस को आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### चार कलेक्टर बदले...

की चर्चा हो रही थी। अशोकनगर कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी को भी हटा दिया गया। उन्हें हटाने की मुख्य वजह मुख्यमंत्री की नाराजगी मानी जा रही है। दरअसल, दो दिन पहले प्रधानमंत्री का कार्यक्रम अशोकनगर में हुआ था। इस दौरान शासन से जुड़े कई महत्वपूर्ण लोगों, यहां तक की पत्रकारों तक की एंट्री आनंदपुर धाम में नहीं हो पाई थी। द्विवेदी को जीएडी में अपर सचिव बनाया गया है।

**आदित्य सिंह को हरदा से अशोकनगर भेजाः** -हरदा कलेक्टर आदित्य सिंह को कलेक्टर अशोकनगर बनाया गया है। भोपाल में अपर कलेक्टर के पद पर पदस्थ सिद्धार्थ जैन को हरदा कलेक्टर बनाया गया है। इंदौर में अपर कलेक्टर ज्योति शर्मा को देवास में जिला पंचायत का सीईओ बनाया गया है। जबकि देवास के सीईओ हिमांशु प्रजापति को मप्र औद्योगिक विकास निगम इंदौर में कार्यकारी संचालक बनाया गया है। इसी तरह प्रमुख सचिव गुलशन बामरा को अटल बिहारी सुशासन संस्थान का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जबकि इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह को सिंहस्थ मेला उज्जैन तथा ऋषि गर्ग को अटल बिहारी बाजपेयी सुशासन संस्थान का संचालक अतिरिक्त प्रभार के साथ सौंपा गया है।

### एक महिला की मौत...

गया। घटना में एक महिला बुट्टू साकेत की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं करीब 14 लोग घायल हो गए। इनमें से रामनिलोचन और रामनिरंजन गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने सभी घायलों को रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनका उपचार जारी है। सभी घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

**बालाघाटः बारातियों से भरी बस में लगी आगः** रामपायली थाना के बासी गांव में एक बस में एकाएक आग लग गई। देखते ही देखते बस आग की लपटों से घिर गई। बारातियों से भरी बस में करीब 40 लोग सवार थे। बस में आग लगी देख विधायक ने दमकल विभाग को सूचना दी, जिस पर तुरंत दमकल मौके पर पहुंची और आग बुझाई। आग लगते ही सभी सवार बस से बाहर भाग लिए जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। शनिवार देर रात बस चिचगांव से बारातियों को लेकर अंसेरा जा रही थी तभी ये हादसा हो गया। इधर, रविवार को बुरहानपुर जिले के निम्बोला में एक बस पलट गई। इससे 10 यात्रियों को मामूली चोटें आईं। इंदौर इच्छापुर नेशनल हाईवे पर झांझर गांव के पास एक कार को बचाने के चक्कर में यह हादसा हुआ।

### नौ गिरफ्तार, वीडियो...

पर हुई जब दो समुदायों के लोग आमने-सामने आ गए। इसके बाद अधिकारी स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए मौके पर पहुंचे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुर ने कहा कि पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है और उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कलेक्टर किशोर कन्याल ने बताया कि कुछ संवाद की कमी हुई जिसके कारण दोनों समूह आमने-सामने आ गए और फिर पथराव की स्थिति बन गई। उन्होंने कहा कि उस क्षेत्र में जुलूस निकालने की अनुमति नहीं थी। पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा ने बताया कि जुलूस पर पथराव की सूचना शनिवार शाम करीब सात बजकर 45 मिनट पर मिली जब दो समुदायों के लोग आमने-सामने आ गए। एक स्थानीय पार्षद की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है, जिसमें चार-पांच लोगों को नामजद किया गया है जबकि 15-20 अन्य अज्ञात हैं।

### 'सड़क' पर डांस...

में एक और अहम निर्णय लिया गया है। शादी-विवाह में शराब सेवन पर रोक लगाने का फैसला किया। समाज के मीडिया प्रभारी अशोक गुर्जर ने बताया कि कार्यकारिणी सदस्यों से प्राप्त होने वाली राशि को शिक्षा के उत्थान पर खर्च किया जाएगा। बैठक में पदाधिकारियों द्वारा शपथ भी ली गई।

### 40 डिग्री तापमान के...

9 डिग्री बढ़कर 38.7 डिग्री रहा, जो सामान्य के करीब है। रात में भी यहां 1.4 डिग्री की कमी के साथ पारा 22.8 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से एक डिग्री ज्यादा है।

### आज यहां आंधी...

मुरैना, श्योपुर, सीधी, रीवा, मऊगंज, अनूपपुर, शहडोल में आंधी बारिश का दौर चलेगा। भोपाल में मौसम ऐसा ही रहेगा।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

आवश्यकता

नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238 R- 14-4-2025

सुनहरा अवसर सरकारी नौकरी भारतीय वनविभाग में सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट बेसेस पर, आवेदन करें, 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां , पद - वनसिपाही, वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल सैलरी - 25000/- से 35000/-आवेदन के लिए, आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट व्हाट्सएप / संपर्क करें - 9933803418 R- 15-4-2025

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-14/02/25 to 18/4/25- not-feb, 16,23,26 not= march-2,9,13,14,15,16,23,30,31, April- 6,13

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्काराादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5836



■ मंगल सैणचा, बेंगलोर

**बाएँ से दाए**
1. पवनपुत्र, हनुमान-3,3
5. मजार-4
8. बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9. तहजीब, तमीज-3
10. सत्य, तेज-2
11. पतंगा-4
12. ईसाई साध्वी-2
14. इंकार करना-4
16. उत्तम, आदर्शवादी-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
20. पागलपन, सनक-5
23. पालन-पोषण-5
26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी, अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान, गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला, एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा, रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**
1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा, जीभ-3
5. घर, भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित, सही-3
22. पंख, पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद, सरूर-2
29. अनुसार, समान-4
31. निगाह, दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी, नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना, सुट्टा-2

### शब्द पहेली- 5835 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | प | चा | र | | नि | | वि | रा | स | त |
| | र | | घु | | ग | द | र | | ही | न |
| क | | | व | रा | ह | | ह | | | हा |
| म | हा | वी | र | | बा | ल | | क | मा | ई |
| जो | | रा | | ना | न | | श | | ख | |
| र | म | णी | य | ता | | भा | व | ही | न | ता |
| | न | | म | | ज | ल | | ट | | र |
| अ | का | ल | | शू | ल | | नी | र | व | ता |
| प | | | न | | प्र | खा | र | | | र |
| रा | ल | | म | हु | वा | | स | | मी | |
| ध | ड़ | क | न | | ह | | ता | र | त | म्य |

## सूडोकु नवताल - 5846

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5845 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## डिजास्टर मेडिसिन में भारत को वैश्विक नेतृत्व दिलाएगा पतंजलि: स्वामी रामदेव

# पतंजलि विवि में 'जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबंधन व आपदा औषधि' पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला

### केदारनाथ से बिहार तक, हर त्रासदी में मानवता के साथ खड़ा रहा पतंजलि: आचार्य बालकृष्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरिद्वार

पतंजलि विश्वविद्यालय में 'जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबंधन एवं आपदा औषधि' विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का भव्य शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला में चार देशों के अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वैज्ञानिकों ने सहभागिता की।

कार्यशाला में स्पेन विश्वविद्यालय के प्रो. रूबेन, इटली से विश्व बैंक के आपदा औषधि समूह के अध्यक्ष प्रो. रोबेर्टो मुगावेरो, नॉर्वे विश्वविद्यालय के प्रो. बी. सितौला तथा नेपाल आपदा प्रबंधन केंद्र के वैज्ञानिक प्रो. बी. अधिकारी ने भाग लिया।इस अवसर पर पतंजलि विश्वविद्यालय में 'डिजास्टर मेडिसिन, मैनेजमेंट एंड क्लाइमेट चेंज' को लेकर अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) की स्थापना एवं लोकार्पण भी किया गया। साथ ही, विश्वविद्यालय में पेटेंट सेल की भी स्थापना की गई।



### पतंजलि ने निभाई समाज सेवा की दिशा में अग्रणी भूमिका

कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं विश्वविख्यात योगऋषि स्वामी रामदेव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, यह केंद्र भविष्य में वैश्विक स्तर पर आपदाओं व उनसे उत्पन्न त्रासदी से निपटने में सहायक सिद्ध होगा। पतंजलि ने हमेशा हर आपदा में मानवता और समाज सेवा की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाई है-चाहे वह सुनामी रही हो, बिहार की बाढ़, या केदारनाथ की त्रासदी। पतंजलि की शक्ति, सोच और भावना का ही परिणाम है कि हम हर आपदा में सबसे पहले सहायता पहुंचाने वालों में शामिल होते हैं। उन्होंने भारतीय व सनातन संस्कृति से आपदा प्रबंधन की शिक्षा लेने पर भी बल दिया।

### सनातन संस्कृति के मूल्यों को पुनर्स्थापित करने सशक्त पहल


इस अवसर पर पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति एवं आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर आपदा प्रबंधन और जनकल्याण के लिए एक व्यवस्थित पहल करेगा। पतंजलि ने पूर्व में भी केदारनाथ त्रासदी, नेपाल भूकंप और बिहार की बाढ़ जैसी आपदाओं में अग्रणी भूमिका निभाते हुए मानवीय सेवा के कार्य किए हैं। आचार्य बालकृष्ण ने अपने संबोधन में सनातन संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आपदा प्रबंधन और जनकल्याण के क्षेत्र में भारत की प्राचीन परंपराएं सदैव मार्गदर्शक रही हैं। उन्होंने कहा की पतंजलि विश्वविद्यालय में स्थापित यह अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस) न केवल वैश्विक स्तर पर आपदा और त्रासदी से निपटने के लिए शोध और समाधान विकसित करेगा, बल्कि भारतीय सनातन संस्कृति के मूल्यों को पुनर्स्थापित करने की दिशा में भी एक सशक्त पहल सिद्ध होगा। उन्होंने इस कार्यशाला को वैश्विक आपदा चिकित्सा और प्रबंधन को लेकर भविष्य की रणनीतियाँ विकसित करने तथा शोध, प्रशिक्षण व सहयोग की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया।

### उत्पन्न त्रासदी से प्रभावी ढंग से निपटने की आवश्यकता पर बल

*मुख्य अतिथि एवं उत्तराखंड स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी (यूकॉस्ट) के महानिदेशक डॉ. दुर्गेश पंत ने कहा कि आपदा प्रबंधन भारतीय संस्कृति के इकोसिस्टम में समाहित है। उन्होंने आधुनिक विज्ञान, तकनीक और सकारात्मक सोच के समन्वय से आपदाओं और उनसे उत्पन्न त्रासदी से प्रभावी ढंग से निपटने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आपदा के पश्चात उत्पन्न मानसिक और शारीरिक आघात (पोस्ट डिजास्टर ट्रॉमा) को कम करने में योग और आयुर्वेद का समन्वय एक महत्वपूर्ण कारक सिद्ध हो सकता है। डॉ. पंत ने यह भी कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित यह अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र आपदा औषधि और प्रबंधन के क्षेत्र में वैज्ञानिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण को जोड़ने का एक अनूठा प्रयास है।*

## एलन का निःशुल्क नीट नेशनल मॉक टेस्ट 20 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोटा



देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 4 मई को आयोजित होने जा रही है। इस बड़ी परीक्षा से पहले नेशनल लेवल पर सेल्फ एनालिसिस के लिए एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से देशभर के स्टूडेंट्स के लिए निःशुल्क नीट नेशनल मॉक मेजर टेस्ट 20 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है।

यह टेस्ट ओपन फॉर आल होगा, जिसमें एलन स्टूडेंट्स के साथ देश के अन्य स्टूडेंट्स भी निःशुल्क शामिल हो सकेंगे। देश के स्टूडेंट्स की नीट परीक्षा की तैयारी को परखने के लिए एलन की ओर से यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा पूरे देश में एलन के देश में 59 शहरों में 138 क्लासरूम कैम्पस पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा 20 अप्रैल, रविवार को दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी। एलन की ओर से आयोजित इस परीक्षा में एलन से बाहर के अन्य स्टूडेंट्स भी निःशुल्क शामिल हो सकेंगे। इसका उद्देश्य है कि स्टूडेंट्स समय अपना सेल्फ एनालिसिस कर सकें और मुख्य परीक्षा में पहले अपने प्रदर्शन में सुधार ला सकें। एलन से बाहर के स्टूडेंट्स एलन वेबसाइट www.allen.ac.in पर जाकर निःशुल्क रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। यह टेस्ट स्टूडेंट्स को रियल एग्जाम जैसा माहौल प्रदान करेगा, जिससे वे अपने टाइम मैनेजमेंट, एक्यूरेसी में सुधार के साथ अपनी तैयारी के स्तर का एनालिसिस कर सकें। इससे आत्मविश्वास भी मजबूत होगा एवं स्टूडेंट्स समय रहते अपनी कमजोरियों को भी पहचान सकेंगे। परीक्षा भारत के लगभग सभी राज्यों में होगी।

### ट्रंप के टैरिफ पर 90 दिनों की रोक का असर

# चार दिन में 5 हजार से अधिक उछला सोना, तो चांदी 5 हजार रुपए चमकी

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

दो अप्रैल को रिकार्ड 94150 रुपए प्रति दस ग्राम के स्तर पर पहुंचा सोना ट्रंप प्रशासन के टैरिफ वार से 8 अप्रैल को घटकर 91100 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंचा, लेकिन ट्रंप प्रशासन द्वारा टैरिफ पर 90 दिनों की रोक लगाए जाने से सोने -चांदी के भाव ने फिर तेजी की रफ्तार पकड़ ली। बीते 4 दिन में सोना 5150 रुपए प्रति दस ग्राम और चांदी के भाव 5000 रुपए प्रति किलो उछल गए।

सराफा व्यापारियों के अनुसार 8 अप्रैल 2025 को सोना 91100 रुपए प्रति 10 ग्राम था और 91000 रुपए



किलो ग्राम थी जो कि सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को स्थानीय सराफा चौक बाजार में सोने के भाव 96250 रुपए प्रति दस ग्राम और चांदी के भाव 96000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। अतः सोने के मौजूदा भाव ने अपने पूराने रिकार्ड को भी तोड़कर ऐतिहासिक स्तर पहुंचा गया है।

### सोने ने भरी कुलांच तो दगाबाज हो रहा शेयर

*बाजार जानकार संजीव गर्ग (गांधी) के अनुसार अमेरिका और चीन के बीच ट्रैरिफ वॉर तेज हो गई है। इससे शेयर बाजारों में अनिश्चितता है। निवेशकों में डर का माहौल है। मुश्किल समय में ज्यादातर शेयर दगाबाज साबित हो रहे हैं। इसके उलट सोना तेजी से बढ़ रहा है। सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग बढ़ गई है।*

### बाजार फिर से खड़ा होगा और ऊपर चढ़ेगा

*बाजार जानकार नवनीत अग्रवाल ने कहा कि अभी तक ज्यादा अस्थिरता नहीं देखी है। कई लोग अब उम्मीद करते हैं कि बाजार फिर से खड़ा होगा और ऊपर चढ़ेगा, लेकिन इतिहास को एक चेतावनी के रूप में देखना चाहिए। 2008 की मंदी की यादें अभी भी निवेशकों के दिमाग में ताजा हैं, लेकिन, ऐसे भी उदाहरण हैं जब सुधार में बहुत लंबा समय लगा था।*

### पुराने आभूषण बेचकर खरीद रहे नए गहने

शादी-ब्याह का मौसम होने की वजह से 80 प्रतिशत ग्राहक रिसायकलिंग गोल्ड यानी पुराने आभूषणों नया करवा रहे हैं, जिसमें उन्हें केवल बनाई ही देनी पड़ रही है नहीं तो पुराने सोने को बेचकर उसकी जगह नए आभूषण ले रहे हैं। सराफा व्यापारियों के अनुसार लोग सोने के सिक्के अथवा सोने के जेवर को बेचकर आभूषण में बदल रहे हैं। इतने अधिक भाव में नई खरीदारी 5 प्रतिशत तक देखने को मिल रही है, जिसमें भी उच्च आय वर्ग ही खरीदारी करता दिखाई दे रहा है। चांदी में भी छोटी वस्तुओं की खरीदारी है, जिसमें पायल अथवा उपहार में दी जाने वाली हल्की वस्तुओं की मांग 10 प्रतिशत तक है।

# बकिंघम विश्वविद्यालय से अच्युत सामंत 65वीं मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भुवनेश्वर

जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता, महान शिक्षाविद्, केआईआईटी एवं केआईआईएस के संस्थापक प्रोफेसर डॉ. अच्युत सामंत को बकिंघम यूनिवर्सिटी, यूनाइटेड किंगडम द्वारा विश्वविद्यालय के अपने स्नातक समारोह के दौरान मानद डॉक्टरेट (डॉक्टर ऑफ साइंस की डिग्री, ऑनोरिस कॉसा) प्रदान की गई। यह अच्युत सामंत की 65वीं मानद डॉक्टरेट की डिग्री है जिससे वे सम्मानित हुए।

यह सम्मान शिक्षा और सामाजिक सेवा के माध्यम से समाज में प्रोफेसर डॉ. सामंत के उल्लेखनीय योगदान को स्पष्ट करता है। प्रोफेसर डॉ.अच्युत सामंत ने इस सम्मान के लिए यूनिवर्सिटी के शीर्ष अधिकारियों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'पिछले 33 साल से मैं समाज की बेहतरी के लिए अथक प्रयास कर रहा हूं। यह मानद डॉक्टरेट की डिग्री मेरे लिए एक यादगार मील का पत्थर रहेगी। गौरतलब है कि



महान शिक्षाविद् प्रोफेसर डॉ.अच्युत सामंत को अब तक दुनिया भर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और संस्थानों द्वारा इस मानद डॉक्टरेट समेत 65 मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है, जिसमें शिक्षा और समाज सेवा में उनके उत्कृष्ट योगदान को मान्यता दी गई है। महान शिक्षाविद् प्रोफेसर डॉ. अच्युत सामंत की जीवन कहानी के बारे में जानकर विश्वविद्यालय की सीनेट आश्चर्यचकित रह गई, जो प्रेरणा और उम्मीद से भरी है।

संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय
बाणगंगा मार्ग भोपाल-462003 (मध्यप्रदेश)
वेबसाईटः www.archaeology.mp.gov.in
ईमेलः mparchaeology@gmail.com

No. 115/cons/2025 Bhopal Dated: 9.4.25

Request for Proposal Notice
"Selection of Agency for providing Taxi Services on monthly basis"

Directorate of Archaeology invites online proposals from suitable agencies for providing Taxi Services on monthly basis.

For detail scope of work and other terms and conditions, please refer the RFP document available at www.archaeology.mp.gov.in and https://mptenders.gov.in. Document fees of Rs 1,000 (Non-refundable) and EMD of Rs 50,000 (Fifty Thousand Only) needs to be submitted through online mode through https://mptenders.gov.in portal only.

An interested agency who qualifies as per the criteria mentioned in the RFP document may submit their proposals online only through the e-tendering Portal latest by 25/04/2025 till 5:00 pm.

Deputy Director
Archaeology, Achieves and Museums
Phone: 9425772682

G-11467/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग हरदा
Tele: 07577-222519, E-mail :- eeresharmp@nic.in

-: निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 02/2025-26:-

क्रमांक / 646 / निविदा/वलेलि / 2025 दिनांक : 09/04/2025

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से निम्नांकित कार्य हेतु मोहरबंद निविदायें फार्म "ए" (Appendix 2.10) पर म.प्र. के कार्य विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सिविल कार्य एवं सेनेटरी कार्य हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में दिनांक 11.04.2022 से प्रभावशील दर अनुसूची तथा निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर इस कार्यालय में दि. 24.04.2025 को अपरान्ह 5.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है एवं कोरे निविदा प्रपत्र दिनांक 17.04.2025 से 24.04.2025 को समय 5.30 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है एवं निविदा खोलने का दिनांक 25.04.2025 समय 10.30 बजे रहेगा।

| क्र. | कार्य स्थल | कार्य का नाम | विकास खंड | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि रू | निविदा प्रपत्र | समय अवधि | निविदा आमंत्रण का क्रम | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 2 | सिविल लाईन हरदा | सिविल लाईन हरदा टीन शेड निर्माण में कोटा फ्लोरिंग कार्य। (पीछे की तरफ एवं सीढ़ियों पर) | हरदा | 163003 | 3260 | 1000 | 01 माह | प्रथम | सी-श्रेणी या ऊपर की श्रेणी केन्द्रीयकृत पंजीयन |

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग हरदा

जी - 11466/25 स्वच्छता ही सेवा

### पेट्रोल-डीजल पर 15 रुपए प्रति लीटर कमा रहीं कंपनियां

# कच्चा तेल चार साल के निचले स्तर पर, लेकिन रेट नहीं घटा रहीं कंपनियां

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कच्चे तेल की कीमतें चार साल के सबसे निचले स्तर (65.41 डॉलर प्रति बैरल) आ गई हैं। इससे पहले अप्रैल 2021 में दाम 63.40 डॉलर प्रति बैरल थे। इस गिरावट से पेट्रोल-डीजल रिफाइन करने पर होने वाली कमाई ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया है। रेटिंग एजेंसियों के अनुसार मौजूदा समय में तेल कंपनियों को पेट्रोल पर प्रति लीटर 12-15 और डीजल पर 6.12 का मुनाफा हो रहा है। इसके बावजूद तेल कंपनियों ने पिछले एक साल से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई कटौती नहीं की है। हाल ही में संभावना थी कि तेल कंपनियां दाम घटाएंगी।

लेकिन सरकार ने2 लीटर एक्साइज ड्यूटी बढ़ा दी। इसकी आड़ में कंपनियां दाम घटाने से बच गईं। लंबे समय से तेल कंपनियां घाटे का हवाला देकर दामों में कटौती से बच रही हैं। जबकि हकीकत यह है कि पिछले 5 सालों में 7 बड़ी तेल-गैस कंपनियों में केवल एक आईओसी को एक बार 2019-20 में मामूली घाटा हुआ था। इसे छोड़ दिया जाए तो ये कंपनियां साल दर साल भारी मुनाफा कमा रही हैं। केंद्र सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय की पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल के अनुसार पेट्रोल-डीजल से केंद्र और राज्य सरकारों ने 5 साल में 35 लाख करोड़ जुटाए हैं।




### केंद्र को कुल 21.4 लाख करोड़ की कमाई हुई


*केंद्र को एक्साइज ड्यूटी, कंपनियों के लाभांश और आयकर से कुल 21.4 लाख करोड़ की कमाई हुई और राज्य सरकारों के वैट और लाभांश में हिस्सेदारी के रूप में 13.6 लाख करोड़ मिले। 2023-24 में 7 बड़ी तेल कंपनियों ने 2.29 लाख करोड़ मुनाफा कमाया। इन्हें पिछले 5 साल से लगातार मुनाफा हो रहा है। सिर्फ आईओसी को 2019-20 में 934 करोड़ रु. का घाटा हुआ था।रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने पिछले पांच साल में सबसे ज्यादा 2.86 लाख करोड़ का लाभ कमाया। ओएनजीसी दूसरे पर रही।इन तेल कंपनियों में 2019-20 से 2023-24 के बीच कुल 7 लाख करोड़ से भी ज्यादा का लाभ कमाया। पर ग्राहकों को ज्यादा राहत नहीं दी।*

### सब्सिडी खर्च की 85 फीसदी भरपाई पेट्रोल-डीजल से हो रही

2024-25 में राज्य सरकारों का सब्सिडी बिल 4.7 लाख करोड़ रहा। केंद्र की कुल सब्सिडी इस वर्ष 3.81 लाख करोड़ थी। दोनों को मिलाकर देश में कुल सब्सिडी 8.51 लाख करोड़ की रही। इसके एवज में राज्यों को पेट्रोल-डीजल पर टैक्स से 3.2 लाख करोड़ और केंद्र को 4 लाख करोड़ मिले। दोनों को मिलाकर कुल कमाई 7.2 लाख करोड़ रही। यानी केंद्र-राज्य सरकारों ने जो सब्सिडी बांटी उसका करीब 85 फीसदी हिस्सा पेट्रोल-डीजल पर टैक्स लगाकर ही वसूल लिया। केंद्र व राज्य सरकारों के लिए पेट्रोल-डीजल आय का बड़ा जरिया हैं। पेट्रोल पर प्रति लीटर करीब 22 टैक्स ले रहा है केंद्र पेट्रोल पर केंद्र सरकार 21.90 टैक्स लेती है। दिल्ली की सरकार 15.39 वैट लेती है। कुल टैक्स 37.30 लीटर है।

### पिछले डेढ़ साल से सरकार अपने हिसाब से दाम घटा और बढ़ा रहीं

पेट्रोल-डीजल एक 'पॉलिटिकल कमोडिटी' बन गई है। कहने को तो सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम बाजार के हवाले कर दिए हैं, लेकिन पिछले एक से डेढ़ साल से सरकार अपने हिसाब से दाम घटा और बढ़ा रही है। सरकारी तेल कंपनियों को निजी क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों से मुकाबला करने के लिए जरूरी है कि वे ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाएं। अन्यथा उनका मार्केट शेयर तेजी से घट सकता है, अभी देशभर में नायरा औररिलायंस के पेट्रोल पंप में पेट्रोल-डीजल सस्ता मिल रहा है।



**अजय सिंह**
अध्यक्ष, मप्र पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन

### देश में पेट्रोल की सालाना खपत 4,750 करोड़ लीटर

देश में पेट्रोल की सालाना खपत 4,750 करोड़ लीटर यानी प्रति व्यक्ति सालाना खपत 33.7 ली. है। डीजल की सालाना खपत 10,700 करोड़ लीटर यानी 75.88 ली. प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष है। यानी प्रति व्यक्ति सालाना पेट्रोल-डीजल की खपत 109.6 लीटर यानी प्रति माह 9.13 लीटर। यह खपत सालाना 10.6 फीसदी की दर से बढ़ती है।

### कच्चे तेल के दाम 65-75 डॉलर के बीच

*जानकारों के मुताबिक पिछले तीन महीने के अंदर कच्चे तेल के दाम 65-75 डॉलर के बीच में ही रहे हैं। उस आधार पर ही तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) पेट्रोल पर 4 रु. डीजल पर करीब 3.5 प्रति लीटर तक दाम घटाने की स्थिति में हैं। ट्रम्प के टैरिफ वॉर के बाद दुनियाभर में कच्चे तेल के दाम 8-10 डॉलर प्रति बैरल तक घट चुके हैं। ऐसे में तेल कंपनियां अगले माह से कटौती करके भी ग्राहकों को राहत दे सकती हैं।*

## बिजनेस न्यूज

### केनरा बैंक ने एफडी की ब्याज दरों में बदलाव किया

**भोपाल।** आरबीआई के रेपो रेट में कटौती के बाद अब बैंकों ने भी फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी पर मिलने वाले ब्याज में कटौती करना शुरू कर दी है। केनरा बैंक ने फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज दरों को 20 बेसिस प्वाइंट की कटौती की है। इसके पहले कोटक महिंद्रा बैंक ने भी एफडी पर ब्याज दरों को घटाया है। 1 साल की एफडी पर अब 6.85 फीसदी ब्याज नई ब्याज दरों के अनुसार अगर अब केनरा बैंक में 1 साल के लिए कराते हैं तो आपको सालाना 6.85 फीसदी की दर से ब्याज मिलेगा। वहीं 2 साल की एफडी पर 7.15 फीसदी, 3 साल की एफडी पर 7.20 फीसदी और 5 साल की एफडी पर 6.70 फीसदी ब्याज मिलेगा। वहीं बैंक 444 दिन की एफडी पर 7.25फीसदी ब्याज ऑफर कर रहा है।

### पीएनबी, बीओबी सहित कई बैंकों ने सस्ता किया लोन

**भोपाल।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट में 25 बेसिस प्वॉइंट्स की कटौती के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक सहित कई बैंकों ने भी अपने लेंडिंग रेट्स को कम कर दिया है यानी कि वह ब्याज दर जिस पर बैंक लोन या उधार देती है। ऐसे में अब कार, होम या पर्सनल लोन पर ईएमआई भी कम हो जाएगी। ब्याज दर कम करने का फैसला जिन सरकारी बैंकों ने लिया है उसमें बैंक ऑफ बड़ौदा की ओवरनाइट मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स-बेस्ड लेंडिंग रेट 8.15 परसेंट हो गई है, जबकि एक साल की एमसीएलआर 9 परसेंट पर आ गई है। बैंक ने रिटेल और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के लिए ब्याज दरों में कटौती का ऐलान गुरुवार को किया। एमसीएलआर का मतलब वह न्यूनतम ब्याज दर है जिस पर बैंक आपको कर्ज देता है। इस कदम का मकसद व्यक्तियों और व्यवसायों को सस्ते दर पर लोन उपलब्ध कराना है ताकि आर्थिक विकास को बढ़ाने मिलने के साथ ही वित्तीय समावेशन को भी समर्थन मिल सके। इसके अलावा चेन्नई बेस्ड इंडियन बैंक ने अपनी रेपो-लिंक्ड ब्याज में 35 बेसिस पॉइंट्स की कटौती करने का ऐलान किया है. इसी के साथ यह 8.70 परसेंट कर दी जाएगी। ये 11 अप्रैल से लागू हो गई है। पंजाब नेशनल बैंक ने भी अपनी रेपो-लिंक्ड ब्याज को 9.10 परसेंट से 8.85 परसेंट कर दिया है। यूको बैंक ने अपने रेपो-लिंक्ड ब्याज को घटाकर 8.8 परसेंट कर दिया है, जो कि 10 अप्रैल से प्रभावी हो चुका है। बैंक ऑफ इंडिया की नई आरवीएलआर 8.85 परसेंट है, जो पहले 9.10 परसेंट थी।

### जेएसडब्ल्यू ने किया रंगों का खेल 2.0 का अनावरण

**मुंबई।** पेंट्स कंपनी और 24 अरब अमेरिकी डॉलर वाले जेएसडब्ल्यू समूह का हिस्सा जेएसडब्ल्यू पेंट्स, आईपीएल 2025 के लिए एक नया अभियान रंगों का खेल 2.0 शुरू करने के लिए तैयार है। पिछले अभियान की सफलता को आगे बढ़ाते हुए नए संस्करण में रंग, सामुदायिक भावना और प्रतिष्ठित चेहरों के मिश्रण के साथ सिनेमाई और उत्सव के अनुभव को और भी बेहतर बनाया गया है। टीबीडब्ल्यूए \ इंडिया द्वारा संकल्पित यह एंथम क्रिकेट की जीवंत भावना को दर्शाता है। जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग ) और महिला प्रीमियर लीग में आठ टीमों के साथ साझेदारी की है। यह जेएसडब्ल्यू पेंट्स के लिए सबसे बड़े ब्रांड एसोसिएशन में से एक है, जिसमें जेएसडब्ल्यू ग्रुप के सह-स्वामित्व वाली दिल्ली कैपिटल, कोलकाता नाइट राइडर्स, सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स (आरआर), और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) सहित आठ टीमों के साथ साझेदारी शामिल है, साथ ही तीन डब्ल्यूपीएल टीमें, गुजरात जायंट्स, दिल्ली कैपिटल और यूपी वॉरियर्स भी शामिल हैं।

### इफको ने त्रिभुवन सहकारी की घोषणा का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** इफको ने लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 की घोषणा और 26 मार्च 2025 को निचले सदन द्वारा इसके अनुमोदन का स्वागत किया है। विधेयक की घोषणा करते हुए सहकारिता और गृह मामलों के मंत्री अमित शाह ने कहा कि स्वतंत्रता के 75 वर्षों के बाद, आज देश को अपना पहला सहकारी विश्वविद्यालय मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, स्वरोजगार और छोटे उद्यमिता के पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करेगा, सामाजिक समावेशन को बढ़ाएगा और नवाचार व अनुसंधान में नए मानक स्थापित करने के अवसरों को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि यह देश को सहकारिता की भावना से प्रेरित और आधुनिक शिक्षा से सुसज्जित एक नया सहकारी नेतृत्व प्रदान करेगा। डॉ. उदय शंकर अवस्थी, प्रबंध निदेशक, इफको ने कहा कि मैं त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 की सराहना करता हूं, जो सहकारी संस्थानों के अग्रणी विकास के लिए एक ऐतिहासिक कदम है।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग हरदा
Office Emall IDeeresharda@mp.gov.in, Office Phone No. 07577-222519

क्र. 633 / व.ले. लि/ग्रा.यां.से./2025-26 हरदा दिनांक 08/04/2025

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 01/2025-26

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से निम्नांकित कार्य हेतु मोहरबंद निविदायें फार्म "ए" (Appendix 2.10) पर म.प्र. के कार्य विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सिविल कार्य एवं सेनेटरी कार्य हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में दिनांक 11.04.2022 से प्रभावशील दर अनुसूची तथा निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर इस कार्यालय में दि. 22.04.2025 को अपरान्ह 5.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है एवं कोरे निविदा प्रपत्र दिनांक 15.04.2025 से 22.04.2025 को समय 5.30 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है एवं निविदा खोलने का दिनांक 23.04.2025 समय 10.30 बजे रहेगा।

| क्र. | कार्य स्थल | कार्य का नाम | विकास खंड | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू | निविदा प्रपत्र | समय अवधि | निविदा आमंत्रण का क्रम | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | सिविल लाईन हरदा | सिविल लाईन हरदा टीन शेड निर्माण में कोटा फ्लोरिंग कार्य। | हरदा | 161436.00 | 3229 | 1000 | 01 माह | प्रथम | सी-श्रेणी या ऊपर की श्रेणी केन्द्रीयकृत पंजीयन |
| 2 | | सिविल लाईन हरदा टीन शेड निर्माण में तार फेंसिंग एवं विद्युतीकरण कार्य | हरदा | 41632.00 | 832 | 1000 | 01 माह | | |
| योग | | | | 203095.00 | | | | | |

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग हरदा

जी - 11491/25 स्वच्छता ही सेवा

खंड - I
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्यप्रदेश शासन
कार्यालय उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल मध्य प्रदेश

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 2610/ई-टेंडरिंग/2025-26 दिनांक 11/04/25

1. वनमंडलाधिकारी, उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री / कार्य का नाम | सत्यांकर निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1. | उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल के बैतूल, शाहपुर, भौरा, सारनी एवं रानीपुर परिक्षेत्रों के अंतर्गत वृक्षारोपण क्षेत्रों में पानी सिंचाई हेतु 2000 लीटर क्षमता के टेंकर की दरें बाबत्। | 30000/- | 500/- |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है ।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड इंटरनेट बैकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का आनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 11.04.2025 शाम 06.00 बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टलः https://www.mptenders.gov.in/

वनमंडलाधिकारी
उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल

G-11490/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

## चिंतन

# मनरेगा में सतत सुधार की जरूरत

संविधान निर्माता और अर्थशास्त्री डा. भीमराव आंबेडकर की आज जयंती है। डा. आंबेडकर ने अपने अर्थशास्त्रीय चिंतन में गरीबी उन्मूलन के लिए आमदनी के स्थाई स्त्रोत के निर्माण की अवधारणा रखी थी। इसके लिए उन्होंने स्टेट सोशलिज्म का सिद्धांत दिया था, जिसमें राज्य द्वारा हर परिवार को बिना भेदभाव स्थाई आजीविका उपलब्ध कराने की बात है। आंबेडकर को मानने वाले नेता, राजनीति और सत्ता, किसी ने भी स्थाई रोजगार सृजन की ओर ध्यान नहीं दिया। आंबेडकर को मानने वाले बौद्धिक व चिंतक वर्ग ने भी कभी देश में रोजगार सृजन के स्थाई स्त्रोत निर्माण को अपने विमर्श का केंद्र नहीं बनाया। राजनीतिक और बौद्धिक उदासीनता ही है कि डा. आंबेडकर के जातिमुक्त समाज के सपने को साकार करने की दिशा में अब तक किसी ने भी प्रयास नहीं किया। डा. आंबेडकर के स्टेट सोशलिज्म का लक्ष्य बिना भेदभाव सभी नागरिकों का सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक उत्थान कर उनको आत्मनिर्भर बनाना है। यह लक्ष्य अब भी अधूरा है। वर्ष 2005 में जब संसद से मनरेगा विधेयक पास हुआ था, तो रोजगार सृजन की एक पहल की गई थी। 2006 में 200 जिलों में और वर्ष 2008 में समूचे देश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) लागू हुआ था। इस योजना में ग्रामीण क्षेत्र में इच्छुक अकुशल श्रमिकों को सौ दिन की रोजगार गारंटी देने का प्रावधान किया गया था। संसदीय समिति ने मनरेगा के तहत न्यूनतम मजदूरी 400 रुपए व वर्ष 100 दिन के बदले 150 दिन रोजगार देने की सिफरिश की है। ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की जो आज स्थिति है, उसमें यह सिफारिश उचित है। सरकार गरीबी उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं, लेकिन सरकार की अधिकांश योजनाएं नागरिकों को सक्षम व समर्थ बनाने के बजाय फ्रीबिज की तरह हैं, जो नागरिकों को वित्तीय मदद तक सीमित रखता है, उनका सक्षम मानव बल के तौर पर निर्माण नहीं होता है। मौजूदा व्यवस्था में भी अगर सभी सरकारी वेल्फेयर योजनाओं को मिलाकर केवल रोजगार सृजन योजना ही चलाई जाए तो भी कुछेक साल में गरीबी उन्मूलन हो जाएगा, जो डॉ. आंबेडकर का सपना साकार करने वाला कदम होगा। इसलिए मनरेगा समेत अन्य रोजगारपरक योजनाओं को मजबूत करने की जरूरत है, तभी देश विकसित भारत का लक्ष्य हासिल कर सकेगा। राष्ट्र के सभी नागरिकों को आर्थिक सृजन में शामिल करना जरूरी है। मनरेगा इसमें सहायक है, लेकिन मनरेगा से जुड़ी योजना की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए एक स्वतंत्र सर्वेक्षण किया जाना चाहिए व उभरती चुनौतियों के मद्देनजर योजना को नया रूप दिया जाना चाहिए। वर्ष 2021-22 में लगभग 50.31 लाख जॉब कार्ड मामूली वर्तनी संबंधी त्रुटियों या आधार विवरण से विसंगति के कारण समाप्त कर दिए गए थे। ऐसा नहीं होना चाहिए। जॉब कार्ड निर्माण होते रहना चाहिए। मनरेगा में सतत सुधार व सोशल ऑडिट होते रहना चाहिए, बजट की कमियों को दूर किया जाना चाहिए, जवाबदेही निश्चित की जानी चाहिए, जाति आधारित भेदभाव दूर होना चाहिए, संपत्ति निर्माण पर जोर देना चाहिए व इसे कदाचार से भी मुक्त करना चाहिए। मनरेगा के तहत अमृत सरोवर, जलदूत ऐप व लोकपाल ऐप अच्छी पहल हैं, इसे और प्रभावी बनाया जाना चाहिए। मनरेगा को कौशल विकास कार्यक्रम से जोड़ा जाना चाहिए। मनरेगा की तर्ज पर शहरी क्षेत्र के लिए भी रोजगार गारंटी कार्यक्रम लाया जाना चाहिए।

# बाबा साहेब की कल्पनाओं को साकार करती मोहन सरकार



जयंती विशेष
क्रांतिदीप अलूने


डॉ. आंबेडकर ने समाज में समानता और सशक्तिकरण के लिए जो मार्गदर्शन दिया, वह मध्यप्रदेश में विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो, इसके लिए राज्य सरकार लोक-कल्याण के व्यापक कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, डॉ. आंबेडकर की कल्पनाओं को साकार करते हुए सुशासित प्रदेश की अवधारणा पर प्रदेश के विकास को तीव्र गति से आगे बढ़ा रहे हैं। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश में समान अवसर और समावेशी विकास की योजनाओं ने उसे एक सशक्त और प्रगतिशील राज्य बना दिया है। मध्यप्रदेश डॉ. आंबेडकर के सिद्धांतों के अनुरूप आगे बढ़ रहा है।

डॉ. आंबेडकर के चिंतन और संघर्ष का मूल उद्देश्य सामाजिक न्याय, समानता और सम्मान के साथ सभी का खुशहाल जीवन था। मध्यप्रदेश में बड़ी आबादी अनुसूचित जातियों, जनजातियों और पिछड़े वर्गों की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में डॉ. आंबेडकर की संकल्पना को साकार करते हुए राज्य सरकार वंचित और गरीब वर्गों के सर्वंगीण विकास और खुशहाल जीवन के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव संविधान दिवस (26 नवंबर) पर मध्यप्रदेश में निवेश लाने के लिए अपने यूके-जर्मनी दौरे के बीच लंदन में उस स्थान पर पहुंचे जहां 1920 के दशक में डॉ. आंबेडकर ने निवास किया था। डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर उन्होंने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा संविधान की प्रस्तावना का वाचन भी किया। दरअसल, भारतीय संविधान की प्रस्तावना एक उद्घोषणा है, जो संविधान की मूल भावना, उद्देश्यों और आदर्शों को दर्शाती है। यह संविधान के उद्देश्यों की आधारशिला है। प्रस्तावना में समस्त नागरिकों के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय का संकल्प दिखाया गया है और प्रदेश उन संकल्पों को पूरा करने के लिए कृतसंकल्प है।

मध्यप्रदेश में डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को महू में हुआ था और राज्य उनके विचारों को साकार करने वाली भूमि के रूप में पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने जनकल्याणकारी कार्यों से यह सुनिश्चित किया है कि वंचित वर्गों के लिए संचालित कार्यक्रम और योजनाओं को डॉ. आंबेडकर की अपेक्षाओं के अनुरूप व्यवहारिक जीवन और नीति निर्माण में भी उतारा जाए। भारत एक कल्याणकारी राज्य है, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों, विशेष रूप से गरीब वर्ग के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी लोक कल्याणकारी योजनाओं का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चिंतन के अनुरूप 'सबका साथ और सबका विकास' को बनाया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की है कि डॉ. आंबेडकर की जन्म स्थली महू में स्थापित डॉ. भीमराव आंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय को 'सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित किया जाएगा। डॉ. आंबेडकर शिक्षा को जीवन का सबसे ताकतवर हथियार मानते थे। उनके लिए शिक्षा सिर्फ व्यक्तिगत तरक्की का साधन नहीं अपितु सामाजिक परिवर्तन, समानता और न्याय का रास्ता थी। उन्होंने शिक्षा को दलितों, पिछड़ों और शोषित वर्गों के लिए मुक्ति का द्वार बताया था। उनका मानना था कि उच्च शिक्षा संस्थान वैज्ञानिक, शिक्षाविद, विचारक और जिम्मेदार नागरिक तैयार करते हैं। अब डॉ. आंबेडकर से प्रेरणा लेकर सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस से उत्कृष्ट विद्यार्थी निकल सकेंगे।

**पंच तीर्थ की यात्रा कराएगी सरकार:** महू में डॉ. आंबेडकर स्मारक के साथ कई अन्य स्थान भी हैं, जो उनके संघर्ष और योगदान को याद दिलाते हैं। यह स्थल पूरे देश के लिए गौरव और प्रेरणा का स्त्रोत हैं। महू डॉ. आंबेडकर के अनुयायियों के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थ



स्थल है। देश विदेश से लाखों लोग यहां पर आते है। मध्यप्रदेश सरकार डॉ. भीमराव आंबेडकर की स्मृति में पंच तीर्थों उनके जन्म स्थान, दीक्षा स्थल, कर्मभूमि, शिक्षा स्थल और जहां उनका महा-परिनिर्वाण हुआ था, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत इन पंच तीर्थों बाबा साहेब की जन्मस्थली महू, दीक्षा भूमि नागपुर, महा-परिनिर्वाण स्थली दिल्ली, चैत्य भूमि मुंबई और यूके के लंदन में स्थित पढ़ाई के समय का उनका निवास स्थल शामिल हैं, की यात्रा कराएगी।

सागर जिले के करीब ढाई सौ वर्ग किलोमीटर आरक्षित वन क्षेत्र को प्रदेश का 25वां अभयारण्य घोषित किया है। संविधान के शिल्पकार डॉ. आंबेडकर के पर्यावरण संरक्षण के प्रति आग्रह को याद करते हुए अभयारण्य का नाम डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम से रखा गया है। अभयारण्य के गठन से वन एवं वन्य-प्राणियों का संरक्षण एवं संवर्धन होगा। इस अभयारण्य से पारिस्थितिकीय तंत्र में खाद्य श्रृंखला सुदृढ़ होगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

**प्रदेश का सबसे लंबा फ्लाईओवर ब्रिज डॉ. आंबेडकर के नाम:** सेतु केवल दो स्थानों को जोड़ने वाली संरचना नहीं होती बल्कि यह संपर्क, विकास और विश्वास का प्रतीक होता है। देश के हृदय प्रदेश की राजधानी भोपाल के हृदय-स्थल कहे जाने वाले महाराणा प्रताप नगर में बने प्रदेश के सबसे (2.73 किमी) लंबे फ्लाई-ओवर का नामकरण बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनेकता में एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया है।

**डॉ. आंबेडकर पशुपालन विकास योजना, किसान समृद्धि की नई पहल:** समता और समानता के पैरोकार रहे डॉ. आंबेडकर के नाम पर राज्य सरकार ने किसानों की समृद्धि के लिए 'डॉ. आंबेडकर पशुपालन विकास योजना' को मंजूरी दी। पशुपालन और डेयरी, कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते हैं, अपितु आधुनिक भारत में भी एक बड़ा आर्थिक क्षेत्र है। पशुपालन एवं डेयरी और डॉ. भीमराव आंबेडकर का संबंध मुख्य रूप से समाज के आर्थिक उत्थान और सामाजिक न्याय से जुड़ा हुआ है। डॉ. आंबेडकर ने हमेशा सामाजिक और आर्थिक समानता की बात की और समाज के प्रत्येक वर्ग को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया। पशुपालन और डेयरी उद्योग को उन्होंने आर्थिक स्वतंत्रता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखा, विशेष रूप से दलित, जनजातीय और पिछड़े समुदायों के लिए।

डॉ. आंबेडकर ने समाज में समानता और सशक्तिकरण के लिए जो मार्गदर्शन दिया, वह मध्यप्रदेश में विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो, इसके लिए राज्य सरकार लोक-कल्याण के व्यापक कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, डॉ. आंबेडकर की कल्पनाओं को साकार करते हुए सुशासित प्रदेश की अवधारणा पर प्रदेश के विकास को तीव्र गति से आगे बढ़ा रहे है। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश में समान अवसर और समावेशी विकास की योजनाओं ने उसे एक सशक्त और प्रगतिशील राज्य बना दिया है। मध्यप्रदेश डॉ. आंबेडकर के सिद्धांतों के अनुरूप आगे बढ़ रहा है।

(लेखक उप संचालक जनसंपर्क, भोपाल हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# आंबेडकर के सपनों को साकार करे राष्ट्र

विमर्श
डॉ. घनश्याम बादल



आंबेडकर का राजनीतिक दर्शन भारतीय राजनीति और समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाला रहा है। उनका दर्शन सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर आधारित था। आंबेडकर का मानना था कि जब तक समाज में छुआछूत, जातिवाद और असमानता बनी रहेगी, तब तक लोकतंत्र केवल एक दिखावा होगा। उन्होंने सामाजिक समानता को राजनीतिक स्वतंत्रता से भी ज़्यादा महत्वपूर्ण माना। भारतीय संविधान के शिल्पकार ने संविधान में नागरिकों को समान अधिकार, स्वतंत्रता, शिक्षा, रोजगार और न्याय की गारंटी प्रदान करवाई। उनका विश्वास था कि संविधान के जरिए सामाजिक परिवर्तन लाया जा सकता है। आंबेडकर ने लोकतंत्र को केवल राजनीतिक प्रणाली ही नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन का तरीका माना। आंबेडकर राज्य को समाज में सकारात्मक हस्तक्षेप करने वाला मानते थे। उनका मानना था कि राज्य को शोषित वर्गों के उत्थान के लिए आरक्षण, शिक्षा और सामाजिक सुधार जैसे मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। आंबेडकर के लिए धर्म व्यक्तिगत आस्था रही लेकिन सामाजिक न्याय के विरोध में खड़े धर्म का वे विरोध करते थे। उन्होंने अंततः बौद्ध धर्म को अपनाया, जो उनके राजनीतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से मेल खाता था। उनका अंतिम लक्ष्य ऐसा भारत था जहां जाति के आधार पर कोई भेदभाव न हो और हर व्यक्ति को समान अवसर मिले। आज भी आंबेडकर का नाम दलित वोटों को किसी चुंबक की तरह खींचता है। आंबेडकर के बाद कितने ही दलित नेता आए लेकिन आंबेडकर जैसा तिलिस्म कोई नहीं खड़ा कर पाया, न जगजीवन राम और न कांशीराम या रामविलास पासवान और न ही मायावती स्वयं को आंबेडकर में बदल पाए। आंबेडकर जयंती मनाने व उनकी जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित कर देने से दलित वर्ग भले ही खुश हो, मगर आंबेडकर के साथ जीते जी जो व्यवहार हुआ और मृत्यु के पश्चात भी उन पर जिस तरह उंगलियां उठाई गई, उससे आंबेडकर के प्रति राजनीतिक दलों एवं सरकारों के रवैये एवं उनकी कथनी-करनी के अंतर का साफ पता चलता है। गरीब दलित परिवार में पैदा हो, फर्श से अर्श का सफर तय करने वाले आंबेडकर भारतीय संविधान के जनक तो हैं ही आज भी सोशल इंजीनियरिंग की धुरी हैं। भीमराव आंबेडकर के चिंतन पर भी बहस की पर्याप्त गुंजाइश है। आंबेडकर की उंगली उठाए हुए लगाई गई प्रतिमाएं जहां समाज एवं सरकारों की मंशा पर उंगली उठा रही लगती हैं, वहीं स्वयं उन पर भी आजीवन उंगलियां उठती रही। तब भी जब आंबेडकर का चुनाव संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में किया जा रहा था और तब भी जब उनके बनाए कानूनों को दुनिया अचरज भरी नज़र से देख रही थी और तब भी जब उन्हें देश में आरक्षण के नाम पर चल रहे दंगों के लिए सबसे बड़ा गुनहगार बताया जा रहा था और जब उन्हें देश के दलित वर्ग का 'मसीहा' कहा जा रहा था और तब भी जब उन्हें 'पैर की जूती' कह लांछित किए जाने वाले दलित वर्ग को सिर माथे पर बिठाने का दोषी माना जा रहा था। इतना ही नहीं, जब उन्होंने हिंदू धर्म को त्याग कर बौद्ध धर्म स्वीकार किया तब भी उनके इस निर्णय पर बहुत पैनी एवं कठोर मुद्रा वाली उंगलियां उठीं थी। दलितों के मसीहा भीमराव, आज़ाद हिंदुस्तान के गरीब,वंचित व दलित समाज के श्रद्धापात्र 'भीम' भारत के साथ ऐसे जुड़े हैं कि भीम और भारत को अलग करना संभव ही नहीं लगता है। आज डा. आंबेडकर के नाम से वोटों की फसल काटने वाले तो बहुत हैं पर उनके दिखाए रास्ते पर कम ही चलते हैं। इसी वजह से आंबेडकर का दलित-पिछड़ों के समन्वय का सपना आज भी अधूरा है। दलित अभी भी त्रस्त हैं और जब तक उन्हें गरीबी की रेखा से ऊपर नहीं लाया जाता, उनके लिए समाज के दूसरे वर्गों में सम्मान व बराबरी का भाव नहीं आ जाता, तब तक आंबेडकर का 'मिशन बराबरी' का स्वप्न पूरा नहीं होगा।

अंतिम समय में उन्होंने जातिगत आरक्षण का विरोध भी किया था। वे मानते थे एक बार आरक्षण की बैसाखी पर चलने की आदत होने पर दलित व पिछड़ा समाज हमेशा के लिए उसका आदी हो जाएगा और उसकी उन्नति की जमीन चालाक वर्ग हथिया लेगा और आज ऐसा ही हो रहा है। इसीलिए उन्होंने आरक्षण की अवधि केवल 15 वर्ष रखी थी लेकिन यह अगले 15 वर्षों में भी पूरे होते नहीं दिखते, खैर इन्हीं सीमाओं आलोचनाओं एवं सराहनाओं के बीच आंबेडकर के प्रति उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि।

जयंती विशेष
सुरेश पचौरी



# वे सामाजिक क्रांति के महानायक

मध्यप्रदेश की माटी के गौरव सपूत, भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर, समता मूलक समाज की स्थापना के प्रणेता और भारत के संविधान के निर्माता हैं। डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्षों की ऐसी महागाथा है जिसने इंसानियत को सही अर्थों में समझा और मानवीय गरिमा को स्थापित कर इतिहास को गौरवान्वित किया। दलित समाज में मानवाधिकारों के प्रति चेतना जगाने में उनका विशेष योगदान है। दलित एवं कमजोर वर्गों के लिए उनका स्पष्ट संदेश था: शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। डॉ. आंबेडकर राजनैतिक लोकतंत्र को सामाजिक लोकतंत्र में बदलना चाहते थे। वे आर्थिक शोषण के खिलाफ संरक्षण को संविधान के मूलभूत अधिकारों के रूप में सम्मिलित करने के पक्षधर थे।

डॉ. आंबेडकर ने विश्व संविधानों के श्रेष्ठ मूल्यों, उन्नत प्रावधानों को भारतीय संस्कृति के अनुरूप ढालकर भारतीय संविधान को वैश्विक संघर्षों एवं अनुभवों से समृद्ध किया। डॉ. आंबेडकर ने संविधान की रचना करते समय इस बात को बारीकी से ध्यान में रखा कि आजाद भारत जातियों, संप्रदायों में विभाजित हुए बिना एकजुट मानव समाज के रूप में अपनी विकास यात्रा तय करे। डॉ. आंबेडकर का जीवन एवं दर्शन सामाजिक एवं आर्थिक नवनिर्माण को सही दिशा देने का मूल मंत्र है। बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी डॉ. आंबेडकर एक चिंतनशील पत्रकार थे। वे पत्रकारिता को सामाजिक न्याय का माध्यम मानते थे। उन्होंने कहा था- जैसे पंख के बिना पक्षी नहीं होते वैसे समाचार पत्र के बिना आंदोलन नहीं होते। डॉ. आंबेडकर



ने खुद भी 1920 में मूकनायक अखबार का प्रकाशन शुरू किया जिसके माध्यम से मानवीय संवेदनाओं को राष्ट्रीय स्वर दिया। इसका असर यह हुआ कि अंग्रेजों की दलित समाज को हिंदू समाज से अलग करने की चाल विफल हुई। सामाजिक समरसता और समाज में बराबरी का भाव डॉ. आंबेडकर के चिंतन के केंद्र बिन्दु रहे लेकिन यह सिर्फ दलित या कमजोर वर्ग तक सीमित नहीं था, उन्होंने महिलाओं को संपत्ति में अधिकार, हिंदू समाज में बहुविवाह प्रथा पर रोक लगाने के हिंदू कोड बिल को लागू करवाने के लिए अथक प्रयास किए। यह उनके सिद्धांतों के प्रति दृढ़ता का परिचायक था कि हिंदू कोड बिल को पारित न होने पर उन्होंने कानून मंत्री के पद से स्तीफा दे दिया।समानता पर आधारित शोषणमुक्त समाज के निर्माण की दिशा में निर्णायक कदम उठाते हुए उन्होंने 14 अक्टूबर 1956 को अपने अनुयायियों सहित बौद्ध धर्म अपनाया। नागपुर की पवित्र दीक्षाभूमि पर उन्होंने प्रतिज्ञा की कि मैं इस सिद्धांत को मानूंगा कि सभी मनुष्य एक हैं। मैं बौद्धधर्म के तीन तत्वों 1. ज्ञान 2. करूणा 3. शील के अनुरूप स्वंय को ढालूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार ने डॉ. आंबेडकर के जीवन और कृतित्व को चिरस्मरणीय बनाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। डॉ. आंबेडकर के जीवन से गहरे संबंध रखने वाले पांच स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। ये पंचतीर्थ इस प्रकार हैं।

**डॉ. आंबेडकर की जन्म स्थली, महू:** डॉ. आंबेडकर की जन्म स्थली महू में उनकी स्मृति में भव्य स्मारक बनाया गया है एवं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा महू में डॉ. आंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है।

**शिक्षा भूमि, लंदन:** डॉ. आंबेडकर ने लंदन में जिस इमारत में रहकर अपनी पढ़ाई पूरी की थी उसे खरीद कर, उस तीन मंजिला इमारत को अंतर्राष्ट्रीय सहअनुसंधान केंद्र के रूप में विकसित किया है।

**दीक्षा भूमि, नागपुर:** डॉ. आंबेडकर ने नागपुर में जिस जगह बौद्ध धर्म को स्वीकार किया था, उस दीक्षा भूमि पर एक भव्य ग्रंथालय, शोध केंद्र और सभागार का निर्माण कराया गया है।

**महापरिनिर्वाण भूमि, दिल्ली:** दिल्ली के अलीपुर रोड पर वह बंगला स्थित है, जहां पर डॉ. आंबेडकर ने अंतिम सांस ली थी। इस स्थल पर एक स्मारक बनाया गया। डॉ. आंबेडकर स्मारक, मुंबई: मुंबई के उस मकान में, जहां बाबा साहेब ने वर्षों तक निवास किया, वहां डॉ. आंबेडकर की आदमकद प्रतिमा लगाई गई तथा लगभग 13 हजार लोगों की क्षमता वाला विपश्यना हाल बनाया गया है। वे संपूर्ण मानवजाति के उद्धारक थे। उन्होंने धर्म और जाति से परे शोषण मुक्त समाज का सपना देखा था और उसे साकार करने के लिए वे संकल्पबद्ध थे।

(लेखक पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं)

# 'भीम' के भावभूमि के भारत की चिंता



आंबेडकर जयंती
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

डॉ. आंबेडकर ने आज़ाद भारत के संविधान को सौंपते हुए जो चिंता व्यक्त की थी, वह पूंजीवादी लोगों के विकास के साथ सही साबित होने लगी है। आर्थिक रूप से विपन्न समाज सदैव अर्थहीन ही बनकर रह जाता है। डॉ. आंबेडकर ने जिस सामाजिक व्यवस्था के साथ लड़ाई लड़ी और आर्थिक बराबरी को समाज का हिस्सा बनाना चाहा, वही समाज सबसे ज्यादा चुनौतियों व उलझनों में फंसता जा रहा है। आज के कॉर्पोरेट कल्चर व पूंजीवादी व्यवस्थाओं ने नए तरीके से चुनौतियों को जन्म दिया है। डॉ. आंबेडकर जिस दौर में थे उन्हें अपने समाज की चिंता थी। उन्होंने जब भी मजदूरों के लिए संघर्ष किया या उनकी समस्याओं के लिए प्रतिरोध किया, वह दौर कुछ और था।

भारत निर्माण की बहस चल रही है। यह निर्मित यदि पूंजी के दबाव में हाई-एलिट तबके के ही जीवन का उत्सव बन रही है तो निःसंदेह गरीब, गरीब बना रहेगा और अमीर, अमीर बनता जाएगा। यह समस्या भारत का मध्य-वर्ग तो झेल लेगा लेकिन देश में निम्न मध्य वर्ग और हाशिए के समाज की स्थितियों का क्या होगा, जिनका विकास अभी तक हो ही नहीं सका। पूंजीवादी सोच वाली सरकार कभी भी हाशिए के दुःख को समाप्त कर ही नहीं पाती। डॉ. आंबेडकर ने आज़ाद भारत के संविधान को सौंपते हुए जो चिंता व्यक्त की थी, वह पूंजीवादी लोगों के विकास के साथ सही साबित होने लगी है। आर्थिक रूप से विपन्न समाज सदैव अर्थहीन ही बनकर रह जाता है। डॉ. आंबेडकर ने जिस सामाजिक व्यवस्था के साथ लड़ाई लड़ी और आर्थिक बराबरी को समाज का हिस्सा बनाना चाहा, वही समाज सबसे ज्यादा चुनौतियों व उलझनों में फंसता जा रहा है।

आज के कॉर्पोरेट कल्चर व पूंजीवादी व्यवस्थाओं ने नए तरीके से चुनौतियों को जन्म दिया है। डॉ. आंबेडकर जिस दौर में थे उन्हें अपने समाज की चिंता थी। उन्होंने जब भी मजदूरों के लिए संघर्ष किया या उनकी समस्याओं के लिए प्रतिरोध किया, वह दौर कुछ और था। हो सकता है जिस रीति और व्यवस्था के खिलाफ थे, उसके खिलाफ वह प्रतिरोध किए, आज होते तो वह ज्यादा दुखी होते क्योंकि अब जो सामाजिक अवरसंरचना है वह ज्यादा ही हिंसक व बर्बर हो चुकी है। दलितों के तब के जीवन जातीय अभिजात्य व्यवस्था से पीड़ित थे। अब वही दलित जो विभिन्न संघर्षों के साथ झुग्गी झोपड़ियों से उठकर शहरी हो चुका है, उनके दर्द डॉ. आंबेडकर के लिए ज्यादा पीड़ा के विषय होते क्योंकि तब भी श्रमिक व मजदूर जिस तरह जीवन जी रहे थे, उनका विकास उस पैमाने पर कहां हुआ है? ज्यादा से ज्यादा वे गांव छोड़कर शहरी अछूत व्यवस्था के शिकार बन गए हैं। आज भी कितने प्रतिशत दलित समाज के लोगों ने अपने जीवन को सर्व सुख संपन्न बना लिया है? आज भी कितने दलित समाज के लोगों ने बहुत बड़ी उपलब्धियों को हासिल कर लिया है? जो कर भी लिए हैं वे दलित एलीट फील से कहां उबर रहे हैं। वे भी गांव में रह रहे अपने ही समाज को हेय दृष्टि से देखते हैं।

भारत में यह पूंजीवादी सोच जो कि संघर्ष करके ऊपर पहुंची आबादी है, उसमें जो घर कर गई है, वे ही तो आज की पूंजीवादी सोच के पक्षकार बन गए हैं। वे भी तो कॉर्पोरेट कल्चर को सही साबित करने, उन्हें व्यवस्थित होने में सहयोग करने लगे हैं। वह तो केवल डॉ. आंबेडकर थे जो अपने जीवन की यातना को सबके समक्ष सच्चाई से रखते हैं और उस पूरी व्यवस्था को ललकारते हैं। आज का उसी समाज से उठा हुआ व्यक्ति कहां किसकी लड़ाई लड़ रहा है?

कहां वह प्रतिरोध कर रहा है? कहां वह सच्चे मन से डॉ. आंबेडकर की भाषा सच्चे व अच्छे लोगों के लिए बोलने को तैयार है? इस युग की सबसे बड़ी दरिद्रता यही है कि पूंजी का जो खेल चल रहा है उसमें संग्रह व सम्मान के लिए लोग मरे जा रहे हैं, उन्हें न डॉ. आंबेडकर सुध आते हैं और न ही उनके अन्त्यज्य जन। पूंजी ने सबके ऊपर अपना असर डाल रखा है। सभी बेसुध होकर किसी के पिछलग्गू बनकर देश में दलित



को दलित बने रहने का सिनेमा देखकर और उस पर कुछ प्रतिक्रिया देकर शांत होने वाले हैं। सच्चे तो केवल आंबेडकर थे। उन्होंने दलित समाज की दूर्दशा को सिनेमा के रूप में नहीं देखा बल्कि उन्होंने तो उस सच्चाई से जूझकर समान व्यवहार वाला समाज सौंपने का रिस्क उठाया। खेती-बाड़ी और गांव में बसने वाला आंबेडकर का आम आदमी आज भी विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहा है। 90 के दशक से ही बीटी कॉटन से कितने दलितों ने अपना जीवन खत्म कर लिया। ये आत्महत्या करने वाले गुजरात, महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश व केरल के दलित किसान कॉर्पोरेट को अपने खेतों में आने से नहीं रोक सके और आत्महत्या कर ली। उन्हें शराबी बताया गया। उन्हें विभिन्न नशा व लत का शिकार बताया गया।

एक तो इन दलित व पिछड़े किसानों के पास जमीन होती नहीं। जिनके पास जमीन है, या जो बटाई पर जमीन लेकर कपास की खेती करते हैं, उन्हें बदले में फायदे तो नहीं मिले, उन्हें मौत ज़रूर मिली। डॉ. आंबेडकर के किसान निःसंदेह मौत के मुंह में जाने से खुद को नहीं बचा सके। पंजाब और दूसरे प्रान्तों में किसानों की समस्याओं की जड़ में जब आप जाएंगे तो पता चलेगा कि कोई कॉर्पोरेट की साजिश है। तब यह पता चलेगा कि इन किसानों की समस्या सरकार नहीं है बल्कि पूंजी है। पूंजी के प्रबंधन का है और इससे प्रभावित पॉलिसीज सरकार और किसान को एक-दूसरे का दुश्मन बनाए हुए है। डॉ. आंबेडकर की भावभूमि का भारत तो बहुत सुलझा हुआ था न कि आज की तरह उलझा हुआ था। वह जिस संविधान से अधिकारों के बच जाने और मिल जाने की उम्मीद किए हुए थे, वही तो नहीं मिल रहा है। पूंजीवाद ने भारतीय मार्जिनलाइज समाज को उलझा रखा है। यदि इसके लिए ही सरकारें और समाज का बौद्धिक तबका कार्य कर ले तो भी उनके उस समाज की रक्षा हो सकेगी जिसकी लड़ाई डॉ. आंबेडकर ने लड़ी। यह एक श्रृंखलाबद्ध तरीके से बड़ी चतुराई से पूंजीवादी समाज का शिकंजा आज कसा जा चुका है। डॉ. आंबेडकर ने जिस शिक्षा से वंचितों, शोषितों, दलितों और हाशिये के समाज के लिए भला सोचा था, वह भी तो अब कॉर्पोरेट ने हड़प लिया है।

सरकारी स्कूलों में अब केवल दलितों के बच्चों का एडमिशन होता है। जिन दलित समाज के पास पैसा होता है, वे तो कान्वेंट में अपने बच्चों का दाखिला करवा पाते हैं। सब पूंजी का खेल है। जो दलितों के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ने जाते हैं, उनके बारे में कहा जाता है कि ये बच्चे पेट भरने के लिए आते हैं, मिड डे मील के लिए आते हैं। इस प्रकार से इन बच्चों को अपमानित भी किया जाता है, यही है भारत का सच। आज के समय में जब तकनीकी विकास कर रही है, उसके पंख लग रहे हैं एआई से तो दूरदराज गांव में पढ़ रहे इन बच्चों की भी चिंता की जानी चाहिए। एक ऐसी व्यवस्था की ओर बढ़ना चाहिए जिससे सुदूर तक लाभान्वित करने वाली योजनाएं इनके संकटों व अवरोधों से मुक्ति दिला सके। आज डॉ. आंबेडकर के भारतीय नागरिकों की सच्ची ज़रूरतें पूरी करना ही भारत की आवश्यकता है। पूंजी का यह किला कैसे ढहेगा? पूंजीवादी समाज में हाशिए का समाज कैसे न्याय पाएगा? पूंजी के कुचक्र से मुक्ति का मार्ग कैसे मिले, इस पर हर भारतीय को सोचने की ज़रूरत है। वरना डॉ. आंबेडकर के भावभूमि के भारत को हम कभी बराबरी के तराजू पर रखकर वैयक्तिक व सामूहिक हित नहीं कर सकेंगे।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### गुरुद्वारा में धूमधाम से मनाया बैसाखी

**औबेदुल्लागंज।** वार्ड 10 अर्जुन नगर में स्थित संत संतोख सिंह भजनगढ़ गुरुद्वारा में बैसाखी पर धूमधाम से मनाया गया। सुबह 10 बजे दीवान सजाया गया। फिर कथाकार जगजीत सिंह (जीते भैया) ने कथा श्रवण कराते हुए बताया कि बैसाखी का पर्व शांति, अमन, भाईचारे का पर्व है। आज के दिन से ही किसान पूजा-पाठ करके अपनी फसल की कटाई का काम शुरू करते हैं। उन्होंने बताया कि आज के ही दिन सन 1699 में गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। जिसे सिक्ख सर्जना दिवस कहकर संबोधित करते हैं। यह त्यौहार पंजाब में सभी समुदाय इकट्ठा होकर मनाते हैं। दोपहर 1 बजे गुरुद्वारे के वजीर भाई भगवान सिंह जी द्वारा अरदास की गई, अरदास के उपरांत गुरु प्रसाद एवं लंगर बाटा गया।

### वैश्य घटकों के अध्यक्षों से संवाद 22 अप्रैल को

**भोपाल।** वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने बताया है कि 22 अप्रैल को वैश्य घटकों के प्रदेश अध्यक्षों के साथ पटेल नगर भोपाल में संवाद कार्यक्रम रखा गया है। घटकों में अग्रवाल, श्वेतांबर जैन, दिगंबर जैन, केशरवानी समाज, असाटी समाज, कसौधन वैश्य, कन्यकुब्ज, हलवाई समाज, मेंढतवाल समाज, स्वर्णकार समाज, चौरसिया महासभा, कलचुरी जायसवाल, तेली समाज, महर्षि समाज, पोरवाल समाज, कच्छी गुजराती समाज, माहौरवेज समाज, चित्तौड़ वैश्य समाज, अग्रहरि समाज, दृढ़ ओमरे समाज, सिरोंजिया अग्रवाल समाज, साहू समाज के प्रमुख लोग सम्मिलित होंगे।

### व्यापारी के 17 साल के बेटे ने फांसी लगाई

**भोपाल।** स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित गली नंबर-1, द्वारिका नगर में 17 साल के किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश परिजन ने रविवार सुबह फांसी के फंदे पर लटकी देखी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण कराया और शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया। पुलिस को कमरे से और किशोरी की तलाशी में सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार प्रिंस सूर्यवंशी पिता इंद्रराज सूर्यवंशी (15) गली नंबर-1, बाउड्री के पास, द्वारिका नगर में रहता था। उसके पिता इंद्रराज सूर्यवंशी हार्डवेयर व्यापारी हैं। इंद्रराज ने पुलिस को बताया कि उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे थे। छोटा बेटा बारह साल का है, जबकि बड़ा बेटा प्रिंस सूर्यवंशी 17 साल का था। उसने आठवीं कक्षा की परीक्षा दी थी। गत दिनों रिजल्ट आया और पता चला कि वह फेल हो गया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि रात में परिवार ने खाना खाया और सो गए थे। रविवार सुबह नींद खुली तो उन्होंने प्रिंस को फांसी के फंदे पर लटका देखा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी।

---

अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित वृंदावन कॉलोनी में हुआ हादसा

# दूसरी मंजिल की छत से गिरा मजदूर, मौत बिना सुरक्षा उपकरण के कर रहा था काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित वृंदावन कॉलोनी में शनिवार दोपहर निर्माणाधीन मकान के सेकंड फ्लोर की छत से गिरकर मजदूर की मौत हो गई। हादसे के बाद ठेकेदार व साथी मजदूर को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को देने की बजाय ठेकेदार और उसके साथ मौजूद मजदूर मृतक की लाश घर छोड़कर आ गए। बड़े भाई को जानकारी लगी और वह काम से घर लौटा। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी।



#### पैर फिसलने से गिरा नीचे

पुलिस के अनुसार लेवर कॉलोनी पिपलानी निवासी राजू मंसूरी (35) मजदूरी करता था। इन दिनों वह ठेकेदार के अंडर में काम कर रहा था। शनिवार को वह वृंदावन कॉलोनी अयोध्या नगर में रेलकर्मी के निमार्णाधीन मकान में काम कर रहा था। दोपहर को ठेकेदार ने राजू को बिना सुरक्षा उपकरण के सेकंड फ्लोर पर काम करने चढ़ा दिया। पैर फिसलने से वह नीचे गिर गया। पथरीली जमीन पर गिरने के कारण उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। साथ काम करने वाले ठेकेदार की मदद से उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद राजू को मृत घोषित कर दिया।

#### घर पर छोड़कर आया ठेकेदार

परिजन ने बताया कि ठेकेदार राजू का शव घर पर छोड़कर आ गया। दोपहर करीब तीन बजे मृतक के बड़े भाई जावेद को घटना की जानकारी मिली। वे घर पहुंचे और पिपलानी पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने उन्हें अयोध्या नगर थाने जाने की सलाह दी गई। वे अयोध्या नगर थाने पहुंचे। इसके बाद राजू को हमीदिया अस्पताल भी ले गए, लेकिन राजू की मौत हो चुकी थी।

## युवक ने खुद को कमरे में बंद कर लगाई फांसी

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित नटराज कॉलोनी में शनिवार रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लग रही है। पुलिस के अनुसार सौरभ पिता सुखदेव (22) नटराज कॉलोनी मिसरोद में रहता था। उसके साथ उसके माता-पिता भी रहते हैं। सभी लोग होटल में काम करते हैं।

सौरभ ने शनिवार शाम अपने कमरे में फांसी लगा ली। सुभाष के कमरे के बगल में मामा रहते हैं। शनिवार शाम को वह दरवाजा बंद कर रहा था। मामा ने उसे दरवाजा बंद करते हुए देखा था। इसके बाद कुर्सी गिरने की आवाज सुनाई दी। वह दरवाजा खटखटाते रहे, लेकिन सुभाष ने नहीं खोला। इसके बाद उन्होंने पड़ोसियों को आवाज दी। लात मारकर दरवाजा तोड़ा। अंदर जाकर देखा तो सुभाष फांसी के फंदे से लटका था। फंदा काटकर तुरंत उसे एम्स अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**बीस दिन की है बच्ची:** सुभाष की एक साल पहले ही शादी हुई थी। 20 दिन पहले उसके घर बच्ची ने जन्म दिया। इसके बाद से ही सुभाष के माता-पिता गांव चले गए थे। शनिवार को सुभाष काम पर गया था।

## शराब के नशे में धुत युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित भीम नगर झुग्गी में रविवार दोपहर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। वह चार साल पहले भी एक बार फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास कर चुका था।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। आज सोमवार को शव का पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार राजेश मरावी पिता श्यामलाल मरावी (34) भीम नगर झुग्गी में रहता था और पुताई के ठेके लेता था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा दो मासूम बेटे हैं। रविवार दोपहर राजेश की पत्नी पड़ोस में महंदी लगाने गई थी।

दरअसल, पत्नी के परिवार में शादी है। राजेश के दोनों बेटे घर के बाहर खेल रहे थे। इस बीच वह शराब के नशे में घर पहुंचा और अंदर कमरे में जाकर फांसी लगा ली। पत्नी महंदी लगाकर लौटी तो उसने पति को फांसी के फंदे पर लटके देखा था। उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग आ गए। राजेश को फंदे से उतारकर वह जय प्रकाश अस्पताल पहुंची थी, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद राजेश को मृत घोषित कर दिया।

---

वृंदावन ढाबे के सामने रविवार तड़के हुआ हादसा

# डंपर में घुसा आयशर ट्रक, कैबिन में फंसा ड्राइवर, मशक्कत के बाद निकाली लाश

हादसे के बाद डंपर चालक डंपर लेकर हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित वृंदावन ढाबा के सामने रविवार सुबह करीब चार बजे आइसर ट्रक डंपर में जा घुसा। तेज रफ्तार में डंपर में घुसने के कारण आइसर ट्रक का कैबिन बुरी तरह से चिपट गया था। इस हादसे में कैबिन में फंसने के कारण ड्राइवर की मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से कैबिन को रस्सी से खिंचवाया और ड्राइवर की लाश बाहर निकाल पीएम के लिए भेज दी। हादसा सामने चल रहे डंपर के एकाएक रुकने के कारण हुआ।

दरअसल, डंपर के टायर फंटने की आवाज सुनकर डंपर के ड्राइवर ने ब्रेक लगा दिए। एकाएक डंपर के ब्रेक लगने से पीछे तेज रफ्तार में चल रहा ट्रक डंपर में घुस गया। हादसे के बाद डंपर चालक डंपर लेकर भाग निकला।

### हादसा सामने चल रहे डंपर के एकाएक रुकने के कारण हुआ



#### रस्सी से कैबिन खिंचवाकर निकाला शव

एसआई प्रेम सिंह ठाकुर ने बताया कि रविवार को वह नाइट गश्त में ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान सूचना मिली कि वृंदावन ढाबा के सामने हादसा हो गया है। वे बंगरसिया में थे और मौके पर पहुंचे। इससे पहले डायल 100 मौके पर पहुंच गई थी। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि आइसर ट्रक का एक्सीडेंट हुआ है। आइसर ट्रक की बॉडी सामने से बुरी तरह से चिपटी हुई थी और अंदर ड्राइवर फंसा हुआ था। गौर से देखने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। हालांकि वहां से गुजर रहे कुछ लोगों की मदद से पुलिस ने आइसर ट्रक के कैबिन को रस्सी से खिंचवाया और अंदर फंसे ड्राइवर को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचा दिया था। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

#### ट्रक पर लिखे नंबर से दी जानकारी

पुलिस ने ट्रक पर लिखे नंबर के आधार पर ट्रक मालिक से संपर्क किया। ट्रक मालिक ने बताया कि ड्राइवर रामस्वरूप अहिरवार पिता करण सिंह अहिरवार (32) मोहम्मदपुर, थाना कालापीपल, जिला शाजापुर को भैंसदेही, बैतूल कोल्ड्रिंक लेकर भेजा था। वह ट्रक में अकेला था। ट्रक मालिक ने घटना की जानकारी रामस्वरूप के परिजन को दे दी थी। रविवार सुबह परिजन मोहम्मदपुर से भोपाल पहुंचे और उनकी मौजूदगी में पीएम कराया गया।

#### सीसीटीवी में कैद डंपर

पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए। इस दौरान डंपर नजर आया। हालांकि डंपर की नंबर प्लेट साफ नजर नहीं आई है। पुलिस अन्य सीसीवीटी कैमरे के फुटेज चेक कर रही है।

#### लापता युवक की जंगल में पेड़ पर लटकी मिली लाश

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित एकता झुग्गी से कुछ दूरी पर जंगल में युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। युवक दो दिन से लापता था। परिजन उसकी तलाश करते हुए जंगल पहुंचे थे, वहां युवक का शव गमछे के सहारे पेड़ पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन से पूछताछ में पता चला कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था और अक्सर बिना बताए घर से लापता हो जाता था। पुलिस के अनुसार संजय गौड़ पिता कालूराम गौड़ (20) एकता नगर झुग्गी सूखी सेवनिया में रहता था। उसके पिता कालूराम गौर ने बताया कि गत 10 अप्रैल को वह सिरोंज चले गए थे। बेटा संजय और परिवार घर पर ही था। सिरोंज से वह शुक्रवार रात लौटे तो संजय उन्हें नजर नहीं आया।

---

शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने की मारपीट

# ब्यूटीशियन से दुष्कर्म दो साल तक किया दैहिक शोषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज पुलिस ने 22 साल की ब्यूटीशियन की शिकायत पर युवक के खिलाफ दुष्कर्म, दैहिक शोषण, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

युवक शादी का प्रलोभन देकर दो साल से पीड़िता का शारीरिक शोषण कर रहा था। गत दिनों पीड़िता ने उस पर शादी का दबाव बनाया तो उसने मारपीट भी की। आरोपी ने धमकी दी कि यदि उसने रिपोर्ट दर्ज कराई तो जान से खत्म कर देगा। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

#### दोस्त के माध्यम से युवती की अशोक से हुई मुलाकात



पुलिस के अनुसार हबीबगंज की एक पॉश कॉलोनी में रहने वाली 22 साल की युवती ब्यूटीशियन हैं और अपने फ्लैट में ब्यूटी पार्लर का संचालन करती है। किसी दोस्त के माध्यम से युवती की मुलाकात अशोका गार्डन निवासी रौनक सिंह उर्फ राज ठाकुर से हुई थी। पहले दोनों के बीच दोस्ती हुई और फिर प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। इस बीच जनवरी 2023 में रौनक सिंह मिलने के बहाने युवती के फ्लैट पर पहुंचा। उस समय युवती अकेली थी। उस दौरान आरोपी ने युवती से जबरन शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर आरोपी ने आश्वस्त किया था कि वे जल्द ही शादी कर लेंगे। इसके बाद आरोपी ने कई बार युवती का दैहिक शोषण किया। शादी का दबाव डालने पर आरोपी कोई न कोई बहाना बनाकर टालता रहा। कथित प्रेमी की नीयत पर संदेह होने पर दो दिन पहले पीड़िता ने उस पर शादी का दबाव बनाया तो आरोपी रौनक सिंह हिंसक हो गया। उसने पीड़िता के साथ जमकर मारपीट और शादी करने से साफ इनकार कर दिया। आरोपी को सबक सिखाने के उद्देश्य से पीड़ित हबीबगंज थाने पहुंची और दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज करा दिया।

---

सतलापुर के वार्ड नंबर 14 में बंद कमरे में मिली थी महिला की लाश

# लिव इन पार्टनर की हत्या करने वाला आरोपी यूपी से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर के सतलापुर में बीते दिन अज्ञात महिला का शव मिलने के मामले का रविवार को रायसेन एसपी पंकज कुमार पांडे ने खुलासा किया। एसपी के मुताबिक, आरोपी कृष्णा शर्मा को मोबाइल लोकेशन के आधार पर यूपी के हाथरस से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि पहले शराब पिलाई फिर एक ही रस्सी से उसके दोनों हाथ-पैर और पन्नी से मुंह बांधा। फिर गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद बाहर से कमरा बंदकर भाग गया था।



एसपी ने बताया कि सतलापुर के वार्ड नंबर 14 में अशोक परमार का मकान है, जो उन्होंने किराए पर दे रखा है। यहां आरोपी कृष्णा शर्मा और किरण लिव इन रिलेशनशिप में रहते थे। 8 अप्रैल को कृष्णा शर्मा के बाहर से बंद कमरे से बदबू आ रही थी। इस पर आसपास के लोगों ने मकान मालिक और सतलापुर थाने में शिकायत की। मकान मालिक ने कृष्णा से मोबाइल पर बात की तो उसने बताया कि मैंने किरण की हत्या कर दी है और दरवाजा बाहर से बंद कर भाग गया। इसके बाद पुलिस पहुंची। वहां किरण की मौसेरी बहन ममता बाली, मकान मालिक की तरफ से देख-रेख करने वाले नंदलाल परमार औए पड़ोसी हरिनारायण कुशवाह मिले।

---

बच्चे, महिलाएं और बुजुर्गों ने उत्साह पूर्वक लिया भाग

# सिंधी मेले में देसी लेडी गागा की प्रस्तुति ने युवाओं में भरा जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



सिंधी मेला समिति द्वारा दो दिवसीय पारिवारिक सिंधी मेला टैलेंट हंट जिसमें बच्चों, महिलाएं से लेकर बुजुर्गों तक उत्साह पूर्वक भाग लिया।

इस वर्ष मेले को सिंधी सभ्यता, सुहिनी सभ्यता की थीम पर आयोजित किया गया है, जिसके लिए मेला परिसर में एक खूबसूरत सी सिंधियत की बनाई गई थी, जिसमें सिंध में किस तरह से सिंधी समाज अपना गुजारा करता उसको बहुत ही खूबसूरती के साथ दिखाया गया, जो इस मेले में सबसे अधिक आकर्षण का केन्द्र बनी रही। इसके बाद देसी लेडी गागा (पिंकी मेदासानी) ने धमाकेदार प्रस्तुति दी, जिसे देख लोगों में एक अलग ही जोश देखने को मिला।

सिंधी मेले समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी व महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि इस वर्ष अपने 28वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है मेले के प्रथम दिवस पर समिति के लोगों को करुणाधाम आश्रम में प्रमुख पीठाधीश गुरुदेव शांडिल्य महाराज एवं साईं मनीष लाल जी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मेले में प्रमुख रूप से सिंधी मेला समिति के संरक्षक एवं विधायक भगवानदास सबनानी, जयकिशन लालचंदानी, डॉ. राजानी, दीपक राजानी, अमर दावानी, सीमा सबनानी, शकुन देवरख्यानी, कार्तिका चावलानी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

---

संत भगत कंवरराम की 140वीं जयंती मनाई

# समाज को संत कंवरराम के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

प्रमुख सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत संत हिरदाराम नगर के तत्वावधान में महान संत अमर शहीद भगत कंवरराम की 140वीं जयंती पूर्ण गरिमा एवं श्रद्धा के साथ मनाई। संत कंवरराम की प्रतिमा के समक्ष पंचायत के अध्यक्ष माधू चांदवानी ने भगत कंवरराम की जयंती पर प्रकाश डाला तथा उनके जीवन से समाज को प्रेरणा लेने की आवश्यकता बताई। पंचायत के अध्यक्ष माधु चंदवानी ने अपने उद्बोधन में अमर शहीद भगत कंवरराम साहिब को महान संत निर्धनों के मसीहा, दानवीर, देशभक्त, कल्याणकारी, समाज सुधारक, मधुर स्वरं के धनी खिलाती ख्याति प्राप्त भक्त तथा ईश्वरीय शक्ति प्राप्त व्यक्तित्व का धनी बताया। फलस्वरूप हर समाजसेवी एवं युवा वर्ग को भगत कंवरराम साहिब के मार्ग पर चलकर प्रेरणा लेना चाहिए। ताकि हमारा भारत और शक्तिशाली बने। पार्षद अशोक मारण कमल वीधानी, ठाकुर दास मनवानी ने भी संत कंवरराम के जीवन पर विचार रखे।

---

भाजपा कार्यकर्ताओं का महासम्मेलन

# कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



भोजपुर क्षेत्र के वरिष्ठ और पोलिंग बूथ के कार्यकर्ताओं का महासम्मेलन रविवार को ग्लोबल स्कूल में संपन्न हुआ। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहां की भाजपा में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक सब कार्यकर्ता रहकर काम करते हैं और भारत के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करते हैं। भाजपा ने जब से देश में शासन संभाला है तब से विश्व में भारत का नाम रोशन हुआ है। विदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्मान बढ़ने का कारण भाजपा के राष्ट्रभक्त कार्यकर्ताओं का साथ है।

#### सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाना जिम्मेदारी

विधायक सुरेंद्र पटवा ने कहा कि यह सम्मेलन पार्टी के लिए मील का पत्थर साबित होगा। पटवा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान लगातार विकास और उन्नति के कार्य कर रहे हैं। पटवा ने कहा कार्यकर्ताओं की मेहनत से आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उन्होंने कहा डबल इंजन की सरकार की जन हितैषी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। पटवा ने अंत में कहा हम भोजपुर क्षेत्र को भी सुंदर और विकसित बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

#### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, राजेंद्र गुड्डू अग्रवाल, उपाध्यक्ष अरविंद जैन, नरेंद्र शर्मा, कन्हैया नंदवंशी, पंकज श्रीवास्तव, ओमप्रकाश मीणा, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, पवन श्रीवास्तव, प्रकाश पटेल, महेंद्र मैथिल, शैलेंद्र गिरी, पंकज कोठारी, प्रेम शंकर साहू, जीवन पाल, बागिश अग्रवाल, राजेंद्र गुड्डू साहू, देवेंद्र सिंह राजू, सुरजीत सिंह बिल्ले, दीपू परमार, आमिर ममनून, सुजीत यादव, मनोज चौरसिया, जनपद सदस्य रूपेश चौहान, सुजीत चौहान, महेंद्र चौहान, पुरुषोत्तम शर्मा, नरेश सेठी, माधव यादव, गजेंद्र नागर, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, पूर्णिमा जैन, आरती यादव, माया राय, रेखा कपूर, सना ममनून, माखन सेन, रवि शंकर राय, रामकिशोर चौहान, नंदू शर्मा, सुलेखा चौहान, रामकिशोर नंदवंशी, बाबूलाल चौहान, रामपाल चौहान, राधा कुशवाहा, पूजा लोधी, वचन लोधी, पूर्व पार्षद पदम चौहान, धर्मेंद्र चौरसिया, रामेश्वर नागर, गुड्डू यादव, कांता पटेल, सर्वेश गौर आदि शामिल हुए।

---

जयकारों से गूंज उठा नगर, हाथों में ध्वज लेकर नृत्य करते चले श्रद्धालु

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्राः ढोल, ताशे, ऊंट, घोड़ों के साथ हनुमानजी और श्रीराम की झांकी रही आकर्षण का केंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

एकता का महापर्व हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। हनुमान जन्मोत्सव पर यात्रा ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई। मुस्लिम समाज द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में जय हो महावीर तेरी जय हो के जयघोष से पूरा नगर गूंजा उठा। शोभायात्रा में पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। दिनभर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन, कीर्तन हुए और हनुमान जी को चोला चढ़ाया, आरती की। मंदिरों में हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। इसके बाद भंडारों का दौर भी शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



#### भगवा रंग एवं लाइटों से जगमगाता रहा सारा नगर

हनुमान जन्मोत्सव को लेकर मंदिरों को तरह-तरह के फूलों से सजाया गया था। देर शाम हनुमान मंदिर गौहरगंज रोड से सकल हिंदू समाज ने शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा में ऊंट, घोड़े, श्रीराम, माता सीता और हनुमान जी की आकर्षक झांकी, ढ़ोल, ताशे और बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने हाथों में ध्वज लेकर चल रहे थे। देर रात्रि शोभा यात्रा मैन बाजार चौराहे से होते हुए बस स्टैंड इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई। चल समारोह में घोड़े का नृत्य देखने हजारों की संख्या में भक्तगण आए। पूरा नगर भगवा रंग एवं लाइटों से जगमगा रहा था। नगर की सभी धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों ने जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया एवं आरती उतारी। महावीर सेवा दल, बालाजी इवेंट्स, व्यापारी महासंघ, हिंदू उत्सव समिति एवं सकल हिंदू समाज का पूर्ण सहयोग रहा। हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक, कमल मालवीय, बंटी जोशी, जीतू नेमा ,संतोष गुप्ता आदि ने आरती की और स्वागत किया।

# वन्यजीवों की गर्मी से सुरक्षा, वन विहार में वन्यप्राणियों के लिए विशेष इंतजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गर्मी की तीव्रता और बढ़ते तापमान को देखते हुए वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वन्यप्राणियों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य वन्यजीवों को गर्मी की चुभन से बचाकर उन्हें एक सुरक्षित और आरामदायक वातावरण प्रदान करना है। वन विहार में मांसाहारी वन्यप्राणियों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए उनकी हाउसिंग में कूलर लगाए गए हैं। इन हाउसिंग की खिड़कियों पर मोटे पर्दे लगाए गए हैं, जो तेज धूप और गर्म हवा को अंदर आने से रोकते हैं। वहीं, क्राल (बाड़े) के ऊपर ग्रीन नेट डाली गई है, जिससे लू से बचाव हो सके और छाया बनी रहे। क्राल को ठंडा रखने के लिए नियमित रूप से पानी का छिड़काव भी किया जा रहा है, ताकि वहां का तापमान संतुलित बना रहे।

- मांसाहारी वन्यप्राणियों की हाउसिंग में लगाए कूलर के साथ मोटे पर्दे
- लू से बचने और छाया बनी रहे, इसलिए बाड़े के ऊपर तानी ग्रीन नेट



### गर्मी में शीतलता की विशेष व्यवस्था

वन विहार के डायरेक्टर अवधेश मीना ने बताया कि इसके अलावा, इंक्लोजर (बाड़ों) में बनाए गए सॉसर के ऊपर घास से बने शेड बनाए गए हैं, जो न केवल प्राकृतिक वातावरण का आभास कराते हैं, बल्कि पानी को ठंडा रखने और वन्यप्राणियों को छाया देने में भी सहायक हैं। इससे जब जानवर पानी पीने या उसमें बैठने आते हैं, तो उन्हें राहत मिलती है और वे सीधे धूप की चपेट में नहीं आते। जल स्रोतों में भी विशेष ध्यान दिया गया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि सभी जलाशयों और पानी की टंकियों में लगातार पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध रहे।



### वन्यजीवों को गर्मी के अनुसार पौष्टिक आहार

वन्यप्राणी चिकित्सकों की सलाह अनुसार वन्यप्राणियों को संतुलित भोजन प्रदान किया जा रहा है, जिसमें उनकी मौसमी आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा गया है। शाकाहारी वन्यप्राणियों के लिए खुले क्षेत्रों में प्राकृतिक दिखने वाले घास के शेड बनाए गए हैं, जिससे उन्हें छाया मिल सके। इसके साथ ही, उन्हें हरा चारा, पशु आहार सुदाना, साल्ट लिक्स और मिनरल मिक्चर भी दिया जा रहा है, ताकि उनके शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी न हो और वे स्वस्थ बने रहें।

## डॉ. सीवी मिश्रा राष्ट्रीय चिकित्सा सेवा अवॉर्ड से सम्मानित



**भोपाल।** समाजसेवी व प्रसिद्ध सर्जन कैप्टन डॉ. सीवी मिश्रा को जस्टिस शुक्ला द्वारा 27वें पद्मभूषण डॉ. एसके मुखर्जी स्मृति राष्ट्रीय चिकित्सा सेवा अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि शहडोल निवासी डॉ. मिश्रा वर्तमान में शुजालपुर में सर्जन हैं और आर्थिक अभाव ग्रस्त मरीजों की निःशुल्क सेवा से लेकर अनेक परिवार की छात्राओं की फीस अदा कर व कन्याओं के विवाह में मददगार बन समाजसेवा कर रहे हैं।

## रेलवे के तत्काल टिकट बुकिंग समय में नहीं होगा बदलाव

**भोपाल।** हाल ही में इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रही कुछ खबरों में नई व्यवस्था की बात की गई। इसी बीच यात्रियों की दुविधा दूर करने आइआरसीटीसी ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक आधिकारिक पोस्ट जारी कर बताया, सोशल मीडिया चैनलों पर भ्रामक पोस्ट प्रसारित हो रहे हैं, जिनमें तत्काल और प्रीमियम तत्काल टिकटों की बुकिंग टाइमिंग को लेकर गलत जानकारी दी जा रही है। एसी और नान-एसी क्लास के लिए तत्काल या प्रीमियम तत्काल टिकट बुकिंग समय में कोई बदलाव प्रस्तावित नहीं है।

प्रवेश की कार्रवाई संबंधी जानकारी एजुकेशन पोर्टल-3.0 पर होगी

## अगली कक्षा के लिए स्कूल नहीं तो आगे की क्लास में भर्ती कराना शिक्षक की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूलों में नया सत्र शुरू होने के साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने और अगली कक्षाओं में प्रवेश की तैयारियों में जुट गया है। विभाग की ओर से स्कूलों में प्रवेश को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्राचार्यों और शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह अपने क्षेत्र के प्रत्येक विद्यार्थी और उनके अभिभावकों तक पहुंचे। अगली कक्षा के लिए गांव में अगर स्कूल नहीं है तो यह शिक्षकों की जिम्मेदारी होगी कि वह बच्चे का नजदीक के सरकारी स्कूल में प्रवेश कराएं। दरअसल, स्कूल शिक्षा विभाग में अकादमिक एवं प्रशासनिक कार्यों के क्रियान्वयन की मॉनीटरिंग तथा परिणामों की समीक्षा के लिए डिजिटल प्लेटफार्म तैयार किया गया है। प्रदेश में एक अप्रैल से नवीन अकादमिक सत्र में सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में प्रवेश की कार्यवाही एजुकेशन पोर्टल-3.0 पर की जा रही है। सरकारी स्कूलों के अलावा अन्य सभी प्रबंधन की शालाएं, जिनमें प्रायवेट स्कूल, मदरसा, केन्द्रीय विद्यालय और नवोदय आदि को उनकी शाला के यूडीआईएसई कोर्ट के माध्यम से लॉग इन कर संबंधित शाला के प्राचार्य द्वारा शाला के समस्त विद्यार्थियों का प्रवेश, पोर्टल पर किया जाएगा।

शिक्षक-प्राचार्य अपने क्षेत्र के प्रत्येक विद्यार्थी और उनके अभिभावकों तक पहुंच बनाएं




### दस्तावेज के अभाव में प्रवेश से वंचित नहीं

शाला प्रभारी द्वारा सूची के अनुसार पालकों से सम्पर्क कर विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाया जाएगा। इस वर्ष नवीन पोर्टल पर सभी शालाओं एवं उनमें पदस्थ शिक्षकों को लॉग इन आईडी दी गई है। शाला प्रवेश के समय दस्तावेज के अभाव में किसी भी विद्यार्थी को प्रवेश से वंचित नहीं रखा जाएगा।

## उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेजों से मांगा डिमांड लेटर

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी सरकारी कॉलेजों से इस बजट वर्ष में उनके द्वारा खर्च की जाने वाली राशि के लिए डिमांड लेटर मांगा है। आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग निशांत वरवड़े द्वारा जारी आदेश में कॉलेजों के प्राचार्यों से कहा गया है कि इस बजट वर्ष 2025-26 के लिए मिले राज्य शासन बजट के तहत आपके महाविद्यालयों में निर्माण, अतिरिक्त निर्माण, फर्नीचर, पुस्तकालय के लिए पुस्तक, ई-पुस्तकें, प्रयोगशाला, आईटी संबंधी उपकरण आदि की आवश्यकता के अनुसार मांग पत्र प्रस्तुत करें।

यह मांगपत्र दिए गए फार्मेट में देना होगा। मांगपत्र में पूरा विवरण 15 अप्रैल तक उच्च शिक्षा विभाग के कार्यालय को प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है। आदेश में स्पष्ट कहा है कि इसके बाद किसी भी महाविद्यालय से मिले प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा।

कमलानगर पुलिस ने आरोपियों को 5 दिन की रिमांड पर लिया

## बिल्डर को अगवा कर तीस लाख की फिरौती मांगने वाले दो आरोपियों ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार रोड निवासी बिल्डर नीतेश ठाकुर को अगवा कर 30 लाख रुपए फिरौती लेने वाले दो आरोपियों में आकाश राजावत और ओमकार राजावत ने रविवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। वहां से मामले की जांच कर रही कमलानगर पुलिस ने आरोपियों को 5 दिन की रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों ने उनके अन्य साथियों के बारे में पूछताछ करेगी। मामले की जांच कर रहे एसआई शैलेंद्र राजावत ने बताया कि इस केस में अभी तीन आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। लेकिन कमलानगर पुलिस तीन महीने में पांच में से एक आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई।

जानकारी के अनुसार 18 नवंबर 2024 में बिल्डर नीतेश ठाकुर ने अपने अपहरण और फिरौती के संबंध में कोलार थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी। 50 दिन में कोलार पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। कोलार पुलिस की धीमी जांच के चलते पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र ने फटकार लगाते हुए इस मामले की जांच कमलानगर पुलिस को सौंपी थी। पुलिस आयुक्त ने दावा किया था कि जल्द ही आरोपी गिरफ्तार होंगे। यह जांच जनवरी महीने में कमलानगर पुलिस को सौंपी गई थी। लेकिन उम्मीद पर कमलानगर पुलिस भी खरी नहीं उतरी। करीब तीन महीने में कमलानगर पुलिस एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई। लिहाजा रविवार को आरोपी आकाश राजावत और ओमकार राजावत ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कोर्ट के आदेश पर दोनों आरोपियों को 5 दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है। जहां उनसे पूछताछ जारी है। मामले में आरोपी संजय राजावत, पंकज परिहार और भोपाल ट्रैफिक पुलिस ने पदस्थ रहे पूर्व आरक्षक हेमंत चौहान की तलाश जारी है। कोलार पुलिस आरोपी पवन राजावत को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि पीड़ित नीतेश ठाकुर ने कोलार पुलिस को बताया था कि आरोपी उसे घुमाने बहाने अपने साथ ले गए थे। इसके बाद अगवा कर लिया था। छोड़ने के एवज में 10 करोड़ की मांग की। रकम नहीं देने पर उसे पीटा। आरोपियों ने नीतेश की पत्नी से 30 लाख रुपए की वसूली की थी।



*नवंबर 2024 में बिल्डर ने कराई थी अपहरण की एफआईआर*

## पदमश्री गुंदेचा की जापान से आई शिष्याओं ने गाए साईं भजन

### शांतिवन में बच्चों ने नाटक की प्रस्तुति के साथ किया सुमधुर गायन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ष 1982 में 13 अप्रैल वह दिन है जब भगवान बाबा द्वारा साक्षात दर्शन देकर से सबको निहाल किया था। इस दिन को विशेष बनाने के लिए राजधानी स्थित केंद्र शांतिवन में रविवार को मंगल आरम्भ सुबह 5 बजे, ओमकारम, सुप्रभातम एवं नगर संकीर्तन के साथ हुआ। शाम को बच्चों ने एक नाटक की प्रस्तुति दी एवं मूल्य गीत का गायन किया। इस कार्यक्रम में पदमश्री उमाकांत गुंदेचा एवं इनके शिष्यों द्वारा ध्रुपद संगीत के द्वारा भक्ति संगीत की प्रस्तुति दी, जिसमें राग भैरवी, राग यमन आदि शामिल रहे। इस ध्रुपद संगीत में उमाकांत की जापान से आई दो शिष्याओं द्वारा भी भक्ति संगीत का गायन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साईं भक्त शामिल रहे। सन 1982 को जब बाबा भोपाल आए थे, उस समय की स्मृति को वीडियो के माध्यम से दिखाया गया। साईं संगठन के जिला अध्यक्ष सजल श्रीवास्तव ने सभी का आभार एवं बाबा की विभूति से तिलक किया।





## स्थानीय खेल समाचार

## सेंट जोसेफ कॉन्वेंट ईदगाह हिल्स ने रचा इतिहास खो-खो और वॉलीबॉल में जीत लिया दोहरा खिताब

### 15वीं इंटर स्कूल स्पोर्ट्स कार्निवाल में भोपाल और मंडीदीप की टीमों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में आयोजित 15वें इंटर स्कूल स्पोर्ट्स कार्निवाल में सेंट जोसेफ कॉन्वेंट ईदगाह हिल्स ने बालिका वर्ग के खो-खो और वॉलीबॉल में शानदार प्रदर्शन कर दोहरा खिताब अपने नाम किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी और हैंडबॉल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व इलाइट प्रो बास्केटबॉल के सीईओ सनी भंडारकर विशेष रूप से उपस्थित थे। साथ ही विश्वविद्यालय के फिजिकल एजुकेशन विभाग के एचओडी डॉ. विकास सक्सेना, स्पोर्ट्स ऑफिसर सतीश अहिरवार, काउंसलिंग हेड डॉ. अनिल तिवारी, अक्षत और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.पंकज धुलधोये विशेष रूप से उपस्थित थे। इंटर स्कूल में भोपाल और मंडीदीप की 20 स्कूलों की टीमें क्रिकेट, वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी और टग ऑफ वॉर जैसे विभिन्न खेलों में भाग लिया। इंटर स्कूल प्रतियोगिताओं में आईपीएस, सेंट जोसेफ भोपाल, गैलेक्सी, स्कोप स्कूल, बाल भारती, विवेक जागृति, मिराकल, बोनाफाइड, सी एल आर्या, वैष्णवी, सिल्वर बिल्स, हेमा हॉयर सेकंडरी, गोल्डन कैरी, ग्रेफाइट, सेंट राफेल, सेंट माउंट फोर्ट, फादर एंजल, गवर्नमेंट हाई स्कूल मंडीदीप, राज हाइट्स, गवर्नमेंट स्कूल उमरावगंज सकूलों की टीमों ने भाग लिया। इंटर स्कूल में खो-खो बॉयज ग्रुप में विजेता सीएल आर्या साइंस हायर सेकेंडरी स्कूल मंडीदीप बनी। रनर अप विवेक जागृति स्कूल मंडीदीप रही। बेस्ट प्लेयर सीएल आर्या स्कूल के इंद्रलोक खरवार रहे। वही खो-खो गर्ल्स ग्रुप में सेंट जोसेफ भोपाल विजेता बना। सीएल आर्या साइंस हायर सेकेंडरी स्कूल मंडीदीप रनर अप रहा। बेस्ट प्लेयर का खिताब सेंट जोसेफ स्कूल की सौम्या नाहर को गया।










### वॉलीबॉल में मंडीदीप के बॉयज, तो गर्ल्स ग्रुप में सेंट जोसेफ भोपाल विजेता

वॉलीबॉल बॉयज ग्रुप में गवर्नमेंट स्कूल मंडीदीप विजेता बना। सीएल आर्या साइंस हायर सेकेंडरी स्कूल मंडीदीप रनर अप रहा। बेस्ट प्लेयर का खिताब गवर्नमेंट स्कूल मंडीदीप के विवेकानंद गया। वालीबॉल गर्ल्स ग्रुप में सेंट जोसेफ भोपाल विजेता बनी। बाल भारती स्कूल निशातपुरा रनर अप रही। बेस्ट प्लेयर का किताब सेंट जोसेफ स्कूल की नित्या ठाकुर को गया। रस्साकसी के गर्ल्स ग्रुप में वर्ल्ड वे इंटरनेशनल स्कूल विजेता बनी। बोनाफाइड स्कूल रनर अप रही।

### क्रिकेट में भी सीएल आर्या साइंस हायर सेकंडरी स्कूल के लड़के जीते

क्रिकेट बॉयज ग्रुप में सीएल आर्या साइंस हायर सेकेंडरी स्कूल मंडीदीप विजेता बनी। स्कोप पब्लिक स्कूल भोपाल रनर अप रही। मैन ऑफ़ द मैच फाइनल में सीएल आर्या के पर्व जैन को दिया गया। उन्होंने 12 गेंद में 20 रन बनाए। मैन ऑफ़ द सीरीज सीएल आर्या साइंस हायर सेकेंडरी स्कूल मंडीदीप के पर्व जैन को दिया गया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में चार विकेट लिया और 95 रन बनाए। बेस्ट बैट्समैन का खिताब स्कोप पब्लिक स्कूल के अनुज कीर को दिया गया उन्होंने भी 4 विकेट लिए और 93 रन बनाए। बेस्ट बॉलर का किताब हेमा हायर सेकेंडरी स्कूल के पियूष को दिया गया। उन्होंने 3 मैचों में 5 विकेट लिए 34 रन देकर।

अंडर-14 इंटर-क्लब टूर्नामेंट आयोजित

## पठान क्रिकेट अकादमी को पॉलिन ने 5 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

6वां स्व. साद अंसारी मेमोरियल अंडर-14 इंटर-क्लब टूर्नामेंट में रविवार को टूर्नामेंट का पांचवां मुकाबला पठान क्रिकेट अकादमी और पॉलिन क्रिकेट अकादमी के बीच ऑल सेंट्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया। पठान क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का फैसला लिया। पठान क्रिकेट अकादमी की शुरुआत धीमी रही और पूरी टीम 29 ओवरों में 139 रनों पर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से स्पर्श ने 38 गेंदों में 45 रन बनाए। पॉलिन के गेंदबाज़ आकाश ने 3 ओवर में मात्र 7 रन देकर 4 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पॉलिन क्रिकेट अकादमी की शुरुआत संतुलित रही। टीम ने 36 ओवर में 5 विकेट खोकर 140 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से हर्षित ने 37 रन और रुद्रांश ने 38 रन की अहम पारी खेली। इस शानदार जीत में निर्णायक भूमिका निभाने वाले आकाश को मैन ऑफ द मैच चुना गया।



3 ओवर में 7 रन देकर 4 विकेट लेने वाले आकाश रहे मैन ऑफ द मैच

प्रदेश के खेल मंत्री सारंग ने दी बधाई

## मणिपुर को हराकर फाइनल में पहुंची मध्यप्रदेश की हॉकी टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

15वीं हॉकी इण्डिया सीनियर मेन नेशनल चैम्पियनशिप 2025 डिवीजन-ए का आयोजन झांसी (उ.प्र.) में किया जा रहा है। 30 मार्च से 16 अप्रैल तक आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में रविवार को सेमीफाइनल में मप्र पुरुष हॉकी और मणिपुर की टीम के मध्य रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें मध्यप्रदेश हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन कर 5-3 से करारी शिकस्त देकर फाइनल मुकाबले में प्रवेश किया। प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बधाई देते हुए आगामी मैच जो पंजाब के साथ खेला जाएगा, के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उल्लेखनीय है कि टीम में मप्र खेल अकादमी के 14 खिलाड़ी हैं।

13वीं अरविंद चतुर्वेदी स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता

## सुपर हिटर्स कॉर्पोरेट ग्रुप के फाइनल में, फायर इलेवन भी जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

13वीं अरविन्द चतुर्वेदी क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला मुकाबला सुपर हिटर्स और कॉकटेल इलेवन के बीच खेला गया, जिसमें कॉकटेल इलेवन ने 8 विकेट पर 158 रन बनाए। 159 रनों के लक्ष्य सुपर हिटर्स ने 4 विकेट के नुकसान पर 15.2 ओवर में ही प्राप्त कर लिया। यह मैच सुपर हिटर्स की टीम ने 6 विकेटों से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच सुपर हिटर्स के वैभव विश्वकर्मा को दिया गया।



### फायर इलेवन ने माखनलाल को 117 रन से हराया

दूसरा मुकाबला फायर इलेवन और माखनलाल विवि के बीच खेला गया, जिसमें फायर इलेवन न 6 विकेट पर 230 रन बनाए। 231 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी माखनलाल विवि की टीम 8 विकेट पर 113 रन बना सकी। यह मैच फायर इलेवन ने 117 रनों से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच फायर इलेवन के ओम ठाकुर को दिया गया। युवा कॉमेंटेटर अरुण वर्मा ने मैन ऑफ द मैच खिलाड़ी को पुरस्कृत किया।



# पिछड़े समुदायों के लिए आरक्षण 32 से बढ़ाकर होगा 51 फीसदी

यहां कुल आरक्षण 85 प्रतिशत हो जाएगा | पिछड़े समुदायों की जनसंख्या 70% होने का दावा | रिपोर्ट पर जल्द निर्णय लेने की तैयारी में

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक मंत्रिमंडल के सामने जाति गणना रिपोर्ट पेश की गई है। इसमें पिछड़े समुदायों के लिए आरक्षण को मौजूदा 32 प्रतिशत से बढ़ाकर 51 प्रतिशत करने की सिफारिश की गई है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक सर्वेक्षण (संक्षेप में जाति गणना) इस बात पर भी प्रकाश डालता है कि पिछड़ी जातियों की जनसंख्या 70 प्रतिशत है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में पिछड़े समुदायों को 51 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना चाहिए। इस रिपोर्ट में तमिलनाडु और झारखंड का उदाहरण दिया गया है। तमिलनाडु में पिछड़े वर्ग की आबादी के अनुसार 69 प्रतिशत आरक्षण है।

**कर्नाटक मंत्रिमंडल के सामने जाति गणना रिपोर्ट पेश**

### 2015 में शुरू हुई थी जाति गणना

यह जाति गणना 2015 में एच. कांथराज के नेतृत्व में शुरू हुई थी। बाद में, के. जयप्रकाश हेगड़े के नेतृत्व में कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने इसे पूरा किया।

### ओबीसी आबादी लगभग 4.16 करोड़



सर्वेक्षण के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की कुल आबादी लगभग 4.16 करोड़ है। यह आबादी लगभग 5.98 करोड़ की सर्वेक्षित आबादी में से है। रिपोर्ट में अनुसूचित जाति की आबादी 1.09 करोड़ से अधिक बताई गई है। वहीं, अनुसूचित जनजाति की आबादी 42 लाख से अधिक है।

### कर्नाटक में जातिगणना रिपोर्ट का असर

कुल आरक्षण 85 प्रतिशत हो जाएगा। ईडब्ल्यूएस आरक्षण 10 फीसदी है। रिपोर्ट की सिफारिशें लागू की गईं तो यह आरक्षण 24 फीसदी हो जाएगा।

### फरवरी 2024 में सिद्धारमैया सरकार को दी गई थी रिपोर्ट


अंतिम रिपोर्ट मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को फरवरी 2024 में सौंपी गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछड़ी जातियों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण मिलना चाहिए। इससे सामाजिक समानता लाने में मदद मिलेगी। सरकार अब इस रिपोर्ट पर विचार कर रही है।

### 17 को कैबिनेट की बैठक

सिद्धारमैया सरकार ने जाति गणना रिपोर्ट पर 17 अप्रैल को कैबिनेट बैठक बुलाई है। इस कैबिनेट बैठक में इस रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। सरकार मंथन करेगी और उसके बाद इन सिफारिशों को लागू किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### नायडू ने मोदी को भूमि पूजन का न्योता भेजा



**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती शहर को तैयार करने की परियोजना पर एक बार फिर तेज रफ्तार से काम शुरू हो गया है। सीएम चंद्रबाबू नायडू का यह ड्रीम प्रोजेक्ट 65,000 करोड़ की लागत से तैयार होने वाला है। परियोजना के भूमि पूजन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को न्योता भेजा गया है। कृष्णा नदी के तट पर राजधानी बनेगी।

### प्रमुख नेताओं ने बैसाखी की दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम नरेंद्र मोदी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देशवासियों को बैसाखी की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। नेताओं ने इसे एकता, समृद्धि और नई शुरुआत का पर्व बताया। राष्ट्रपति ने लिखा कि मैं शुभ अवसर पर सभी भारतीयों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं।

### दुष्कर्म और हत्या के आरोपी ने की आत्महत्या



**तलोजा।** महाराष्ट्र के कल्याण में नाबालिग लड़की के अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के आरोपी विशाल गवली ने सुबह 3:30 बजे तलोजा जेल में तौलिया से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। तलोजा जेल अधिकारी ने बताया कि विशाल गवली साढ़े 3 माह से तलोजा जेल में बंद था। सुबह करीब साढ़े तीन बजे शौचालय में लटका मिला।

### वॉल्वो बस पहाड़ी से टकराई, 30 घायल



**मंडी।** चंडीगढ़-मनाली हाईवे पर मंडी से पंडोह के बीच चार मिल के पास रविवार तड़के करीब 4 बजे दिल्ली से कसोल जा रही एक वोल्वो बस पहाड़ी से टकराकर सड़क पर पलट गई। बस में लगभग 38 यात्री सवार थे, जिनमें से करीब 30 लोग घायल हुए हैं। शेष यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं।

पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के विरोध में नहीं थम रहा बवाल, आगजनी व मारकाट की घटनाएं बढ़ीं

# मुर्शिदाबाद में फिर भड़की हिंसा, 2-3 राउंड की फायरिंग अफस्पा और राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग उठी

### युवक की पीठ पर लगी गोलियां

एजेंसी ▶▶ मुर्शिदाबाद

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के विरोध में एक बार फिर हिंसा भड़क गई। हिंसा के दौरान गोलीबारी में एक युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीएसएफ के जवानों पर हमला करने का आरोप लगा है। आरोप लगाया गया कि बीएसएफ की तरफ से 2 से 3 राउंड की गोली चलाई गई है। गोलीबारी में धुलियान इलाके में शमशेर नदाव नाम के युवक को गोली लग गई। उसे इलाज के लिए जंगीपुर उपजिला अस्पताल से मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया।

बताया जा रहा है कि उसे पीठ में गोली मारी गई है। युवक का फिलहाल बरहामपुर के मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। मुर्शिदाबाद में हिंसा भड़की हिंसा को लेकर रविवार को 12 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अब गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या 150 से अधिक हो गई है। यह कदम कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा शनिवार को क्षेत्र में केंद्रीय बलों की तत्काल तैनाती के आदेश के बाद उठाया गया है।

## अब तक 150 से अधिक लोग गिरफ्तार, सीएम ममता पर उठ रहे सवाल



### भाजपा सांसद महतो का शाह को पत्र

#### हिंदुओं को बनाया जा रहा निशाना, अफस्पा लगाएं



वक्फ कानून के विरोध में हो रहे विरोध प्रदर्शनों के चलते पश्चिम बंगाल हिंसा की चपेट में है। इस बीच भाजपा सांसद ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर बंगाल के सीमावर्ती जिलों में अफस्पा कानून लागू करने की मांग कर दी है। भाजपा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो ने यह मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि बंगाल के सीमावर्ती जिलों को अफस्पा कानून के तहत अशांत इलाके घोषित कर देना चाहिए क्योंकि इन जिलों में हिंदुओं पर बार-बार हमले हो रहे हैं।

**'ये है तृणमूल कांग्रेस'**

### पूनावाला बोले, सांसद पठान कत्लेआम के पल का आनंद ले रहे



मुर्शिदाबाद जिले में हिंसा ने एक बड़ा रूप ले लिया। केंद्रीय बलों की तैनाती हुई। इसी बीच टीएमसी सांसद और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान की एक इंस्टाग्राम पोस्ट पर विवाद खड़ा हो गया है। पठान ने एक पोस्ट में चाय पीते और आराम करते हुए कुछ तस्वीरें शेयर की थीं, जिसके बाद उनकी आलोचना शुरू हो गई। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि बंगाल जल रहा है। हाई कोर्ट ने खुद कहा है कि वह आंखें बंद नहीं रख सकता। पठान चाय की चुस्की ले रहे। कत्लेआम देख रहे।

**अजय आलोक ने बंगाल सरकार को घेरा**

### ममता सरकार हिंसा रोकने में पूरी तरह से फेल



इस मुद्दे पर भाजपा नेता अजय आलोक ने कहा कि बंगाल में पलायन शुरू हो चुका है और हिंदुओं पर हमले भी हो रहे हैं। आलोक ने कहा कि बंगाल की हालत बहुत चिंताजनक है। मुझे लगता है कि बंगाल के हिंदू ज्वालामुखी के मुहाने पर बैठे हुए हैं। पलायन शुरू हो गया है और हिंदुओं पर हमले भी हो रहे हैं। की लोगों को भागना पड़ा।

#### राज्य सरकार आंख मूंदकर घटनाओं को देख रही

आगे कहा कि 1947 में जिस तरीके की हिंसा हुई थी, उस तरीके की एक बार फिर से हिंसा हो रही है और वह दिन याद आ रहे हैं। मुर्शिदाबाद और मालदा में भी कुछ वैसे ही हालात हैं। राज्य सरकार आंखें मूंदकर इन सारी घटनाओं को देख रही है और इस्लामिक जिहादियों को सरपरस्ती दे रही है, जिससे उनका मनोबल और भी बढ़ रहा है। कानून व्यवस्था के मुद्दे पर ममता सरकार पूरी तरह से फेल हो गई है।

**बरेलवी की अपील**

### उग्र प्रदर्शन का हिस्सा ना बनें मुस्लिम, नुकसान होगा



मौलाना बरेलवी ने मुसलमानों से अपील की है कि वे उग्र प्रदर्शन का हिस्सा ना बनें और शांति बनाए रखें। उन्होंने जोर देकर बोला है कि ऐसे प्रदर्शनों से नुकसान ज्यादा हो जाता है।

**गृह राज्यमंत्री राय ने कहा**

### तुष्टिकरण के कारण हिंदुओं को अपमानित और प्रताड़ित किया जा रहा



केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानन्द राय ने बंगाल में हो रही हिंसक झड़पों को लेकर कहा कि सीएम ममता बेनर्जी की तुष्टिकरण की राजनीति के कारण हिंदुओं को अपमानित और प्रताड़ित होना पड़ रहा है। पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान राय ने कहा कि मुर्शिदाबाद ही नहीं, वहां के अन्य इलाकों में भी आज हिंदुओं को मारा जा रहा है, उनकी हत्या की जा रही है, उनकी प्रतिष्ठा लूटी जा रही है और संपत्ति जलाई जा रही है।

#### राजद और कांग्रेस को भी इसका परिणाम भोगना पड़ेगा

उन्होंने कहा कि बिहार के लोग भी इन घटनाओं को अच्छी तरह से देख रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस को समर्थन देने वाला राजद और कांग्रेस को भी इसका परिणाम भोगना पड़ेगा।

**स्थानीय लोगों ने लगाई गुहार**

### आतंक फैलाया जा रहा, राष्ट्रपति शासन लगे

स्थानीय लोगों ने केंद्र सरकार से राज्य में राष्ट्रपति शासन की मांग की है। लोग पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगा रहे है। लोग केंद्र सरकार से राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यहां पर हर शुक्रवार को नमाज के बाद आतंक फैलाया जाता है। यहां गुंडागर्दी चलती है। आराजकता चल रही है।

**सुवेंदु अधिकारी का गंभीर आरोप**

### करीब 500 हिंदुओं को करना पड़ा पलायन



विपक्ष के नेता और भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने बताया है कि अभी भी बड़ी संख्या में हिंदू समुदाय के लोग धूलियन, मुर्शिदाबाद से 500 हिंदू, धर्मांध तत्वों के डर से मजबूर होकर नदी पार कर मालदा के बैष्णबनगर के देओनापुर-सोवापुर ग्राम पंचायत स्थित पर लालपुर हाई स्कूल में शरण लेने को विवश हुए।

**जलियांवाला बाग हत्याकांड**

# राष्ट्रपति-पीएम ने श्रद्धांजलि दी, 'स्वतंत्रता' को मिली दिशा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि मैं जलियांवाला बाग में मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन करती हूं। उनका बलिदान स्वतंत्रता संग्राम की धारा को और प्रबल बना गया। ऋणी भारतवर्ष सदा उनका स्मरण करता रहेगा। पीएम मोदी ने भी शहीदों को याद करते हुए कहा कि यह हत्याकांड भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक बड़ा मोड़ था। हम शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। कई पीढ़ियां उनके अदम्य साहस और बलिदान को हमेशा याद रखेंगी। यह इतिहास का एक काला अध्याय है, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन को एक नई दिशा दी।

## विंध्यवासिनी देवी की पूजा



**मिर्जापुर।** यहां विंध्याचल धाम में निकशी पूजा उत्सव के अवसर पर भक्त गंगा नदी का पवित्र जल लेकर विंध्यवासिनी देवी की पूजा करने के लिए कतारों में प्रतीक्षा कर रहे हैं।

कांग्रेस नेता बाजवा के बयान से प्रदेश में मच गया तूफान

# पंजाब में 50 बम आए, अभी 32 बम फटने के लिए बचे और घर पहुंच गई पुलिस

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़



पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा के बयान से सियासी तूफान मचा है। उन्होंने एक मीडिया चैनल में दावा किया कि पंजाब में 50 बम आए हैं। इनमें से 18 फट चुके हैं और 32 अभी भी बाकी हैं। इसके तुरंत बाद काउंटर इंटेलिजेंस, पंजाब पुलिस की एक टीम विपक्ष के नेता के आवास पर पहुंच गई और उनके पूछताछ की।

**मान बोले- आपका पाकिस्तान से कनेक्शन तो नहीं**

### सूत्रों का खुलासा नहीं करूंगा: बाजवा



बाजवा ने कहा कि मेरे सूत्रों ने मुझे चेतावनी दी है कि पंजाब में कई बम आए हैं। मेरे सूत्र ने मुझे बताया कि मुझे सचेत रहना चाहिए। मैंने पूरा सहयोग किया है और काउंटर इंटेलिजेंस के साथ पूरा सहयोग करूंगा। हमारा काम लोगों को बचाना और पंजाब सरकार की मदद करना है। मैंने एजेंसी को सब बता दिया है।

**मान ने बाजवा पर बोला हमला- बताएं किसने ये बम भेजे?**

पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि अगर बाजवा ने बम होने की जानकारी दी है, तो उनका पाकिस्तान से क्या कनेक्शन है कि वहां के आतंकी सीधे उन्हें फोन करके बता रहे हैं कि उन्होंने कितने बम भेजे हैं? यह जानकारी न तो इंटेलिजेंस के पास है और न ही केंद्र को।

हाई कोर्ट ने धामी सरकार के बुलडोजर एक्शन पर उठाए सवाल

# रसूखदारों पर क्यों नहीं हुई कार्रवाई फिलहाल सरकार के आदेश पर रोक

## प्रार्थना पत्र पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई की

एजेंसी ▶▶ नैनीताल

हाईकोर्ट ने देहरादून जिले के विकासनगर क्षेत्र में झुग्गियों पर शुरू हुई बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर दायर प्रार्थना पत्र पर शनिवार शाम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई की। इन बस्ती वालों के विशेष अंतरिम राहत के अनुरोध पर चीफ जस्टिस जी. नरेंद्र एवं जस्टिस आशीष नैथानी की खंडपीठ ने कार्रवाई संबंधित आदेश पर रोक लगा दी है।

### सुनवाई का अवसर क्यों नहीं दिया जा रहा?





हाई कोर्ट ने उत्तराखंड की धामी सरकार से पूछा है कि रसूखदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई और झुग्गीवालों को सुनवाई का अवसर क्यों नहीं दिया जा रहा है? कोर्ट ने सरकार को 15 अप्रैल तक स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। सरकार की ओर से बताया गया कि याचिकाकर्ताओं को पूर्व में भी नोटिस दिए गए हैं।

**मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने सुनाया फैसला**

शनिवार को अवकाश के बाद भी मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ में प्रभावितों के प्रार्थना पत्रों पर विशेष सुनवाई हुई। खंडपीठ ने इस पर सख्त नाराजगी जताते हुए नोटिसों के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी।

खाटूश्याम जी मंदिर में उमड़ी लाखों की भीड़, पैर रखने की जगह नहीं

# गर्मी से लाइन में खड़े-खड़े बेहोश होकर गिरे श्रद्धालु

एजेंसी ▶▶ सीकर

राजस्थान के सीकर जिले के प्रसिद्ध खाटूश्याम जी मंदिर परिसर में रविवार को लाखों की भीड़ उमड़ पड़ी। यहां आए श्रद्धालु मंदिर परिसर में ही बेहोश होकर गिर रहे हैं। हनुमान जयंती के बाद रविवार को श्रद्धालुओं की ये भीड़ उमड़ी है। गर्मी में श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। गर्मी से श्रद्धालुओं का बुरा हाल हो गया।

रविवार के चलते मंदिर परिसर में ज्यादा भीड़ हो गई। लाइन में लगे श्रद्धालु गर्मी के कारण बेहोश होकर गिर जा रहे हैं। जिले के आसपास चार पहिया गाड़ियों की लंबी कतार लगी हुई है। सीकर जिले में ट्रैफिक जाम की भी समस्या बन गई है।

> गाड़ियों की लंबी कतारें लगी सीकर में जाम की समस्या बढ़ी




**यह हिंदुओं का प्रमुख धार्मिक स्थल**

खाटूश्याम जी मंदिर राजस्थान के सीकर जिले में खाटू गांव में स्थित एक प्रसिद्ध हिंदू तीर्थ स्थल है, जो भगवान श्रीकृष्ण के अवतार खाटू श्याम को समर्पित है। इसे 'हारे का सहारा' और 'लखदातार' के नाम से भी जाना जाता है।

**दर्शन को जा रहे थे, कार ट्रेलर से टकराई**

### परिवार के 5 लोगों की मौके पर ही मौत

जिले के जमवारामगढ़ क्षेत्र में रविवार सुबह सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के 5 सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा मनोहरपुर-दौसा नेशनल हाईवे पर स्थित नेकावाला टोल प्लाजा के पास उस वक्त हुआ, जब लखनऊ से आए एक परिवार की कार सामने से आ रहे ट्रेलर से भिड़ गई। घटना सुबह करीब 8 बजे की बताई जा रही है। हादसे में दो पुरुष, दो महिलाएं और एक साल का एक मासूम शामिल हैं। सभी मृतक एक ही परिवार से हैं।



सियाचिन में ऑपरेशन मेघदूत के 41 साल पूरे हुए

# सियाचिन के सपूतों को हिंदुस्तान का सलाम: विश्व के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र पर फहराया दिया भारत का विजयी... 'तिरंगा'

- मेघदूत दुनिया का अब तक का सबसे लंबा सैन्य अभियान
- 13 अप्रैल 1984 को शुरू हुआ था ऑपरेशन मेघदूत
- 22 हजार की ऊंचाई पर बर्फ से ढके पहड़ों पर पहुंचे थे जवान
- सियाचीन मतलब आम आदमी का जीना मुश्किल
- सियाचीन में बर्फ की मोटी चादर लगातार खिसकती रहती है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हर साल 13 अप्रैल को 'सियाचिन दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जो 1984 में शुरू किए गए 'ऑपरेशन मेघदूत' की याद दिलाता है। यह वह दिन है जब भारतीय सेना ने दुनिया के सबसे ऊंचे और सबसे कठिन युद्धक्षेत्र – सियाचिन ग्लेशियर पर अपने झंडे गाड़े थे। बता दें कि वर्ष 1984 में पाकिस्तान की संभावित सैन्य कार्रवाई की जानकारी मिलने के बाद भारत ने सियाचिन ग्लेशियर पर रणनीतिक स्थानों को सुरक्षित करने के लिए ऑपरेशन मेघदूत शुरू किया।

### क्यों है सियाचिन इतना खास?

*सियाचिन ग्लेशियर का क्षेत्र पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके), अक्साई चिन और शक्सगाम घाटी से सटा हुआ है, जिसे पाकिस्तान ने 1963 में चीन को सौंप दिया था। यह भारत के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण इलाका है क्योंकि इससे दुश्मन की हरकतों पर नजर रखी जा सकती है। इसके साथ ही यह स्थान लेह से गिलगित आने-जाने वाले रास्तों को भी नियंत्रित करता है, जिससे इसकी सैन्य और रणनीतिक अहमियत और बढ़ जाती है।*

### भारतीय वायुसेना की अतुल्य भूमिका

ऑपरेशन मेघदूत में भारतीय वायुसेना की एक अतुल्य भूमिका रही। वायुसेना ने एएन-12, एएन-32 और आईएल-76 जैसे एयरक्राफ्ट के जरिए सैनिकों और सामान को ऊंचाई वाले हवाई क्षेत्रों तक पहुंचाया। इसके बाद एमआई-17, एमआई-8, चेतक और चीता हेलिकॉप्टरों की मदद से सैनिकों को ग्लेशियर की ऊंची चोटियों तक पहुंचाया गया। इतना ही नहीं वायुसेना के हेलिकॉप्टर 1978 से ही सियाचिन में उड़ान भर रहे हैं, और चेतक हेलिकॉप्टर पहला ऐसा भारतीय हेलिकॉप्टर था जो अक्टूबर 1978 में वहां उतरा था।

### भारतीय सैनिकों का बिलाफोंड ला और सियाला दर्रों पर कब्जा

*जिसके बाद 13 अप्रैल 1984 को भारतीय सैनिकों ने बिलाफोंड ला और सियाला दर्रों पर कब्जा कर लिया और पूरे सियाचिन क्षेत्र पर अपना नियंत्रण ले लिया। यह ऑपरेशन लेफ्टिनेंट जनरल एम.एल. छिब्बर, लेफ्टिनेंट जनरल पी.एन. हून और मेजर जनरल शिव शर्मा के नेतृत्व में शुरू हुआ था। इसमें भारतीय सेना और वायुसेना के बीच बेहद मजबूत तालमेल देखने को मिला। इस वर्ष ऑपरेशन मेघदूत की 41वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। यह दिन उन वीर सियाचिन योद्धाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना देश की रक्षा की और दुश्मनों की हर कोशिश को नाकाम किया।*

## खबर संक्षेप

### रूस ने यूक्रेन पर दागी मिसाइलें, 20 की मौत



**कीव।** यूक्रेन के सूमी शहर में रविवार को रूस के मिसाइल हमले में 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई। शहर के कार्यवाहक महापौर और यूक्रेन के महाभियोजक कार्यालय ने यह जानकारी दी। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार रविवार को लोग पाम संडे मनाने एकत्र हुए थे, तभी पूर्वाह्न लगभग सवा 10 बजे बैलिस्टिक मिसाइल से यह हमला हुआ। आधिकारिक चैनलों पर प्रसारित घटना की वीडियो में जमीन पर शव पड़े हुए दिख रहे हैं और आसपास मलबा पड़ा हुआ है।

### पाक पुलिस के दल पर हमला, चार की मौत



**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने आबकारी पुलिस के सचल दस्ते पर गोलीबारी की जिसमें एक उपनिरीक्षक समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बंदूकधारियों ने नौशेरा जिले के तारू जब्बा में मुख्य जीटी रोड पर आबकारी पुलिस के सचल दस्ते को निशाना बनाया। गोलीबारी में एक उपनिरीक्षक, दो कांस्टेबल और एक चालक समेत चार लोगों की मौत हो गई। इस घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।

## भारत-अफ्रीकी देशों का संयुक्त अभ्यास शुरू

# समुद्री डकैतों से निपटने और जहाजों की सुरक्षा के दांव-पेच सीखेंगे सैनिक

साझेदारी पर केंद्रित टेबल टॉप और कमांड पोस्ट अभ्यास भी किया जाएगा

*एंटी-पायरेसी यानी समुद्र में डकैती-रोधी ऑपरेशनों का अभ्यास करना शामिल*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अफ्रीकी देश समुद्री डकैती तथा अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ रविवार से एक बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास 'अफ्रीका इंडिया की मैरीटाइम इंगेजमेंट' (ऐक्यमेय) में शामिल हो रहे हैं। संस्कृत में 'ऐक्यमेय' का अर्थ एकता होता है। यह समुद्री अभ्यास दार-ए-सलाम, तंजानिया में किया जा रहा है। विभिन्न देशों की नौसेनाओं के बीच 13 से 18 अप्रैल तक हो रहे इस अभ्यास में कोमोरस, जिबूती, एरिट्रिया, केन्या, मेडागास्कर, मॉरीशस, मोजाम्बिक, सेशेल्स और दक्षिण अफ्रीका जैसे देश भाग ले रहे हैं। इस अभ्यास में सबसे पहले हार्बर चरण है जो रविवार से शुरू हुआ है। आगामी 15 अप्रैल तक इस चरण के दौरान कई सैन्य गतिविधियां योजनाबद्ध हैं। तंजानियन पीपल्स डिफेंस फोर्स के सहयोग से सीमैनशिप और विजिट, बोर्ड, सर्च एंड सीजर प्रशिक्षण भी होगा।

इन गतिविधियों में एंटी-पायरेसी यानी समुद्र में डकैती-रोधी ऑपरेशनों का अभ्यास करना शामिल है। सूचना साझेदारी पर केंद्रित टेबल टॉप और कमांड पोस्ट अभ्यास भी किया जाएगा। तंजानियन पीपल्स डिफेंस फोर्स के सहयोग से सीमैनशिप और विजिट, बोर्ड, सर्च एंड सीजर प्रशिक्षण भी होगा।

**सभी देश एक दूसरे से साझा करेंगे अपने-अपने अनुभव**

### आम नागरिक देखेंगे जहाज

*स्थानीय जनता के साथ जुड़ाव के लिए भारतीय नौसैनिक जहाजों को आम नागरिकों के लिए खोला जाएगा। इस बीच, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी तंजानिया पहुंच चुके हैं। उन्होंने वहां भारत के उच्चायुक्त बिश्वदीप डे और अन्य अधिकारियों से मुलाकात की। रक्षा राज्यमंत्री के मुताबिक, यहां उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डॉ. इमैनुएल नचिंबी से उनकी आत्मीय मुलाकात भी हुई।*



### ये देश हुए शामिल

- कोमोरस
- जिबूती
- एरिट्रिया
- केन्या
- मेडागास्कर
- मॉरीशस
- मोजाम्बिक
- सेशेल्स
- दक्षिण अफ्रीका

### नौसैनिक अभ्यास 'ऐक्यमेय' का उद्घाटन समारोह भी हुआ

इस सैन्य अभ्यास का हिस्सा बनने के लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस चेन्नई और आईएनएस केसरी भी तंजानिया के दार-ए-सलाम बंदरगाह पर पहुंच चुके हैं। नौसैनिक अभ्यास 'ऐक्यमेय' के उद्घाटन समारोह की सह-मेजबानी इन जहाजों पर तंजानियन पीपल्स डिफेंस फोर्स के साथ की जा रही है। तंजानिया में भारतीय जहाजों का स्वागत किया गया। आईएनएस चेन्नई पर एक भव्य गार्ड ऑफ ऑनर का आयोजन किया गया। तंजानियन पीपल्स डिफेंस फोर्स और भारतीय नौसेना के बैंड द्वारा दोनों देशों के राष्ट्रगान बजाए गए। भारतीय नौसेना द्वारा शुरू की गई यह पहल मित्र देशों की नौसेनाओं के बीच इंटरऑपरेबिलिटी और संयुक्त संचालन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### आईएनएस चेन्नई पर भव्य गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

हार्बर फेज में उद्घाटन समारोह और एक औपचारिक डेक स्वागत समारोह का आयोजन हुआ जिसमें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और तंजानिया के रक्षा मंत्री मुख्य अतिथि रहे। भारतीय नौसेना द्वारा शुरू की गई यह पहल मित्र देशों की नौसेनाओं के बीच इंटरऑपरेबिलिटी और संयुक्त संचालन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह भारत और अफ्रीकी देशों के बीच मजबूत और मैत्रीपूर्ण संबंधों को भी रेखांकित करता है। भारत और अफ्रीका समुद्री सुरक्षा को अत्यधिक महत्व देते हैं। समुद्री सुरक्षा के लिए खतरों जैसे समुद्री डकैती, तस्करी सहित अवैध गतिविधियों, अनियमित और अप्रतिबंधित मछली पकड़ने से निपटने में सूचना और निगरानी साझा करने के माध्यम से सहयोग बढ़ाने के लिए इन देशों ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

## दोनों देशों के बीच रिश्तों पर बोले

# भारत और यूएई के पास है दूरदृष्टि वाला नेतृत्व

एजेंसी ▶▶ दुबई

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सांसद अली राशिद अल नूमी ने कहा कि भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत करने का यह सही समय है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के पास दूरदृष्टि वाला नेतृत्व है। सांसद नूमी ने यह बात दुबई में चल रहे वैश्विक न्याय, प्रेम और शांति शिखर सम्मेलन में कही। रक्षा मामलों, आंतरिक और विदेश मामलों की समिति अध्यक्ष नूमी ने शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि अलगाव कभी समाधान नहीं रहा है।



दोनों देशों को दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, हमारे पास दूरदृष्टि वाला सही नेतृत्व है, जो चुनौतियों को समझता है और अवसरों को देख सकता है।

हमारे द्विपक्षीय संबंधों पर ध्यान केंद्रित करना और इस अवसर का लाभ उठाना बहुत महत्वपूर्ण है। सांसद नूमी ने आगे कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से हम जिस पुरानी व्यवस्था को जानते थे, वह अब खत्म हो चुकी है।

### गांधी के मूल्यों को अपनाएं

मॉरीशस की पूर्व राष्ट्रपति अमीना गुरीब-फकीम ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में आयोजित किया गया है, जब असमानताओं से निपटने की तत्काल आवश्यकता है। अनिश्चितता के इस दौर में 'समृद्ध' और 'वंचित' के बीच मतभेद बढ़ रहे हैं। मेरे लिहाज से असमानता सबसे खराब मुद्दा है, जिससे तत्काल निपटने की जरूरत है। अमीना ने कहा कि न्याय, शांति और प्रेम कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें महात्मा गांधी ने बहुत पहले ही मानवीय चेतना में शामिल कर दिया था। उन्होंने कहा, हमें बस उन्हें आज की कहानी में वापस लाने की जरूरत है। इसलिए, हमें इस संवाद की आवश्यकता है।

### व्यापार असीमित, संवाद की जरूरत

हम बदलाव के चौराहे पर खड़े हैं। यह सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि हमें बातचीत करने की जरूरत है, क्योंकि अलग चलने से हमें ही नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि हमें जीत का फॉर्मूला अपनाने के लिए एक साथ आना होगा और यह संभव भी है।

## 33 बीमारियों का बनाया था बहाना

# तहव्वुर राणा को था कैंसर का शक, किडनी भी ठीक नहीं!




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आतंकी तहव्वुर राणा किसी भी तरह से भारत नहीं आना चाहता था। उसने हर हथकंडा अपनाया। मगर काम नहीं आया। बस उसे इतना ही हासिल हो सका कि प्रत्यर्पण में भारत को देरी का सामना करना पड़ा। मगर अब तहव्वुर राणा भारतीय एजेंसियों के शिकंजे में है। तहव्वुर राणा ने अपने प्रत्यर्पण को रोकने की खातिर हर कानूनी दांव पेंच को अपनाया।फरवरी में पीएम मोदी के सामने डोनाल्ड ट्रंप ने राणा को भारत भेजने का एलान किया था। इसके बाद उसने अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के सामने भारत न भेजने की अपील की थी। उसने दावा किया था कि वह पाकिस्तान मूल का है। इस वजह से उसे वहां प्रताड़ित किया जा सकता है। मगर सुप्रीम कोर्ट ने उसकी अपील को खारिज कर दिया।

### राणा की बहानेबाजी नहीं चल पाई

मुकदमे के इंतजार में राणा स्वास्थ्य कारणों से भारत में ही मर सकता है। कैंसर का भी जताया शक, लेकिन बात नहीं बन पाई। वकील ने तर्क दिया कि भारत भेजने पर राणा को यातना झेलनी पड़ेगी, क्योंकि वह पाकिस्तान मूल का मुसलमान है। अपने पत्र में आगे लिखा कि लॉस एंजिल्स की जेल में पांच साल की कैद के बाद राणा की सेहत और खराब हो चुकी है। राणा को पार्किंसंस रोग है। उसकी सोचने-समझने की क्षमता भी कम हुई है। इसके अलावा वह बार-बार पेशाब आने और याददाश्त की समस्या से जूझ रहा है। वकील ने कहा कि राणा के मूत्राशय में एक गांठ है। संदेह है कि ये कैंसर हो सकता है।

### पत्र में किया था बीमारियों का जिक्र

*तहव्वुर राणा के वकील जॉन डी क्लाइन ने 21 जनवरी 2025 को अमेरिकी विदेश विभाग को एक पत्र लिखा। इसमें उन्होंने प्रत्यर्पण रोकने की कोशिश की। इसके पीछे 33 से अधिक स्वास्थ्य कारणों और भारत में मिलने वाली यातनाओं का हवाला दिया। हालांकि अमेरिकी प्रशासन ने उनकी एक नहीं सुनी।*

चीन की अमेरिका से अपील, कहा-

## जवाबी टैरिफ को पूरी तरह किया जाए खत्म

**बीजिंग।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ खास इलेक्ट्रॉनिक सामानों को जवाबी टैरिफ से छूट देने का ऐलान किया था। इसमें स्मार्टफोन, लैपटॉप और कुछ अन्य तकनीकी उपकरण भी शामिल किए गए हैं। इसे लेकर चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका जवाबी टैरिफ को जैसी गलत नीति को रद्द करे और आपसी सम्मान के सही रास्ते पर लौट आए। जवाबी टैरिफ को लेकर अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध छिड़ा है। दोनों देश एक-दूसरे पर भारी भरकम टैरिफ लगा रहे हैं।

## रिक्टर स्केल पर 5.5 की तीव्रता

# म्यांमार में फिर भूकंप से कांपी धरती,डर के घरों से भागे लोग



एजेंसी ▶▶ नेपीडा

म्यांमार में रविवार की सुबह-सुबह एक बार फिर से भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए, जिससे दहशत में लोग घर छोड़कर भाग निकले। रविवार की सुबह आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.5 मैग्नीट्यूड मापी गई है। बता दें कि हाल ही में यहां आए भूकंप ने बड़ी तबाही मचाई थी, जिसमें तीन हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, म्यांमार में सुबह 07:54:58 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र जमीन के अंदर 10 किलोमीटर गहराई में ही था। फिलहाल किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। बता दें कि इससे पहले म्यांमार में 28 मार्च 2025 को 7.7 तीव्रता का भयानक भूकंप आया था और इस भूकंप ने पूरे देश में भारी तबाही मचाई थी।

## बांग्लदेशी कोर्ट ने जारी कर दिया वारंट

# शेख हसीना, रेहाना और बच्चों को तत्काल गिरफ्तार कर लो

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के एक कोर्ट ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनकी बहन शेख रेहाना, ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप रिजवाना सिद्दीक और 50 अन्य के खिलाफ राजनीतिक सत्ता का दुरुपयोग करके कथित अवैध भूमि अधिग्रहण के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया। स्थानीय मीडिया के मुताबिक ढाका मेट्रोपोलिटन के वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) द्वारा दायर तीन अलग-अलग आरोपपत्रों पर संज्ञान लेने केबाद यह आदेश पारित किया।



### 53 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र

*एसीसी के सहायक निदेशक (अभियोजन) अमीनुल इस्लाम के हवाले से बताया कि न्यायाधीश हुसैन ने गिरफ्तारी वारंट से संबंधित अमल रिपोर्ट की समीक्षा के लिए 27 अप्रैल की तारीख तय की है। अदालती सूत्रों का हवाला से बताया कि एसीसी ने हाल ही में भूखंड आवंटन में भ्रष्टाचार के तीन अलग-अलग मामलों में हसीना समेत 53 लोगों के खिलाफ अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया है और सभी फरार हैं। कोर्ट के इस फैसले के बाद शेख हसीना के विरोधियों को एक और मौका मिल गया है। अदालत ने राजुक प्लॉट आवंटन मामले में शेख हसीना की बेटी साइमा वाजेद पुतुल और 16 अन्य के खिलाफ भी वारंट जारी किया है। बता दें कि 13 जनवरी को एसीसी के उपनिदेशक ने शेख हेहाना के खिलाफ अधिकार का दुरुपयोग करके पूर्वांचल न्यू टाउन प्रोजेक्ट में 10 कट्टे का प्लॉट हासिल करने का केस दर्ज करवाया था। बाद में इसमें दो अन्य लोगों के नाम भी जोड़ दिए गए।*

## मिडवेस्ट यूनाइटेड स्टेट्स भारत साउथ ईस्ट एशिया और कनाडा की तस्वीर जोड़ी

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की पोस्ट वायरल

# आईएसएस ने जारी की धरती की तश्वीर... अंतरिक्ष से भारत का दिखता है अद्भुत दृश्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

करीब चार दशक पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा जिस तरह से अंतरिक्ष से कहा था कि सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा।

भले ही उस समय ये बात केवल सुनने को मिली थी लेकिन अब हर एक व्यक्ति इसे आसानी से देख रहा है। अप्रैल 1984 का वो दिन याद कीजिए, जब भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा स्पेस की यात्रा पर गए थे। तब स्पेस से उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से बात की थी। जब इंदिरा ने उनसे पूछा कि अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखता है, तो राकेश शर्मा का जवाब था- सारे जहां से अच्छा।

अंतरिक्ष से भारत को देख पाने का ख्वाब हर किसी का भले ही न पूरा हो, लेकिन राकेश शर्मा की ये बात आज भी भारतीयों के मन-मस्तिष्क में बसी हुई है। इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ने अंतरिक्ष से कुछ तस्वीरें जारी की हैं। इसमें भारत की भी तस्वीर है।

**नजारा ऐसा मानो तारों की चादर के नीचे कोई चमकदार हीरे बिछे हों**

### अब वायुमंडल की दिखी चमक

दरअसल, इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट किया, जिसका कैप्शन था- 'जब आप ऊपर तारे, नीचे शहर की रोशनी और पृथ्वी के क्षितिज पर छाई वायुमंडलीय चमक देख सकते हैं।' इसके साथ आईएसएस ने चार तस्वीरें भी पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में मिडवेस्ट यूनाइटेड स्टेट्स, भारत, साउथ ईस्ट एशिया और कनाडा की तस्वीर है। इसमें भारत की तस्वीर देख राकेश शर्मा की तरह आप भी कह उठेंगे कि अंतरिक्ष से भारत सारे जहां से अच्छा दिखता है। इस तस्वीर में अंतरिक्ष के अंधेरे में भारत के शहरों से आ रही रोशनी किसी चमकते हीरे जैसी दिखलाई पड़ती है। भारत के विशाल क्षेत्रफल और घनी आबादी का आभास होता है। तस्वीर को देखकर कई यूजर्स ने अपनी प्रतिक्रिया साझा की है।






# राठी से पंत तक... अब तक सात खिलाड़ियों पर लग चुका है भारी जुर्माना

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग के 18वां सीजन में अब तक 7 खिलाड़ियों पर जुर्माना लग चुका है। कुछ खिलाड़ियों पर उनके व्यवहार के कारण जुर्माना लगा है। कुछ कप्तानों की जेब स्लो ओवर रेट के कारण कटी है। आईपीएल 2025 में जिन खिलाड़ियों की जेब कटी है उनमें ऋषभ पंत और इशांत शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं। इसके अलावा दिग्वेश राठी की जेब विकेट लेने के बाद सेलीब्रेशन के लिए कट चुकी है।

### संजू सैमसन

आईपीएल 2025 के मैच नंबर 23 के दौरान गुजरात टाइटंस के खिलाफ ओवर रेट नियम का उल्लंघन करने के लिए राजस्थान रॉयल्स पर फिर गाज गिरी। इसके कारण कप्तान संजू सैमसन पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया, जबकि बाकी टीम पर 6 लाख रुपए (या उनकी मैच फीस का 25%) का जुर्माना लगाया गया।

### ऋषभ पंत

लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत को भी मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान स्लो ओवर रेट के लिए जुर्माना भुगतना पड़ा। इस तरह पहली बार उल्लंघन करने पर उन पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।

### दिग्वेश राठी : मैच नंबर 13,16 और 19



लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए इस सीजन डेब्यू करने वाले 25 वर्षीय खिलाड़ी ने बल्लेबाज को आउट करने के बाद अपने 'नोटबुक सेलिब्रेशन' किया है। राठी को इसके लिए तीन बार फाइन किया जा चुका है। एक अप्रैल को प्रियांश आर्य को आउट करने के बाद नोटबुक सेलिब्रेशन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। एक डिमेरिट अंक मिला। इसके बाद मुंबई इंडियंस के नमन धीर को आउट करने के बाद नोटबुक सेलिब्रेशन के लिए पर 50 प्रतिशत का जुर्माना लगाया गया। अपने आदर्श सुनील नरेन का विकेट लेने के बाद राठी को 3 डिमेरिट अंक मिला। अब उन पर एक मैच का निलंबन लगने की संभावना है।

### रियान पराग

संजू सैमसन के कप्तानी के लिए उपलब्ध न होने पर रियान पराग ने पहले तीन मैचों में राजस्थान रॉयल्स टीम का नेतृत्व किया। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का बचाव करते हुए टीम निर्धारित समय के भीतर ओवर पूरे करने में विफल रही। पराग पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया क्योंकि यह टीम की पहली गलती थी।

### हार्दिक पांड्या

*मुंबई इंडियंस ने 29 मार्च को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ स्लो ओवर रेट से गेंदबाजी की। मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।*

### रजत पाटीदार

*सात अप्रैल को मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु के बीच हुए हाई-वोल्टेज मुकाबले के दौरान रजत पाटीदार की टीम पर पहली बार स्लो ओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया गया।*

### इशांत शर्मा

*आईपीएल के 18वें संस्करण में गुजरात टाइटंस के लिए खेल रहे इस अनुभवी खिलाड़ी पर मैच नंबर 20 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.2 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट अंक दिया गया।*

# अपने ही घर में टूटा दिल्ली की जीत का क्रम, मुंबई ने 12 रन से हराया



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स का आईपीएल के मौजूदा सत्र में जीत का सिलसिला अपने ही घर में टूट गया जब मुंबई इंडियंस ने उसे रविवार को 12 रन से मात दी। पहले चारों मैच जीतकर इस सत्र में पहली बार अपने मैदान अरुण जेटली स्टेडियम पर खेल रही दिल्ली कैपिटल्स ने 206 रन के लक्ष्य के जवाब में एक समय 11वें ओवर में एक विकेट पर 119 रन बना लिए थे लेकिन आखिरी नौ विकेट 53 गेंद और 74 रन के भीतर गंवा दिए।

दिल्ली की टीम 19 ओवर में 193 रन पर आउट हो गई। मुंबई इंडियंस के इंपैक्ट खिलाड़ी कर्ण शर्मा ने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स और फॉर्म में चल रहे केएल राहुल के कीमती विकेट लिए।

### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित पगबाधा निगम | 18 | 12 | 2 | 1 |
| रियान रिकेलटन बो कुलदीप | 41 | 25 | 5 | 2 |
| सूर्यकुमार का स्टार्क बो कुलदीप | 40 | 28 | 5 | 2 |
| तिलक का पोरेल बो मुकेश | 59 | 33 | 6 | 3 |
| पंड्या का स्टब्स बो निगम | 02 | 04 | 0 | 0 |
| नमन धीर नाबाद | 38 | 17 | 3 | 2 |
| विल जैक्स नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 20 ओवर में 205/5 गेंदबाजी : स्टार्क 3-0-43-0, मुकेश 4-0-38-1, निगम 4-0-41-2, कुलदीप 4-0-23-2, अक्षर 2-0-19-0, मोहित 3-0-40-0.

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मैकगुर्क का जैक्स बो चाहर | 00 | 01 | 0 | 0 |
| अभिषेक पोरेल का धीर बो कर्ण | 33 | 25 | 3 | 1 |
| करुण नायर बो सेंटनेर | 89 | 40 | 12 | 5 |
| केएल राहुल का और बो कर्ण | 15 | 13 | 1 | 0 |
| अक्षर पटेल का यादव बो बुमराह | 09 | 06 | 2 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का धीर बो कर्ण | 01 | 04 | 0 | 0 |
| आशुतोष शर्मा रन आउट | 17 | 14 | 2 | 0 |
| निगम स्ट रिकेलटन बो सेंटनेर | 14 | 08 | 1 | 1 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव रन आउट | 01 | 01 | 0 | 0 |
| मोहित शर्मा रन आउट | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13, योग : 19 ओवर में 193/10 गेंदबाजी : चाहर 3-0-24-1, बोल्ट 2-0-21-0, बुमराह 4-0-44-1, सेंटनेर 4-0-43-2, पंड्या 2-0-21-0, कर्ण 4-0-36-3.

### हैट्रिक रन आउट से मिली जीत

मुंबई ने आखिरी ओवरों में जबर्दस्त फील्डिंग का प्रदर्शन करके तीन बल्लेबाजों को रन आउट किया। आशुतोष 19वें ओवर की चौथी गेंद पर बुमराह को दो रन लेने के प्रयास में रन आउट हुए। अगली गेंद पर कुलदीप यादव और आखिरी गेंद पर मोहित शर्मा भी रन आउट हो गए। इस हार के बाद दिल्ली अब पांच मैचों में आठ अंक लेकर अंकतालिका में दूसरे स्थान पर है जबकि सत्र में छह मैचों में दूसरी जीत के बाद मुंबई इंडियंस सातवें स्थान पर आ गई है।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| दिल्ली | 5 | 4 | 1 | 8 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 4 | 2 | 8 |
| कोलकाता | 6 | 3 | 3 | 6 |
| पंजाब | 5 | 3 | 2 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| राजस्थान | 6 | 2 | 4 | 4 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 6 | 1 | 5 | 2 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



निकोलस पूरन — 349 रन — लखनऊ

नूर अहमद — 12 विकेट — चेन्नई

## आईपीएल : नौ विकेट की जीत से तीसरे स्थान पर आरसीबी

# कोहली 100 फिफ्टी पूरे करने वाले पहले भारतीय, बेंगलुरु ने राजस्थान को रौंदा

एजेंसी ▶▶| जयपुर

फिल सॉल्ट और विराट कोहली के अर्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को नौ विकेट से रौंद दिया।

सॉल्ट और कोहली के बीच पहले विकेट की 92 रन की तेजतर्रार साझेदारी से आरसीबी ने 174 रन के लक्ष्य को 17.3 ओवर में एक विकेट पर 175 रन बनाकर हासिल कर लिया। कोहली टी20 में 100 अर्धशतक बनाने वाले पहले भारतीय बन गए। कोहली ने देवदत्त पडिक्कल के साथ दूसरे विकेट के लिए 83 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

राजस्थान रॉयल्स ने इससे पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के अर्धशतक से चार विकेट पर 173 रन बनाए। जायसवाल ने रियान पराग के साथ दूसरे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी भी की। ध्रुव जुरेल ने अंत में 23 गेंद में दो चौकों और दो छक्कों से नाबाद 35 रन की पारी खेलकर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।



**सर्वाधिक 50+ स्कोर**

| बल्लेबाज | 50+ स्कोर |
|---|---|
| डेविड वॉर्नर | 108 |
| विराट कोहली | 100* |
| बाबर आजम | 90 |
| क्रिस गेल | 88 |
| जोस बटलर | 86 |

### हरी जर्सी पहनकर उतरी रॉयल चैलेंजर्स की टीम



इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 28वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम के खिलाड़ी जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित मुकाबले में रेड जर्सी की जगह ग्रीन जर्सी पहनकर मैदान पर उतरे। खास बात ये है कि यह हरी जर्सी स्टेडियम में मिले कचरे से बनाई गई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु हर आईपीएल सीजन में एक मुकाबला ग्रीन जर्सी पहनकर खेलती है। दरअसल, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए इस रंग की जर्सी पहनकर मैदान पर उतरती है। आरसीबी साल 2011 से ही अपने 'गो ग्रीन' इनिशिएटिव के तहत ऐसा करती आ रही है।

### कोहली ने की वॉर्नर की बराबरी

टी20 में सर्वाधिक अर्धशतकों का रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर के नाम है। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज के नाम इस प्रारूप में कुल 108 अर्धशतक दर्ज हैं। वहीं, दाएं हाथ के बल्लेबाज विराट ने अपना 100वां अर्धशतक जड़कर ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज क्लब की बराबरी कर ली। राजस्थान के खिलाफ मुकाबले में 36 वर्षीय बल्लेबाज ने 39 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस सत्र में यह कोहली से बल्ले से आया तीसरा पचासा है। उन्होंने अबतक खेले छह मैचों में 248 रन बनाए।

### स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी पगबाधा बो हेजलवुड | 75 | 47 | 10 | 2 |
| सैमसन स्टं जितेश बो कृणाल | 15 | 19 | 1 | 0 |
| पराग का कोहली बो यश | 30 | 2 | 3 | 1 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 35 | 23 | 2 | 2 |
| हेटमायर का देवदत्त बो भुवनेश्वर | 09 | 08 | 1 | 0 |
| नितीश राणा नाबाद | 04 | 01 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 173/4
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-32-1, यश 4-0-36-1, हेजलवुड 3-0-26-1, कृणाल 4-0-29-1, लिविंगस्टोन 1-0-8-0, सुयश 4-0-39-0.

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का जायसवाल बो कार्तिकेय | 65 | 33 | 5 | 6 |
| विराट कोहली नाबाद | 62 | 45 | 4 | 2 |
| देवदत्त पडिक्कल नाबाद | 40 | 28 | 5 | 1 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 17.3 ओवर में 175/1
गेंदबाजी : आर्चर 4-0-36-0, देशपांडे 2-0-21-0, संदीप 2.3-0-29-0, तीक्षणा 2-0-21-0, कार्तिकेय 3-0-25-1, हसरंगा 3-0-33-0, पराग 1-0-10-0.

### बार्सिलोना ने ला लिगा में मजबूत की अपनी बढ़त

**बार्सिलोना।** बार्सिलोना ने रेलीगेशन का खतरा झेल रहे लेगानेस को आत्मघाती गोल की मदद से 1-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपनी बढ़त मजबूत कर ली। मैच का एकमात्र गोल 48वें मिनट में हुआ जब राफिन्हा के खतरनाक क्रॉस को लेगानेस के डिफेंडर जॉर्ज साएंज़ ने अपने ही नेट में डाल दिया। इस जीत से बार्सिलोना ने अपने करीबी प्रतिद्वंदी रियल मैड्रिड पर सात अंकों की बढ़त बना ली है। बार्सिलोना के अब 31 मैच में 70 अंक हो गए हैं जबकि रियल मैड्रिड के 30 मैच में 63 अंक है और वह दूसरे स्थान पर है।

### मार्टेंस ने बनाया तैराकी का विश्व रिकॉर्ड



**स्टॉकहोम।** ओलंपिक चैंपियन जर्मनी के लुकास मार्टेंस ने 'स्विम ओपन स्टॉकहोम' में पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल में रिकॉर्ड बनाया। मार्टेंस ने शनिवार को पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा तीन मिनट 39.96 सेकंड में पूरी की जिससे वह तीन मिनट 40 सेकंड के बैरियर को तोड़ने वाले पहले तैराक बन गए।

## खबर संक्षेप



### 300 टी20 मैच खेलने वाले पहले पेसर बने भुवनेश्वर

**नई दिल्ली।** भुवनेश्वर कुमार ने बेंगलुरु के खिलाफ रविवार को मुकाबले के दौरान एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। वह टी20 क्रिकेट में 300 मैच खेलने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने आईपीएल 2025 में 6 विकेट चटकाए हैं और खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उन्होंने 316 विकेट लिए हैं। भुवनेश्वर कुमार टी20 क्रिकेट में 300 मैच खेलने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या सबसे ज्यादा टी20 मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 291 टी20 मैच खेले हैं और जारी सीजन में अगर वह सभी मैच खेलते हैं तो वह भी 300 का आंकड़ा पार कर सकते हैं।

### मैच से पहले हनुमान गढ़ी पहुंचे चेन्नई के खिलाड़ी

**अयोध्या।** लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मुकाबले से पहले चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ियों ने रविवार को अयोध्या स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान टीम के नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और ऑलराउंडर श्रेयस गोपाल नजर आए। उनके साथ फ्रेंचाइजी के मालिक भी दिखे। बता दें कि, चेन्नई का सोमवार को लखनऊ से सामना होगा। यह मैच इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसमें सीएसके जीत की पटरी पर लौटने उतरेगी।

### खिताबी मुकाबले में भिड़ेंगे मध्य प्रदेश और पंजाब



**झांसी।** मध्य प्रदेश और पंजाब ने रविवार को यहां सेमीफाइनल में क्रमशः मणिपुर और उत्तर प्रदेश को हराकर राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल मैच में मध्य प्रदेश ने कप्तान यूसुफ अफ्फान और अली अहमद के दो दो गोल की मदद से मणिपुर को 5-3 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दूसरे सेमीफाइनल में पंजाब ने उत्तर प्रदेश को करीबी मुकाबले में 4-3 से हराया। जाब के लिए जसजीत सिंह कुलार ने दो गोल किए जबकि हरजीत सिंह और जुगराज सिंह ने एक-एक गोल किया।

फुटबॉल

## बार्सिलोना ने करीबी जीत से ला लिगा में मजबूत की अपनी बढ़त



एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

बार्सिलोना ने रेलीगेशन का खतरा झेल रहे लेगानेस को आत्मघाती गोल की मदद से 1-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपनी बढ़त मजबूत कर ली।
मैच का एकमात्र गोल 48वें मिनट में हुआ जब राफिन्हा के खतरनाक क्रॉस को लेगानेस के डिफेंडर जॉर्ज साएंज़ ने अपने ही नेट में डाल दिया। इस जीत से बार्सिलोना ने अपने करीबी प्रतिद्वंदी रियल मैड्रिड पर सात अंकों की बढ़त बना ली है। बार्सिलोना के अब 31 मैच में 70 अंक हो गए हैं जबकि रियल मैड्रिड के 30 मैच में 63 अंक है और वह दूसरे स्थान पर है। अन्य मैचों में एस्पेनयॉल ने स्ट्राइकर रॉबर्टो फर्नांडीज के दो गोल की मदद से सेल्टा विगो पर 2-0 से जीत हासिल की जबकि साइल लारिन और सेर्गी डार्डर के गोल की मदद से मैलोर्का ने सैन सेबेस्टियन में रियाल सोसिदाद को 2-0 से हराया। एक अन्य मैच में लास पालमास ने गेटाफे को 3-1 से हरा कर साल की अपनी पहली जीत दर्ज की।

### मैनचेस्टर सिटी ने की शानदार वापसी



**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके क्रिस्टल पैलेस को 5-2 से हराया जिससे उसकी टीम इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर पहुंच गई। क्रिस्टल पैलेस की टीम ने 21 मिनट तक दो गोल की बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन इसके बाद मैनचेस्टर सिटी ने दमदार वापसी की। उसकी तरफ से पहला गोल केविन डी ब्रुइन ने किया। मैनचेस्टर सिटी की तरफ से ब्रूइन के अलावा पहले हाफ में उमर मार्मौश और माटेओ कोवासिक ने गोल किए। जेम्स मैकएटी ने चौथा और निको ओरेली ने पांचवा गोल किया। इस जीत से मैनचेस्टर सिटी अंक तालिका में चेल्सी और न्यूकैसल से ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। वह तीसरे स्थान पर मौजूद नॉटिंघम फ्रॉरेस्ट से दो अंक पीछे है, जिसे एवर्टन ने 1-0 से हराया।

### अल्कारेज ने जीता मोंटे कार्लो खिताब



**मोनाको।** कार्लोस अल्कारेज ने रविवार को यहां चोट से परेशान लोरेंजो मुसेटी को तीन सेट में हराकर मोंटे कार्लो टेनिस खिताब जीत लिया जो उनके कॅरियर का छठा मास्टर्स 1000 खिताब है। अल्कारेज ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए मुसेटी को 3-6, 6-1, 6-0 से हराया। अल्कारेज का मोंटे कार्लो का यह पहला और कॅरियर का टूर स्तर का 18वां खिताब है। यहां जीत के बाद स्पेन का यह 21 वर्षीय खिलाड़ी विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। मुसेटी तीसरे सेट के दौरान दाएं पैर की चोट से परेशान दिखे और उन्होंने 0-3 के स्कोर पर उपचार भी कराया।

## यूक्रेन और स्पेन बिली जीन किंग कप फाइनल्स के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| रेडोम

एलिना स्वितोलिना ने स्विट्जरलैंड की जिल टीचमैन को 6-4, 6-2 से हराया जिससे यूक्रेन पहली बार बिली जीन किंग कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल्स में जगह बनाने में सफल रहा। यूक्रेन ने स्विट्जरलैंड को 2-1 से पराजित किया और इस तरह से ग्रुप ई में शीर्ष पर रहते हुए सितंबर में चीन के शेन्ज़ेन में होने वाले फाइनल्स में प्रवेश किया।

स्पेन ने भी फाइनल्स में अपनी जगह पक्की कर ली है। जेसिका बौज़स मनेरियो ने चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा को 6-4, 6-2 से हराकर स्पेन को 2-0 की अजेय बढ़त दिलाई। बर्नार्डा पेरा ने डेनमार्क की जोहान स्वेनडसेन को हराकर अमेरिका को ग्रुप सी में 2-0 की बढ़त दिला दी। अमेरिका का अगला मुकाबला मेजबान देश स्लोवाकिया से होगा, जिसमें विजेता रहने वाली टीम फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करेंगी। जापान की मोयुका उचिजिमा ने ग्रुप ए में रोमानिया की एंका टोडोनी को 3-6, 7-6 (3), 6-2 से हराने से पहले दो मैच प्वाइंट बचाए। जापान का अगला मुकाबला कनाडा से होगा जिससे फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाली टीम का निर्धारण होगा।



### युवराज और सूर्यकुमार ने लगातार प्रोत्साहित किया

**हैदराबाद।** अपने रिकॉर्ड शतक से फॉर्म में वापसी करने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इसका श्रेय अपने मार्गदर्शक युवराज सिंह और भारत की टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को दिया। अभिषेक ने पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में शनिवार को यहां 55 गेंद पर 141 रन की तूफानी पारी खेली जिससे सनराइजर्स हैदराबाद ने 246 रन के लक्ष्य को बौना साबित करके पिछले चार मैच से चला आ रहा हार का सिलसिला खत्म किया। अभिषेक ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मैं चार दिन से बीमार था। मुझे बुखार था लेकिन मैं खुशनसीब हूं कि मेरे आस-पास युवराज सिंह और सूर्यकुमार जैसे लोग हैं जो लगातार फोन करके मेरा हौसला बढ़ाते रहे। क्योंकि वे जानते हैं कि मैं इस तरह की पारी खेल सकता हूं लेकिन जब आप रन नहीं बना पा रहे होते हो तो आप खुद पर संदेह करने लग जाते हो।



## लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबला आज

# हार का सिलसिला तोड़ने को बेताब चेन्नई सुपर किंग्स

एजेंसी ▶▶| लखनऊ



चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में इससे खराब दौर कभी नहीं देखा है और उसके बल्लेबाजों को सोमवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होने वाले मैच में लगातार हार के सिलसिले पर लगाम लगाने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना ही होगा। सीएसके ने आईपीएल के इतिहास में लगातार पांच मैच कभी नहीं गंवाए हैं जिसमें अपने गढ़ चेपॉक में लगातार तीन मैच में हार मिलना भी पहली दफा हुआ है।

सीएसके को अगर कोई मुश्किल दौर से निकाल सकता है तो वह महेंद्र सिंह धोनी हैं। लेकिन ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद कप्तानी में धोनी की वापसी भी शुक्रवार को टीम के पिछले मैच में उनकी किस्मत नहीं बदल सकी। घरेलू मैदान पर स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजों के संघर्ष को देखते हुए बल्लेबाजों को फॉर्म हासिल करने के लिए घर से बाहर खेलने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

अपने सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज गायकवाड़ की अनुपस्थिति ने टीम की वापसी की कोशिश को और भी मुश्किल बना दिया है। सीएसके पर अपने उन खिलाड़ियों को रखने का आरोप लगाया गया है जो अब अपनी शीर्ष फॉर्म में नहीं हैं। और अब लगातार हार के रिकॉर्ड के बाद यह सवाल फिर से उठने लगा है। उनकी टीम में 'पावर-हिटर' की कमी भी चर्चा का विषय बन गई है क्योंकि धोनी ने खुद स्वीकार किया है कि पावरप्ले में 60 रन बनाने का लक्ष्य भी उनके लिए बहुत महत्वाकांक्षी है।

### लगातार चौथी जीत की तलाश

मेजबान टीम लखनऊ सुपर जायंट्स लगातार चौथी जीत की तलाश में होगी। टीम ने अच्छे अंतर से जीत दर्ज करने के बाद टूर्नामेंट में जरूरी निरंतरता हासिल की है। मुख्य तेज गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण प्रतियोगिता की शुरुआत में उनकी गेंदबाजी सबसे कमजोर कड़ी थी लेकिन शनिवार को गुजरात टाइटन्स पर जीत हासिल करने में गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभाई। आवेश खान, रवि बिश्नोई और शार्दुल ठाकुर जैसे गेंदबाजों ने जिस तरह से गुजरात टाइटन्स की शानदार शुरुआत के बाद लगाम कसी, यह देखना शानदार था। गेंदबाज पारी के अंत में रनों के प्रवाह को रोकने में सक्षम रहे। लखनऊ की पिच पारंपरिक रूप से धीमी है और बल्लेबाजी के लिए बेहतर रही है।

## टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी 15 में होंगे एल्विश यादव

**नई दिल्ली।** कलर्स का रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी को लेकर खबर आई थी कि प्रोड्यूसर से शो से अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। इन खबरों के बीच एल्विश यादव ने अपने नए ब्लॉग कुछ ऐसा कहा है कि जिसके उनके फैंस को लग रहा है कि एल्विश यादव खतरों के खिलाड़ी 15 का हिस्सा होंगे। एल्विश ने कहा कि वो किसी नई जगह जा रहे हैं और एक महीने तक वहीं रहेंगे। एल्विश यादव की इस बात को लेकर फैंस को लग रहा है वो खतरों के खिलाड़ी के शूट पर जा रहे हैं। एल्विश यादव ने एक व्लॉग पोस्ट किया है। वो गाड़ी में बैठे नजर आ रहे हैं और कह रहे हैं, मैं सिर्फ आज के लिए यहां र हूं, फिर निकल जाउंगा दूसरी जगह, तीसरी जगह। इस बार कोई नई जगह है, एक महीने के लिए वहीं हूं। काफी अच्छा प्रोजेक्ट है तुम्हारे भाई का, तो मजा आनेवाला है। इसके बाद व्लॉग में एल्विश अपनी मां से बात करते नजर आते हैं। वो अपनी मां से कहते हैं, बाय बाय, एक डेढ़ महीने के लिए गए हम। डेढ़ महीने के लिएन प्रोजेक्ट आ रहा है अपना बहुत बढ़िया। तो आशीर्वाद दे मां। डेढ़ महीने के लिए बाहर हूं मैं घर के, डेढ़ महीने के बाद ही दिखूंगा, पूरा करके उसको।' एल्विश यादव की इन्हीं बातों को फैंस से लग रहा है कि एल्विश यादव खतरों के खिलाड़ी 15 का हिस्सा हो सकते हैं।

## पराग और प्रेम का सुधरेगा रिश्ता बाप-बेटे लगाएंगे एक-दूसरे को गले

**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल में रविवार को प्रेम और पराग फिर एक बार साथ आ जाएंगे, लेकिन अब मुश्किल यह है कि प्रेम जहां अपनी मां ख्याति को कोठारी मेंशन में वापस चाहता है, तो वहीं आर्यन किसी भी सूरत में अपनी मां को उस छत के नीचे नहीं देखना चाहता। सीरियल की शुरुआत होगी रात को अनुपमा के ख्याति का खयाल रखने से। अगली सुबह जब पूरा परिवार साथ बैठकर बातें कर रहा होगा तब अनुपमा अपनी बेटी राही और प्रेम को सलाह देगी कि उन्हें वापस कोठारी निवास चले जाना चाहिए। अनुपमा कहेगी कि तुम्हारी मां यहां हमारे साथ सुरक्षित है, जिनसे तुम रोज मिल सकते हो, लेकिन तुम्हारे पिता और दादी के प्रति भी तुम्हारी जिम्मेदारियां हैं। अनुपमा समझाएगी कि कोठारी निवास में रहकर तुम अपने पिता और मां को दोबारा करीब ला सकते हो। राही और प्रेम को बात समझ आएगी और दोनों कोठारी मेंशन वापस चले जाएंगे।



# आखिरी वक्त में किशोर कुमार ने मधुबाला से बना ली थी दूरी



**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा जगत में बहुत कम लोग ऐसे रहे जो बहुत कम वक्त में ही सफलता के शिखर पर पहुंचे। मधुबाला उनमें से एक थीं। उनकी जिंदगी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं थी। मधुबाला की जिंदगी जितनी सफल थी, उतनी ही दर्द से भरी भी। उन्हें देखकर कोई यकीन नहीं सकता था कि इस खूबसूरत और मुस्कुराते हुए चेहरे के पीछे इतना दर्द भरा होगा। मधुबाला के निधन के इतने सालों बाद आज पहली बार उनकी बहन, मधुर भूषण ने खुलासा किया कि कैसे एक घातक बीमारी ने उन्हें धीरे-धीरे अंदर से खा लिया, और जब इसका पता चला, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

***होती थी खून की उल्टियां :*** मधुबाला की बहन, मधुर भूषण ने फिल्मफेयर को अपना इंटरव्यू दिया। इस दौरान मधुर ने बताया, 'मधुबाला की बीमारी का पहला लक्षण साल 1954 में तब सामने आया, जब अभिनेत्री बहुत दिन हुए की शूटिंग कर रही थीं। एक दिन, अभिनेत्री, जो केवल 20 साल की थी, अपने दांत ब्रश कर रही थी तभी उन्हें उसी समय खून की उल्टी होने लगी। उनकी हालत देखकर चिंतित दिलीप कुमार ने तुरंत मशहूर डॉ. रुस्तम जल वकील को मुंबई से बुलवाया। टेस्ट के बाद डॉ. रुस्तम ने एक चौंकाने वाली बात बताई कि मधुबाला को वेंट्रिकुलर सेप्टल दोष था या आम भाषा में कहें तो दिल में छेद था।'

***दुनिया से छुपाया बीमारी :*** उन्होंने बताया, 'मधुबाला को उस समय बीमारी का पता चला जब वह अपने करियर के शिखर पर थीं। उस वक्त उनके पास एक नहीं बल्कि कई प्रोजेक्ट्स थे। वो करियर में रुकना नहीं चाहती थीं। उन्होंने दुनिया से अपनी गंभीर बीमारी को छिपाते हुए काम करते रहने का फैसला किया। मधुबाला ने बीमारी के बावजूद खुद को पूरी तरह से काम में डुबो दिया। इस दौरान उन्होंने 'मुगल-ए-आजम' में 'अनारकली' जैसी कई फिल्मों की शूटिंग पूरी की। कई बार वो सेट पर बेहोश जो जाती थीं, लेकिन इस मानसिक की कीमत उन्हें चुकानी पड़ी।


# बॉक्स ऑफिस पर 'जाट' ने दिखाई ताकत



**मुंबई।** सिनेमाघरों में इन दिनों कई बड़ी फिल्में दर्शकों का दिल जीतने की कोशिश कर रही हैं। शनिवार को बॉक्स ऑफिस पर कुछ फिल्मों ने शानदार वापसी की, तो कुछ अब भी रफ्तार पकड़ने की जद्दोजहद में हैं। सनी देओल की 'जाट', अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' के कलेक्शन में अच्छा उछाल देखने को मिला। वहीं, सलमान खान की 'सिकंदर' बॉक्स ऑफिस को अलविदा कहने की तैयारी में नजर आई। सनी देओल की 'जाट'ने शनिवार को शानदार उछाल दर्ज किया। फिल्म ने तीसरे दिन 10 करोड़ रुपए की कमाई की, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 26.5 करोड़ रुपए हो गया है। 100 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म में सनी का देसी अंदाज दर्शकों को खूब पसंद आ रहा हैं। पहले दिन नौ करोड़ 50 लाख रुपएऔर दूसरे दिन सात करोड़ की कमाई के बाद शनिवार का यह उछाल फिल्म के लिए राहत की खबर है। वहीं, अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' ने भी शनिवार को बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया। फिल्म ने 18.5 करोड़ रुपए की शानदार कमाई की और इसका कुल कलेक्शन अब 62.75 करोड़ रुपए हो गया है। 190 करोड़ रुपए के बड़े बजट में बनी इस फिल्म ने पहले दिन 28.5 करोड़ और दूसरे दिन 13.5 करोड़ रुपए कमाए थे। अजित का स्टाइलिश एक्शन और कहानी का रोमांच दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब रहा है। शनिवार की कमाई ने साबित कर दिया कि यह फिल्म अभी भी दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है। हालांकि, अपने बजट को पार करने के लिए इसे अभी और मेहनत करनी होगी।

# 'गरम हवा' में मुस्लिम किरदार निभाने के लिए याद किए जाते हैं बलराज साहनी, नहीं देख पाए थे अभिनय

***नई दिल्ली। 'धरती के लाल', 'दो बीघा जमीन' और 'गरम हवा' जैसी फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता बलराज साहनी की रविवार को पुण्यतिथि थी। वह अपनी एक फिल्म में मुस्लिम का किरदार निभाने के लिए सबसे ज्यादा याद किए जाते हैं, लेकिन वह खुद ये फिल्म नहीं देख सके थे।***



### पढ़ाई के बाद संभाला खानदानी कारोबार

बलराज साहनी एक मई 1913 को ब्रिटिश भारत के पंजाब के रावलपिंडी में पैदा हुए। बलराज साहनी ने अपनी शुरूआती पढ़ाई लाहौर के सरकारी स्कूल में पूरी की। साहनी ने हिंदी में स्नातक किया। उन्होंने लाहौर से अंग्रेजी में परास्नातक की पढ़ाई की। पढ़ाई पूरी करने के बाद बलराज साहनी अपना खानदानी कारोबार संभालने के लिए रावलपिंडी गए।

### बलराज साहनी की उपलब्धियां...

- बलराज साहनी ने पटकथा लेखन में भी हाथ आजमाया। उन्होंने 1951 की फिल्म 'बाजी' लिखी जिसमें देव आनंद मुख्य भूमिका में थे। इसका निर्देशन गुरु दत्त ने किया था।
- बलराज साहनी ने बॉलीवुड के अलावा पंजाबी फिल्म 'नानक दुखिया सब संसार' (1970) और 'सतलुज दे कंडे' में काम किया।
- बलराज साहनी उन कलाकारों मे शामिल हैं, जिन्होंने पद्मिनी, नूतन, मीना कुमारी, वैजयंती माला और नरगिस के साथ काम किया।
- नई पीढ़ी बलराज साहनी को उनके गाने 'ऐ मेरी जोहरा जबीं' के लिए याद करती है। ये गाना 'वक्त' (1965) फिल्म का है।



### सात साल के बाद बॉलीवुड में मिली

बलराज साहनी हमेशा से अभिनय करना चाहते थे। उन्होंने 'इंडियन पीपल थियेटर एसोसिएशन' से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की थी। लंदन से लौटने के बाद साल 1946 में बलराज साहनी ने बॉलीवुड की फिल्म 'इंसाफ' से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की। इसके बाद वह ख्वाजा अहमद अब्बास की फिल्म 'धरती के लाल' और 'दूर चलें' में नजर आए। ये साल 1953 था जब बलराज साहनी ने बिमल राय की फिल्म 'दो बीघा जमीन' में काम किया। इस फिल्म से उन्हें काफी शोहरत मिली। फिल्म को कांस फिल्म फेस्टिवल में अवॉर्ड दिया गया। बलराज साहनी की दूसरी मशहूर फिल्मों में 'काबुलीवाला' और 'वक्त' है।

### इस रोल के लिए सबसे ज्यादा किए जाते हैं याद

बलराज साहनी ने फिल्म 'गरम हवा' में अभिनय किया। इस फिल्म में उन्होंने एक मुस्लिम का किरदार निभाया जो विभाजन के दौरान पाकिस्तान जाने से इंकार कर देता है। साहनी के इस रोल को लोगों ने खूब सराहा। हैरत की बात यह है कि बलराज साहनी इस फिल्म को नहीं देख सके। फिल्म की डबिंग का काम खत्म करने के अगले दिन ही उनका देहांत हो गया।

### शादी और परिवार

बलराज साहनी की पहली शादी साल 1936 में दमयन्ती साहनी से हुई थी। साल 1947 में उनकी पत्नी का देहांत हो गया। साल 1951 में उन्होंने संतोष चंडोक से दूसरी शादी की। बलराज साहनी और दमयन्ती साहनी से एक बेटा परीक्षित साहनी हैं। परीक्षित साहनी भी बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता हैं। हिंदी के बेहतरीन लेखक भीष्म साहनी, बलराज साहनी के भाई हैं। भीष्म साहनी ने कई नाटक लिखे और अभिनय भी किया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930